CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 20°C

नई दिल्ली, शुक्रवार 3 अक्टूबर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 182 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 10 रबी उल सानी 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बरेली बवाल: रडार पर आरोपियों के मकान, इंटरनेट बैन दो दिन और बढ़ा पेज 2



बुमराह भारत में सबसे तेजी से 50 विकेट पूरे करने वाले भारतीय बने खेल टाइम्स




राहुल की कोलंबिया यात्रा से चीन तक सम्पादकीय



अमेरिका में साढ़े सात लाख कर्मचारी छुट्टी पर भेजे गए पेज 12

# राज्य पाठ्यक्रम लागू करने वाले मदरसों को ही मिलेगी मान्यता: धामी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**मुजफ्फरनगर/देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने देवभूमि का धार्मिक और सनातन स्वरूप बचाने के साथ ही यहां संस्कृति के संरक्षण और धर्म आधारित परम्पराओं की सुरक्षा के लिए कई सख्त फैसले लिए हैं। इनमें लैंड, लव और थूक जिहाद पर अंकुश लगाने के साथ ही सीएए और दंगा निरोधी कानून को लागू करना भी शामिल है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार को पृथक राज्य आंदोलन के दौरान हुए रामपुर तिराहा कांड की 31वीं बरसी पर मुजफ्फरनगर स्थित रामपुर तिराहा शहीद स्मारक पर उत्तराखंड आंदोलन के बलिदानियों को श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया और उत्तराखंड आंदोलन के बलिदानियों को याद करते हुए कहा कि राज्य आन्दोलन कारियों के बलिदान से ही उत्तराखंड राज्य का निर्माण संभव हो सका है। इन शहीदों ने भविष्य बनाने के लिए अपना वर्तमान बलिदान कर दिया।

**■ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने कहा: संस्कृति के संरक्षण और धर्म आधारित परम्पराओं की सुरक्षा के लिए कई सख्त फैसले लिए**

हमारी सरकार आंदोलनकारियों और शहीदों के परिजनों के कल्याण के लिए निरंतर संकल्पित है तथा उनके हितों और सम्मान की रक्षा के लिए हर संभव कार्य कर रही है। इन आंदोलनकारियों के अदम्य साहस, बलिदान और संघर्ष के परिणामस्वरूप ही उत्तराखंड के रूप में पृथक राज्य का गठन संभव हुआ। इस राज्य की नींव में इन शहीदों के रक्त की आहुति शामिल है। हमारी सरकार अमर शहीदों के सपनों के अनुरूप प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि लैंड, लव और थूक जिहाद पर अंकुश लगाने के साथ ही सीएए और दंगा निरोधी कानून को लागू करना इसके तहत हरी चादर बिछाकर मजार बनाकर सरकारी भूमि को कब्जाने वाले लोगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हुई और लैंड जिहाद के खिलाफ चले इस अभियान में सरकार ने अभी तक 9 हजार एकड़ भूमि को लैंड जिहादियों से मुक्त कराया। इस कार्रवाई में सरकारी भूमि पर बने 550 मजारों और दो मस्जिदों को हटाया गया। दंगा निरोधी कानून बनाकर दंगाइयों से ही नुकसान की भरपाई की व्यवस्था कराई है। मदरसा बोर्ड की कबिलाई संस्कृति वाली शिक्षा को हटाने के लिए बोर्ड को -**शेष पृष्ठ दो पर**



**नई दिल्ली। पीएम मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर विजय घाट पर श्रद्धांजलि अर्पित की।**

## छत्तीसगढ़-बिहार में बिजली गिरने से 7 मरे व यूपी-एमपी में भी एक-एक की जान गई

**नई दिल्ली।** देश में मानसून सीजन 30 सितम्बर को खत्म हो गया, लेकिन कई राज्यों में बारिश का दौर जारी है। छत्तीसगढ़ में बारिश और बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई है। राज्य के 28 जिलों में गुरुवार से अगले 3 दिनों तक तेज बारिश का अलर्ट है। बिहार के बक्सर और नवादा जिले में बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई। राज्य के 35 जिलों में भारी बारिश के साथ तेज हवाएं और बिजली गिरने की आशंका है। राज्य में 7 अक्टूबर तक बारिश का दौर जारी रहेगा। उत्तर प्रदेश के 36 जिलों में भी बारिश का अलर्ट है। जालौन में बारिश और बिजली गिरने से 100 साल पुराना शिव मंदिर ढह गया। बिजली की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। मध्य प्रदेश के पन्ना में एक व्यक्ति की बिजली गिरने से मौत हो गई।

## लेह हिंसा मामले में गिरफ्तार 26 लोगों को अंतरिम जमानत

**श्रीनगर।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में हाल में हुई हिंसा के मामले में गिरफ्तार किए गए बिहार के दो प्रवासियों सहित 26 लोगों को लेह की एक स्थानीय अदालत ने अंतरिम जमानत दे दी है। गौरतलब है कि अधिक स्वायत्तता और राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर लेह में हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद पुलिस ने लगभग 50 लोगों को गिरफ्तार किया था। प्रदर्शन के दौरान हिंसक झड़पों में चार लोगों की मौत हो गई और 100 से ज्यादा घायल हुए थे। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के नेतृत्व में भूख हड़ताल के 15वें दिन यह झड़पें हुई थी। श्री वांगचुक पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत मामला दर्ज कर उन्हें राजस्थान की जोधपुर जेल भेज दिया गया था, जिन्हें अदालत ने ज़मानत दे दी।

## लेह हिंसा की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश

**श्रीनगर।** लद्दाख प्रशासन ने 24 सितम्बर को लेह में हुई हिंसा की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि इस हिंसा में चार लोग मारे गए थे और सौ से ज्यादा लोग घायल हुए थे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि लेह के जिलाधिकारी ने उप-जिलाधिकारी नुबरा मुकुल बेनीवाल को उन परिस्थितियों की जांच की जिम्मेदारी सौंपी है, जिनके कारण कानून-व्यवस्था बिगड़ी और पुलिस कार्रवाई करनी पड़ी। इस जांच रिपोर्ट को चार हफ्तों में सौंपने का आदेश दिया गया है।

# पाक ने किया दुस्साहस, तो मिलेगा मुंहतोड़ जवाब: राजनाथ

## विजयदशमी पर रक्षा मंत्री की पाकिस्तान को चेतावनी

कच्छ (गुजरात), वार्ता

**यदि पाकिस्तान** की ओर से सर क्रीक क्षेत्र में कोई भी दुस्साहस किया गया, तो उसे ऐसा निर्णायक जवाब मिलेगा कि इतिहास और भूगोल दोनों बदल जाएंगे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विजयदशमी के अवसर पर गुजरात के कच्छ में शस्त्र पूजन कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद भारतीय सेना को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को कड़े शब्दों में चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के सभी उद्देश्यों को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है, लेकिन सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ उसकी लड़ाई जारी रहेगी। भारत न केवल शस्त्रों की पूजा करता है, बल्कि समय आने पर उनका प्रयोग करना भी जानता है। दशहरा के अवसर पर शस्त्र पूजा से पहले गुजरात के भुज स्थित एक सैन्य अड्डे पर सैनिकों के एक समूह को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि शस्त्रों के प्रति समर्पण आसुरी शक्तियों पर दैवी शक्ति की विजय की महानता को दर्शाता है।



**■ पाकिस्तान की नीयत में खोट है: रक्षा मंत्री**
**■ बोले: भारतीय सेना जब चाहे और जहां चाहे पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचा सकती है**

### राजनाथ सिंह ने की एल-70 एयर डिफेंस गन की पूजा

**कच्छ।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को दशहरे पर भुज में एक मिलिट्री बेस का दौरा किया। यहां एल-70 गन डिफेंस सिस्टम समेत शस्त्र पूजा से पहले सैनिकों को संबोधित किया। इस गन का इस्तेमाल ऑपरेशन सिंदूर में किया गया था। एल-70 गन एक मिनट में 300 गोले दागती है। 3,500 मीटर तक टारगेट कर सकती है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराने में एल-70 सिस्टम ने अहम भूमिका निभाई थी। इस दौरान राजनाथ सिंह ने सर क्रीक इलाके में सीमा विवाद को लेकर पाकिस्तान को चेतावनी दी। रक्षा मंत्री ने कहा कि आजादी के 78 साल बाद भी सर क्रीक में सीमा को लेकर विवाद खड़ा किया जाता है। भारत ने कई बार बातचीत के जरिये इसे सुलझाने की कोशिश की है, लेकिन पाकिस्तान की नीयत में खोट है, उसकी नीयत साफ नहीं है। रक्षा मंत्री ने कहा कि जिस तरह से हाल में पाकिस्तान ने सर क्रीक से सटे इलाकों में अपना मिलिट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाया है, वह उसकी नीयत बताता है।

# लोकतंत्र पर हमला भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा: राहुल गांधी

कोलंबिया, वार्ता

**लोकसभा** में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दक्षिणी अमेरिकी राज्य कोलंबिया की ईआईए यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत के सामने सबसे बड़ा खतरा लोकतंत्र पर हो रहे हमले का है। उन्होंने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत जैसे विविधताओं से भरे देश को लोकतंत्र की जरूरत है, लेकिन वर्तमान समय में यह व्यवस्था सभी तरफ से दबाव और हमले झेल रही है।

इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि भारत की तुलना चीन से करना सही नहीं है। चीन एक केंद्रीकृत और एकरूप प्रणाली पर चलता है। भारत विकेंद्रीकृत है, यहां कई भाषाएं, धर्म और परंपराएं हैं। उन्होंने कहा कि भारत का सिस्टम बहुत जटिल है। हमारी ताकत इसी विविधता में है। हम चीन की तरह लोगों को दबाकर तानाशाही नहीं चला सकते। भारत का ढांचा लोकतांत्रिक है और इसे वही तरीका चाहिए, जिसमें सबको जगह और सम्मान मिले। राहुल गांधी ने कहा कि भारत एक संवाद है, जहां अलग-अलग धर्म, विचार और परंपराएं साथ रहती हैं। लोकतंत्र इन सभी को जगह देता है। आज इसी व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला हो रहा है। उन्होंने चेताया कि अगर अलग-अलग भाषाओं, धर्मों और परंपराओं को दबाया गया, तो देश में दरारें गहरी होंगी। कांग्रेस नेता ने इतिहास का उदाहरण देते हुए कहा कि सुपरपावर बनने का सफर ऊर्जा परिवर्तन से जुड़ा होता है।




### विदेश में देश की छवि खराब करना राहुल की आदत

**नई दिल्ली।** भाजपा नेताओं का कहना है कि राहुल गांधी विदेश जाकर भारत की छवि खराब करते हैं और लोकतंत्र की आलोचना का अवसर पाकर देश को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर बदनाम कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने फिर से विदेशी मंच पर भारत को अपमानित किया। उन्होंने कहा कि लंदन में लोकतंत्र की बदनाम, अमेरिका में संस्थानों का मजाक बनाने के बाद अब कोलंबिया में राहुल गांधी ने भारत की छवि को वैश्विक स्तर पर ठेस पहुंचाई।

## निर्भरता भारत की मजबूरी न बने

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि पहलगाम हमले में आतंकियों ने धर्म पूछकर हिंदुओं की हत्या की। हमारी सरकार और सेना ने इसका जवाब दिया।

इस घटना से हमें दोस्त और दुश्मन का पता चला। उन्होंने कहा कि हमें अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में समझ रखनी होगी। पहलगाम घटना हमें सिखा गई कि भले ही हम सभी के साथ दोस्ती का भाव रखते हैं और रखेंगे, लेकिन हमें अपनी सुरक्षा के प्रति और अधिक सजग, समर्थ रहना पड़ेगा। आरएसएस प्रमुख ने यह बात गुरुवार को नागपुर में विजयदशमी पर संगठन के शताब्दी समारोह में कही।

**■ भागवत ने कहा: पहलगाम हमले से दोस्त व दुश्मनों का पता चला**

## राष्ट्रपति मुर्मू ने किया रावण दहन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल किला मैदान पर श्री धार्मिक लीला समिति द्वारा आयोजित विजयदशमी उत्सव में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल हुईं। राष्ट्रपति ने प्रतीकात्मक रूप से तीर चलाकर रावण के पुतले का दहन किया।

उन्होंने कहा कि मानवता अच्छाई की जीत से फलती-फूलती है और भारतीय सेना का ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के रावण पर मानवता की विजय का प्रतीक है। जब आतंकवाद का दानव मानव जाति पर आक्रमण करता है, तो उसका वध करना आवश्यक हो जाता है। भारतीय सेना द्वारा किया गया ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के रावण पर मानवता की विजय का प्रतीक है।



**■ दिल्ली में बारिश के चलते पीएम मोदी का कार्यक्रम रद्द**

## दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बारिश से बदला मौसम

**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत एनसीआर में गुरुवार शाम को अचानक से मौसम बदल गया। सुबह से ही आसमान में हल्के बादल छाए हुए थे। दोपहर होते-होते दिल्ली के कई इलाकों में हल्की बारिश हुई। वहीं शाम को अचानक से दिल्ली, नोएडा में झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश का असर दुर्गा मां के विसर्जन स्थलों पर भी दिखा है। बारिश को लेकर मौसम विभाग ने पहले ही चेतावनी जारी कर दी थी। राजधानी में 4 अक्टूबर से नया तीव्र पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करेगा।

**Global HR Solutions**
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

# भारत-यूरोप के चार देशों में फ्री ट्रेड समझौता लागू

**नई दिल्ली।** भारत और यूरोप के चार देशों (स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन) के समूह ईएफटीए के बीच हुआ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) बुधवार से लागू हो गया।

यह भारत का इन चार विकसित यूरोपीय देशों के साथ पहला एफटीए है। समझौते की खास बात यह है कि इसमें पहली बार निवेश और रोजगार से जुड़ी बाध्यकारी प्रतिबद्धता शामिल है। यानी ये चारों देश अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डॉलर (करीब 8.86 लाख करोड़ रुपये) निवेश करेंगे। इससे प्रत्यक्ष रूप से करीब 10 लाख नौकरियां पैदा होंगी। ईएफटीए ने देश के 99.6 फीसदी निर्यात (92 फीसदी टैरिफ लाइनों) पर शुल्क छूट दी है। भारत ने भी 82.7 फीसदी टैरिफ लाइनों पर रियायतें दीं। हालांकि फार्मा, मेडिकल डिवाइसेज, प्रोसेस्ड फूड, डेयरी, सोया, कोल और कुछ कृषि उत्पादों जैसे संवेदनशील सेक्टर को इस समझौते में सुरक्षा दी गई है। गोल्ड पर कोई बदलाव नहीं होगा, क्योंकि भारत का 80 फीसदी से ज्यादा ईएफटीए से इंपोर्ट गोल्ड का ही होता है। आईटी, शिक्षा, बिजनेस सेवाएं और ऑडियो-विजुअल सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा। नर्सिंग, चार्टर्ड अकाउंटेंसी और आर्किटेक्चर जैसे क्षेत्रों में समझौते से भारतीय पेशेवरों को नए अवसर मिलेंगे। आयात पर लगने वाले शुल्क (टैरिफ) घटने से कई यूरोपीय उत्पाद भारतीय बाजार में सस्ते मिलेंगे। भारत में स्विट्जरलैंड की वाइन, चॉकलेट, कपड़े, बिस्किट, अंगूर, ड्राई फ्रूट्स, सब्जियां, कॉफी और घड़ियों जैसे कई प्रोडक्ट सस्ते हो जाएंगे।



**■ 15 साल में मिलेंगे 10 लाख जॉब, नौ लाख करोड़ का होगा निवेश, सब्जियां-कपड़े सस्ते होंगे**

## संक्षिप्त समाचार

### पति की हत्या में दोषी ब्रिटिश पत्नी को मिली मौत की सजा उम्रकैद में तब्दील

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जनपद के बंडा क्षेत्र के गांव बसंतापुर में नौ साल पहले एनआरआई सुखजीत सिंह की हत्या में दोषी पत्नी रमनदीप कौर को मिली मौत की सजा इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आजीवन कारावास में तब्दील कर दी है। वहीं पत्नी के प्रेमी गुरप्रीत को सुनाई गई उम्रकैद को बरकरार रखा है। रमनदीप कौर और गुरप्रीत सिंह की ओर से शाहज. हांपुर के ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए अपील की गई थी। इस अपील पर न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह, न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह की खंडपीठ ने फैसला सुनाते कहा कि वक्त अदालत को कल्पना और पूर्वाग्रह से दूर रहना चाहिए, ताकि फैसला तर्कसंगत हो। सुखजीत ने जालंधर की मूल निवासी और इंग्लैंड के डर्बी शहर निवासी रमनदीप कौर से सन 2000 में शादी की थी।

### राष्ट्रपति मोदी समेत विभिन्न नेताओं ने दी गांधी को श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई अन्य नेताओं ने गुरुवार को गांधी जयंती के अवसर पर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर श्रीमती मुर्मु, राधाकृष्णन और मोदी सहित कई अन्य नेता महात्मा गांधी की समाधि स्थल राजघाट पहुंचे और उन्हें पुष्पांज. लि अर्पित की। राष्ट्रपति राजघाट पर महात्मा गांधी की 156वीं जयंती के अवसर पर आयोजि सर्व धर्म प्रार्थना में भी शामिल हुईं। इससे पहले मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, गांधी जयंती, प्रिय बापू के असाधारण जीवन को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिनके आदर्शों ने मानव इतिहास की दिशा बदल दी।

# पीलीभीत में बुखार का कहर, चार की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** पीलीभीत जनपद के बीसलपुर कोतवाली के गांव रसिया खानपुर में एक सप्ताह से बुखार का प्रकोप फैला हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में बुखार से चार लोगों की जान जा चुकी है। 100 से अधिक ग्रामीण बुखार की चपेट में हैं।

डेंगू की बात भी कही जा रही है। आरोप है कि जानकारी के बाद भी स्वास्थ्य टीम अब तक गांव नहीं पहुंची है। गांव के नाजिम हुसैन चिश्ती ने बताया कि उनके चाचा इज़रातुल्ला चिश्ती (65 वर्ष) पांच दिन पूर्व तेज बुखार की चपेट में आ गए थे। उन्हें बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां बुधवार सुबह उनकी मौत हो गई। इसी गांव के शौकत हुसैन ने बताया कि उनकी बहन तसर्रुम (18) चार दिन पूर्व तेज बुखार की चपेट में आ गई थी। उसे भी बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार दोपहर उसकी मौत हो गई। गांव निवासी जान मोहम्मद का 20 दिन का बेटा भी काल के गाल समा गया। परिजन के मुता. बिक उसे भी बुखार था। रामआसरे की पत्नी सुनीता (47 वर्ष) की भी बुखार से मौत हो गई। पूर्व प्रधान ने बताया कि गांव के 100 से अधिक लोग बुखार की चपेट में है। हर घर में मरीज है। कुछ मरीजों का उपचार बीसलपुर और कुछ का बरेली के निजी अस्पतालों में चल रहा है।

### अपहरण के मामलों में गाजियाबाद और कानपुर से आगे निकला लखनऊ

**लखनऊ।** नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो ने राजधानी में वर्ष 2023 में अपराध के आंकड़े जारी किए हैं। इसमें देश के 19 मेट्रोपोलिटन शहरों में यूपी के तीन शहर शामिल हैं। आंकड़ों के मुताबिक राजधानी में गाजियाबाद और कानपुर से ज्यादा अपहरण के मामले दर्ज किए गए हैं, जो लखनऊ में अपराध की स्थिति बताने के लिए काफी है। खास बात यह है कि लखनऊ हत्या, लूट, दुष्कर्म के अलावा अपहरण जैसे संगीन मामले में भी गाजियाबाद और कानपुर से बहुत आगे है। आंकड़ों के मुताबिक राजधानी में गाजियाबाद से 20 गुणा से भी ज्यादा मामले दर्ज किए गए। वहीं, कानपुर से दोगुना मामले सामने आए। इन आंकड़ों ने राजधानी पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# बापू-शास्त्री के सपने साकार कर रही डबल इंजन सरकार

लखनऊ, वार्ता



जयंती पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने योगदान को किया याद

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों विभूतियों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। गोरखनाथ मंदिर में दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्पार्चन करने के बाद मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता और पूर्व प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और राष्ट्रहित में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार बापू और शास्त्री के सपनों को साकार कर रही है।

सीएम योगी ने कहा कि विदेशी हुकूमत की जड़ों को उखाड़ फेंकने के लिए सत्य व अहिंसा के मार्ग का अनुसरण करने के साथ स्वदेशी देशवा. सियों को एकता के सूत्र में बांधने का आलंबन बनी। बापू के सपनों को साकार करने को आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वदेशी देश और दुनिया के लिए मॉडल बन रही है। स्वदेशी से ही जुड़ी उत्तर प्रदेश सरकार की ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) योजना सफलता की नई ऊंचाई को छू रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वदेशी केवल खादी तक सीमित नहीं है, बल्कि वर्तमान समय में भारत की दिनचर्या का हिस्सा बन रही है। पीएम मोदी के उद्घोष के अनुरूप स्वदेशी भारत में चिप से लेकर शिप तक आत्मनिर्भरता की गारंटी बन रही है।

### आज भारत का ब्रांड है स्वच्छता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महात्मा गांधी को स्वच्छता सर्वाधिक पसंद थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन के जरिए स्वच्छता को एक नई ऊंचाई दी है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत देश में 12 करोड़ शौचालय बनाए गए हैं। इससे नारी गरिमा को सम्मान मिला है, साथ ही बीमारियों से बचाव और लोगों को लोगों की आर्थिक बचत भी हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज स्वच्छता हमारी पहचान और भारत का ब्रांड है।

### दीपावली के पूर्व हर जिले में स्वदेशी मेला

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वदेशी को और बढ़ावा देने के लिए उन्होंने दीपावली के पूर्व प्रदेश के प्रत्येक जनपद में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो की तर्ज पर स्वदेशी मेला आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आज से प्रदेश में खादी वस्तुओं के क्रय पर 25 प्रतिशत छूट का भी शुभारंभ हो रहा है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए खादी व अन्य स्वदेशी वस्तुओं का उपहार दीपावली में दें।

## बरेली बवाल: रडार पर आरोपियों के मकान

# मार्केट-बारातघर व सौ संपत्तियां चिन्हित

शाह टाइम्स ब्यूरो



तौकीर रजा खां को शरण देने के आरोपी फरहत का घर किया जाएगा सील

**बरेली।** बरेली में बवाल के आरोपियों के मकान, मार्केट व बरातघर जिला प्रशासन के रडार पर हैं। अधिकारी उनका रिकॉर्ड खंगाल रहे हैं। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) मानचित्र के विपरीत कराए गए निर्माण को चिह्नित कर रहा है। दशहरे के बाद उनको सील किया जा सकता है। अब तक गिरफ्तार हुए 82 आरोपियों और उनकी सौ से अधिक संपत्तियों की सूची अधिकारियों के पास है। इसी सूची के आधार पर आरोपियों के आवासीय भवन, मार्केट और बरातघर आदि की लोकेशन खंगाली जा रही है।

पुलिस से मिली सूची के आधार पर बीडीए ने आरोपियों और उनके मददगारों की सौ से अधिक संपत्तियों को चिन्हित किया है। मौके पर कराए गए निर्माण का मानचित्र से मिलान कराया जाएगा। मानचित्र की शर्तों का उल्लंघन या कोई अन्य कमी पाए जाने पर पहले स्थल को सील करेंगे, फिर नोटिस देकर संबंधित का पक्ष सुनेंगे। अवैध निर्माण की पुष्टि हुई, तो बीडीए उसके ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर सकेगा। कुछ भवनों पर नोटिस चस्पा किए हैं। कुछ भवन ऐसे भी हैं, जो बिना नक्शा पास कराए बना दिए गए। बीडीए उपाध्यक्ष मनिकंडन ये पहले ही कह चुके हैं कि बवाल के आरो. पियों पर बीडीए ने भी कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके लिए डिटेल स्टडी की जा रही है। विधिक पक्ष का भी आकलन किया जा रहा है। मौलाना तौकीर रजा खां को शरण देने के आरोप में जेल गए फरहत खां का फाइक एन्क्लेव स्थित तीन मंजिला मकान शुक्रवार को बीडीए सील करेगा। इससे पहले फरहत के परिजनों को मकान खाली करना होगा। बारादरी थाने की पुलिस ने बीडीए का नोटिस फरहत की पत्नी खुशनसीब को सौंपा है। बीडीए के सक्षम प्राधिकारी की ओर से फाइक एन्क्लेव निवासी फरहत खां के नाम जारी नोटिस में लिखा है कि 120 वर्गमीटर जमीन पर अवैध रूप से तीन मंजिला भवन का निर्माण किया गया है। इसके विरुद्ध नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 के तहत कार्रवाई करते हुए 30 सितम्बर को वाद दायर किया गया है। अधिनियम के तहत भवन को तीन अक्तूबर तक सील किया जाना प्रस्तावित है। इसलिए तीन अक्तूबर से पहले भवन को खाली कर दें। घर पर मिली फरहत की बहू शाहीन का दावा है कि उनकी सास खुशनस. ीब की तबीयत खराब हो गई है। उन्हें बेटी फिजा के साथ रिश्तेदारी में भेज दिया गया है। हमारा मकान अभी का नहीं है।

### बरेली में इंटरनेट बैन दो दिन और बढ़ाया चार जिलों में पुलिस बल तैनात

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली मंडल के चार जिलों में दशहरा के मद्देनजर गुरुवार को पुलिस, पीएसी और आरएएफ के जवान सड़कों पर तैनात किए गए हैं। निगरानी के लिए ड्रोन हवा में उड़ान भर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि सरकार ने बरेली में 48 घंटे के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद करने का भी आदेश दिया है। जिले में मोबाइल इंटरनेट, ब्राडबैंड और एसएमएस सेवाएं 2 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से 4 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे तक बंद रहेंगी।

# पद्मविभूषण पं. छन्नूलाल मिश्र का निधन

मिर्जापुर/वाराणसी।



काशी के घाट पर हुआ अंतिम संस्कार

प्रख्यात शास्त्रीय गायक और पद्मविभूषण से सम्मानित पं. छन्नूलाल मिश्र का गुरुवार को लंबी बीमारी के बाद मिर्जापुर मएं निधन हो गया। वह अपनी बेटी नम्रता मिश्र के साथ मिर्जापुर स्थित आवास पर रह रहे थे। नम्रता मिश्र ने बताया कि अंतिम संस्कार गुरुवार शाम को काशी के मणिकर्णिका घाट पर किया गया।

पं. मिश्र पिछले कई महीनों से अस्वस्थ थे। 11 सितम्बर को उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें मिर्जापुर के एक अस्पताल मएं भर्ती कराया गया था। स्वास्थ्य में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उन्हें बीएचयू रेफर किया। 13 से 27 सितम्बर तक बीएचयू में उनका इलाज चला। स्वास्थ्य में सुधार के बाद उन्हें मिर्जापुर लाया गया था। बीएचयू की मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार पं. मिश्र टाइप-2 डायबिटीज, उच्च रक्तचाप और फेफड़ों के संक्रमण सहित कई बीमारियों से पीड़ित थे। पं. छन्नूलाल मिश्र का जन्म 3 अगस्त 1936 को आजमगढ़ के हरिहरपुर गांव में हुआ था। उनके दादा गुदई महराज प्रख्यात तबला वादक थे, जबकि पिता बद्री प्रसाद मिश्र संगीत के विद्वान थे। पं. मिश्र ने अपने पिता और उस्ताद अब्दुल गनी से संगीत की शिक्षा प्राप्त की थी। वह ख्याल, ठुमरी, दादरा, चैती, कजरी और भजन गायन के लिए विख्यात थे। उनका होली गीत 'खेले मसाने में होली' विशेष रूप से लोकप्रिय रहा।

सेंसेक्स 80956.01
निफ्टी 24782.70

सोना रु. 117332
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 161000
प्रति किलो



# एटीएम-डेबिट कार्ड के लिए वार्षिक शुल्क नहीं

मुंबई, वार्ता




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) बुनियादी बचत बैंक जमा (बीएसबीडी) खातों के लिए नए निर्देश जारी करेगा, जिसमें एटीएम-डेबिट कार्ड पर वार्षिक शुल्क समाप्त करने की भी योजना है।

केंद्रीय बैंक ने निर्देश का प्रारूप अपनी वेबसाइट पर साझा किया है और इस पर आम लोगों तथा अन्य हितधारकों से राय मांगी है। इसमें कहा गया है कि सभी बैंकों के लिए बुनियादी बचत बैंक जमा खाते की सुविधा देना जरूरी होगा और इसे सामान्य बैंकिंग सेवा माना जाएगा, जो सभी ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगी। इसके साथ ही आरबीआई ने इन खातों पर कुछ सुविधाओं की सूची भी जारी की है, जो बिना किसी शुल्क के और बिना न्यूनतम बैलेंस की अर्हता के उपलब्ध कराई जानी चाहिए। आरबीआई ने कहा है कि इन खातों पर एक महीने एटीएम, कैश डिपॉजिट मशीन और डिजिटल माध्यमों से लेनदेन की पूरी सुविधा होनी चाहिए। ग्राहक जितनी बार और जितना पैसा चाहे जमा करा सकता है, उस पर कोई सीमा नहीं होगी। एटीएम कार्ड और डेबिट कार्ड की सुविधा भी नि:शुल्क होगी और बैंक एटीएम-डेबिट कार्ड पर कोई वार्षिक शुल्क या कार्ड जारी करते समय या रिन्यू करते समय कोई शुल्क नहीं लेंगे। इसके अलावा हर साल कम से कम 25 चेक लीफ वाला चेकबुक भी नि:शुल्क जारी किया जाएगा। इंटरनेट और मोबा. इल बैंकिंग की सुविधा भी बिल्कुल मुफ्त होगी। ग्राहक की मर्जी के अनुरूप पासबुक और मासिक लेखाजोखा भी बिना किसी शुल्क के प्रिंटेट या डिजिटल स्वरूप में नि:शुल्क देना होगा। हर महीने कम से कम चार बार पैसे निकालने (ट्रांसफर के जरिये या एटीएम से) की सुविधा भी नि:शुल्क होगी। इसमें डिजिटल माध्यम से किए गए लेनदेन जैसे एनईएफटी, आरटीजीएस, यूपीआई, आईएमपीएस आदि शामिल नहीं होंगे। साथ ही प्रारूप निर्देश में यह भी कहा गया है कि बैंक बीएसबीडी खाता खोलते समय उसमें कुछ राशि जमा कराने के लिए ग्राहक पर दबाव नहीं डालेंगे। बैंकों को खाता खोलने के लिए आने वाले लोगों को इन खातों के बारे में जागरूक करना होगा और अन्य बचत खातों तथा इनमें अंतर के बारे में बताना होगा। कोई ग्राहक अपने मौजूदा बचत खाते को शाखा में या ऑनलाइन आवेदन देकर बुनियादी बचत बैंक जमा खाते में बदलवा सकेगा, हालांकि ऐसा करने के बाद उसे उस बैंक में अपने अन्य बचत खातों को 30 दिन के अंदर बंद कराना होगा।

### दशहरा पर सोने-चांदी की कीमतों में बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली।** गुरुवार दशहरा के अवसर पर सोना-चांदी की कीमतों में भारी उथल-पुथल देखने को मिली। देश की राजधानी दिल्ली, जयपुर, नोएडा, लखनऊ, गाजियाबाद जैसे नॉर्थ इंडिया के शहरों में 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का रेट 1,15,920 रुपये के आसपास कारोबार कर रहा है। वहीं चांदी का भाव प्रति किलोग्राम 161,000 रुपये के भाव से करोबार कर रहा है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार सोने-चांदी की कीमतों में गुरुवार सुबह मामूली बढ़ोतरी देखी गई। 24 कैरेट सोने का भाव 1,17,332 प्रति दस ग्राम दर्ज किया गया। दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,19,400 , मुंबई में 1,19,250 , चेन्नई में 1,18,690 , कोलकाता में 1,19,250, अमृतसर में 1,19,400 , लखनऊ में 1,19,400 और जयपुर में 1,19,400 रुपये दर्ज किया गया। चांदी के भाव की बात करें तो नई दिल्ली में 1,55,591 रुपये प्रति किलो, मुंबई में 1,50,900, कोलकाता में 1,51,100 और चेन्नई में 1,61,100 रुपये प्रति किलो रहा। सोना-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव विभिन्न कारकों से प्रभावित होते हैं।

# चावल नरम, गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़, चीनी और दालों के भाव बढ़े



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव टूट गए, जबकि गेहूं की कीमतों में तेजी रही। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। चीनी और दालों के दाम बढ़ गए।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसम्बर वायदा 62 रिंगिट की बढ़त के साथ 4,450 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50. 57 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 31 रुपये टूटकर 3,792.50 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं के भाव 36 रुपये बढ़कर 2,868.24 रुपये प्रति क्विंटल रहे। आटे की कीमत भी 52 रुपये बढ़े और यह 3,347.46 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 30 रुपये टूट गई। सूरजमुखी तेल 21 रुपये महंगा हुआ। सोया तेल की कीमत 93 रुपये और पाम ऑयल की 152 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। वनस्पति के दाम 207 रुपये और मूंगफली तेल के 120 रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। दाल-दलहनों में तेजी रही। मूंग दाल की औसत कीमत 92 रुपये और उड़द दाल की 90 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। तुअर दाल 62 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल में 24 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। चना दाल भी नौ रुपये प्रति क्विंटल चढ़ी। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 91 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। चीनी का भाव भी 38 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7906. 25 रुपये, मसूर काली 8172.79 रुपये, मूंग दाल 10155.41 रुपये, उड़द दाल 10501.61 रुपये, अरहर दाल 10574.97 रुपये प्रति क्विंटल।

# गांधी ने आरएसएस को कहा था 'सर्वसत्तावादी नजरिया रखने वाला सांप्रदायिक' संगठन: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि महात्मा गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को सर्वसत्तावादी दृष्टिकोण रखने वाला एक 'सांप्रदायिक' संगठन बताया था और उनके इस कथन के पांच महीने बाद, तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगा दिया था।

कांग्रेस महासचिव तथा संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां एक बयान में कहा कि गांधीजी, आरएसएस को 'सत्तावादी सांप्रदायिक संगठन' कहा करते थे। रमेश ने इसके लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निजी सचिव रहे प्यारेलाल की सन 1956 मएं लिखी एक पुस्तक 'महात्मा गांधी: द लास्ट फेज' का हवाला भी दिया। रमेश ने कहा कि इस किताब के दूसरे खंड के पृष्ठ 440 पर प्यारेलाल ने, महात्मा गांधी और उनके एक सहयोगी के बीच हुई बातचीत का उल्लेख किया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**राज्य पाठ्यक्रम....** समाप्त किया और 250 से ज्यादा अवैध मदरसे बंद कराए गए। अब एक जुलाई 2026 से हमारी सरकार उत्तराखंड में केवल उन्हीं मदरसों को मान्यता देने का काम करेगी, जो सरकार द्वारा निर्धारित राज्य शिक्षा नीति में स्वीकृत पाठयक्रम को अपने यहां पर लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि शहीदों के प्रति हमारी सरकार कृतज्ञ है। राज्य आंदोलनकारियों और शहीद परिवारों के हितों के लिए सरकार ने बड़े काम किए हैं। सरकारी नौकरियों में आरक्षण, मासिक पेंशन, बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा, नि:शुल्क यात्रा व्यवस्था, इन परिवारों की तलाकशुदा और विधवा बेटियों को भी सरकारी नौकरी हमारी सरकार दे रही है। इस अवसर पर उत्तराखंड सरकार के धर्म व संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई एवं पंचायती राज विभाग के मंत्री सतपाल महाराज, यूपी सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. संजीव बालियान, विधायक रुड़की प्रदीप बत्रा, विधायक खानपुर उमेश कुमार, विधायक झबरेड़ा विरेन्द्र जाति, रुड़की नगर निगम के मेयर ललित मोहन अग्रवाल, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र अणथवाल, राज्य आंदोलनकारी सम्मान परिषद् के अध्यक्ष सुभाष बड़थवाल, उत्तराखंड संस्कृति एवं साहित्य कला परिषद् की उपाध्यक्ष मधु भट्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष डा. सुधीर सैनी, संस्कृति सचिव योगेन्द्र किशोर पन्त, राज्य आंदोलनकारी कमला भमोला, रिषीप्रकाश काला, त्रिलोक भट्ट, पूर्व विधायक अशोक कंसल सहित भाजपा से जुड़े उत्तराखंड और यूपी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हर परिवार सालाना पांच हजार रुपये का खादी का सामान खरीदे: शाह

नई दिल्ली, वार्ता



गृहमंत्री ने गांधी जयंती पर खादी महोत्सव 2025 की शुरुआत की

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्वदेशी को बढ़ावा देने और साल 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हर परिवार से हर साल 5,000 रुपये का खादी का सामान खरीदने की अपील की है।

शाह ने यहां खादी ग्रामोद्योग भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर गुरुवार को खादी महोत्सव 2025 की शुरुआत करने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने आजादी के अभियान में कई ऐसे विचारों को चुना, जो भविष्य के भारत का नक्शा तैयार करने में महत्वपूर्ण साबित हुए। उसी मएं दो बड़े विचार स्वदेशी और खादी थे। दोनों को आजादी की लड़ाई से अलग नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि बहुत लंबे समय तक इन दोनों विचारों को भुला दिया गया था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें पुनर्जीवित किया है। उन्होंने कहा कि इन दोनाएं अभियानों को सफल करने के लिए मैं आज देश की जनता से अपील करता हूं कि हर परिवार कम से कम 5,000 रुपये का खादी (का सामान) सालान खरीदे।

चाहे आप चादर या तकिये का खोल ले लीजिये, चाहे पर्दे या तौलिये। ये चीजें जब आप खरीदते हैं, तो आप किसी के लिए रोजगार का कारण बनते हैं। और जब आप स्वदेशी का व्रत अपनाते हैं, तो 2047 तक भारत को दुनिया में सर्वोच्च स्थान तक ले जाने के लिए एक महत्वाकांक्षी अभियान के साथ अपने-आप को जोड़ते हैं। उन्होंने लोगों से खादी और स्वदेशी के अभियान को ताकत देने तथा अपने स्वभाव का हिस्सा बनाने की अपील की और कहा कि हमें ये दोनों अभियान अगली पीढ़ी को भी देकर जाना चाहिए। खादी महोत्सव के दौरान दो अक्टूबर से पांच नवंबर तक खादी के सभी सामानों पर 20 प्रतिशत और खादी ग्रामोद्योग के तहत बने अन्य सामानों पर 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, डैस्ताअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर सिरोसिस आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# नाबालिग लड़की के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महिंद्रा पार्क थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी गुलाब आलम को गिरफ्तार कर लिया है।

यह कार्रवाई गुप्त सूचना और त्वरित जांच के आधार पर की गई। पुलिस ने लड़की को सुरक्षित बचा लिया और आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट, अपहरण और दुष्कर्म की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। २३ सितंबर को महिंद्रा पार्क थाने में एक शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसमें बताया गया कि एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीपी शालीमार बाग और महिंद्रा पार्क थाने के एसएचओ विजय शानवाल के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई। इस टीम में सब-इंस्पेक्टर राजवीर दहिया, सब-इंस्पेक्टर मनोज, कांस्टेबल हितेश और कांस्टेबल सुशील शामिल थे। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जांच शुरू की, जिसमें पता चला कि आरोपी गुलाब आलम नाबालिग लड़की को सीलमपुर ले गया था। वहां उसने लड़की के साथ दुष्कर्म किया और उसे धमकी दी कि अगर उसने किसी को बताया तो अंजाम बुरा होगा। सूचना मिलने पर पुलिस ने सीलमपुर में छापेमारी की, लेकिन लड़की को छोड़कर आरोपी फरार हो गया। इसके बाद पुलिस ने सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर गहन तलाशी शुरू की और १ अक्टूबर को गुलाब आलम को धर दबोचा। पुलिस ने नाबालिग लड़की को मुक्त कराने के बाद उसे मेडिकल जांच के लिए भेज दिया। आरोपी गुलाब आलम को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई है। पुलिस का कहना है कि वह मामले की गहराई से जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि आरोपी के खिलाफ अन्य कोई अपराध तो दर्ज नहीं है।

महिंद्रा पार्क पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने सराहना की है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें ताकि ऐसे अपराधों को रोका जा सके।

## मोबाइल गेम खेलने पर डांटा तो कर ली आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आदर्श नगर से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक भाई को बहन का डांटना इतना नागवार गुजरा कि उसने सुसाइड जैसा खौफनाक कदम उठा लिया। दरअसल, आदर्श नगर में एक 15 वर्षीय लड़के ने कथित तौर पर अपने घर पर आत्महत्या कर ली, क्योंकि वह इस बात से खफा था कि उसकी बहन ने उसे मोबाइल गेम खेलने पर डांटा था।

स्थानीय पुलिस स्टेशन को इस संबंध में मौत की सूचना मिली। पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पश्चिम) भीष्म सिंह ने कहा, पूछताछ के दौरान पता चला कि आदर्श नगर निवासी आदर्श नाम के लड़के ने अपनी बड़ी बहन से झगड़े के बाद अपने घर में पंखे से लटककर जान दे दी। बताया जा रहा है कि यह झगड़ा तब हुआ जब बहन ने उसे मोबाइल गेम खेलने और पढ़ाई में लापरवाही बरतने पर डांटा। पुलिस ने बताया कि घटना का पता चलने पर ९वीं कक्षा के छात्र आदर्श को पास के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा १९४ के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि आदर्श के पिता सोनीपत के कुंडली स्थित एक कंपनी में काम करते हैं।

# सराय काले खां परिसर से सफर होगा आसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सराय काले खां पर बने नमो भारत कॉरिडोर के स्टेशन से दिल्ली-एनसीआर के लोगों को जल्द ही सार्वजनिक परिवहन के एक साधन से दूसरे में सफर करने की सुविधा मिलेगी। आनंद विहार के बाद सराय काले खां पर तैयार हो रहा स्टेशन राजधानी के ट्रांसपोर्ट नेटवर्क को नया रूप देगा।

यहां एक ही परिसर में दिल्ली मेट्रो, सिटी बस, इंटरस्टेट बस, रेल, टैक्सी, ऑटो और ई-रिक्शा की सेवाएं उपलब्ध होंगी। यात्रियों को दिल्ली से मेरठ, पानीपत-करनाल और अलवर तक जाने के लिए अलग-अलग साधनों के चक्कर नहीं लगाने होंगे।

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखकर स्टेशन को बेहद आधुनिक बनाया गया है। २१५ मीटर लंबे और ५० मीटर चौड़े इस स्टेशन पर छह प्लेटफॉर्म और चार ट्रैक एक ही स्तर पर हैं। यहां १४ लिफ्ट और १८ एस्केलेटर लगाए गए हैं ताकि बड़ी संख्या में

**■ यहां एक ही परिसर में दिल्ली मेट्रो, सिटी बस, इंटरस्टेट बस, रेल, टैक्सी, ऑटो और ई-रिक्शा की सेवाएं उपलब्ध होंगी**

आने वाले यात्रियों को भी परेशानी न हो।सराय काले खां से हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन को जोड़ने के लिए २८० मीटर लंबा फुटओवर ब्रिज बनाया गया है जिसमें छह ट्रेवलेटर होंगे।

इसी तरह का लिंक आईएसबीटी तक भी बनाया जा रहा है। यात्रियों की सहज आवाजाही के लिए बाहर एक बड़ा सार्वजनिक प्लाजा तैयार किया गया है। यहां ४० से अधिक वाहनों के लिए पिक-अप और ड्रॉप-ऑफ जोन और १५ बसों के लिए बस इंटरचेंज की सुविधा होगी। इससे यात्रियों को एक से दूसरी सेवा लेने में समय और ऊर्जा की बचत होगी। नमो भारत स्टेशन को सीधे दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन से जोड़ा गया है। साथ ही, यह दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, बारापुला फ्लाईओवर, रिंग रोड और डीएनडी लिंक रोड जैसे प्रमुख मार्गों से भी कनेक्ट है। खास बात यह है कि यात्रियों के लिए अलग पैदल मार्ग बनाए गए हैं ताकि उन्हें वाहनों की भीड़ में चलना न पड़े। एनसीआरटीसी ने यहां एक सेंट्रल इंटरचेंज प्लाजा भी तैयार किया है जो मेट्रो, बस, रेलवे और ऑटो-टैक्सी पार्किंग के बीच सीधा कनेक्शन देगा।

सराय काले खां को तीनों प्राथमिक आरआरटीएस कॉरिडोर का संगम स्थल बनाया गया है। यात्री बिना ट्रेन बदले सीधे अलग-अलग कॉरिडोर में जा सकेंगे यानी दिल्ली से बैठा यात्री मेरठ जाने के बाद वहीं से अलवर या करनाल कॉरिडोर में सफर जारी रख सकता है। फिलहाल दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसका १४ किलोमीटर लंबा दिल्ली खंड सराय काले खां, न्यू अशोक नगर और आनंद विहार से होकर गुजरेगा। इसमें नौ किलोमीटर हिस्सा एलिवेटेड और पांच किलोमीटर अंडरग्राउंड होगा।

# विधानसभा में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पुष्पांजलि समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री एवं महान स्वतंत्रता सेनानी लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती के अवसर पर हृदयपूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित की।

महात्मा गांधी की 156वीं जयंती और लाल बहादुर शास्त्री की 121वीं जयंती के अवसर पर आयोजित पुष्पांजलि समारोह में दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट उपस्थित रहे, जिन्होंने उनके अदम्य साहस, बलिदान और राष्ट्र के प्रति योगदान को याद किया। समारोह में दिल्ली विधानसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्कूल के विद्यार्थी भी शामिल हुए जिन्होंने इन दूरदर्शी नेताओं को पुष्पांजलि अर्पित कर समारोह को न केवल श्रद्धापूर्ण बनाया बल्कि युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक भी बना दिया।

इस अवसर पर दिल्ली विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि "महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री स्वतंत्रता संग्राम और स्वतंत्र भारत के निर्माण के दो मार्गदर्शक स्तंभ थे। इस ऐतिहा. सिक विधानसभा में स्वयं महात्मा गांधी उपस्थित हुए थे, जिन्होंने दो बार कार्यवाही में भाग लिया, जिससे ये हॉल उनके स्थायी योगदान का मौन साक्षी बन गए है। शास्त्री जी ने हमें सादगी, विनम्रता और दृढ़ संकल्प से राष्ट्र को बदलने का मार्ग दिखाया। उनका जीवन यह स्मरण कराता है कि सच्चा नेतृत्व जनसेवा और मातृभूमि के लिए बलिदान में निहित है।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के अद्भुत शस्त्रों के साथ स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया, और लाखों लोगों को उपनि. वेशवादी शासन के खिलाफ आंदोलन में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उनका अहिंसा और सत्याग्रह का सिद्धांत न केवल स्वतंत्रता के संघर्ष में देश को एकजुट किया बल्कि पूरी दुनिया के लिए शांति और न्याय का मार्गदर्शन भी बना।



विधानसभा में महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित करते विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट।

## दिल्ली सरकार को सर्किल रेट पर भेजे सुझाव: पंचायत संघ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पंचायत संघ ने दिल्ली सरकार को सर्किल रेट पर भेजे सुझाव में दिल्ली देहात गांव ग्रामीण किसानों की कृषि भूमि का सर्किल रेट बढ़ाकर रु १० करोड़ प्रति एकड़ करने का आग्रह किया। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव का कहना है कि चाहे कृषि भूमि नदी क्षेत्र,बंजर क्षेत्र या किसी भी प्रकार की कृषि भूमि हो सभी का सर्किल रेट एक समान होना चाहिए। इससे किसानों को देश की राजधानी में उचित मूल्य और समान सम्मान मिल सकेगा।

पंचायत संघ ने यह भी सुझाव दिया है कि गांव की आवासीय भूमि का सर्किल रेट न्यूनतम रखा जाए, ताकि किसानों व ग्रामीणों की जमीन का मूल्य बढ़ सके और वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।इसके अलावा, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डी.डी.ए.) द्वारा जिन आवासीय भूमि को मुख्य मार्गों पर कमर्शियल के रूप में नोटिफाई किया गया है, उनका सर्किल रेट २००% बढ़ाया जाए या उन्हें पुन: आवासीय भूमि में परिवर्तित कर डी-नोटिफाई किया जाए। संघ का कहना है कि मास्टर प्लान के तहत बनी कॉलोनियों में मुख्य मार्गों पर बढ़ती व्यावसायिक गतिविधियों से आवागमन बाधित हो रहा है और पर्यावरण पर भी बुरा असर पड़ रहा है। इसका उदाहरण पंजाबी बाग का क्लब रोड क्षेत्र है, जहाँ आज मुख्य मार्ग पर यातायात अवरुद्ध है।

दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि सरकार को सर्किल रेट तय करते समय दिल्ली के वर्तमान विकास स्तर को आधार बनाना चाहिए और बड़े बिल्डरों व बड़ी टॅ। की बजाय गांव-ग्रामीण किसानों के हितों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

## एक नजर

### गांधी जयंती पर एबीवीपी ने चलाया स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर बृहस्पतिवार को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में स्वच्छता और पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस में सभी स्कूल यूनिट और एबीवीपी-नेतृत्व वाले छात्रावासों ने भाग लिया। छात्रों ने परिसर में साफ-सफाई की और पौधे लगाए। इस अवसर पर एबीवीपी जेएनयू अध्यक्ष मयंक पंचाल ने कहा कि जेएनयू को स्वच्छ और हरित बनाने की दिशा में यह एक छोटा सा प्रयास है। वहीं, सचिव प्रवीण पीयूष ने कहा कि जेएनयू के छात्र सामाजिक जिम्मेदारी निभाने में भी अग्रणी हैं।

### लाल बहादुर शास्त्री के जन्म पर दी बधाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश नेशनल पैंथर्स पार्टी के अध्यक्ष और सामाजिक कार्यकर्ता राजीव जोली खोसला ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के 156 में जन्म दिवस पर भारत की जनता से सोच विचार करने को कहा और लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म पर दी बधाई! बुराई के खिलाफ अच्छाई की विजय पर विजय दिवस की सभी को दी शुभकामनाएं भारत माता को आजाद करने के लिए लाखों क्रांतिकारी वीरों ने अपनी कुर्बानी दी उसमें हिंदू, मुस्लिम ,सिख, इसाई सभी का योगदान रहा

### संत निरंकारी मिशन को किया गया सम्मानित




**नई दिल्ली।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के दिव्य आशीर्वाद एवं उनकी प्रेरणादायी शिक्षाओं के आलोक में, संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चौरिटेबल फाउंडेशन वर्षों से देश-विदेश के विभिन्न हिस्सों में नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का सफल आयोजन करती आ रही है। यह सेवा-यात्रा एक सतत एवं समर्पित प्रयास के रूप में जारी है, जिसका मूल उद्देश्य है-'मानवता की निस्वार्थ सेवा।' इस अवसर पर मिशन के मेडिकल सर्विस कोऑर्डिनेटर, डॉ. नरेश अरोड़ा जी की गरिमामयी उपस्थिति भी रही। सम्मान ग्रहण करते हुए श्री सुखदेव ने कहा कि संत निरंकारी मिशन सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के मार्गदर्शन में सदैव समाज कल्याण हेतु प्रतिबद्ध रहा है। संत निरंकारी मिशन के सचिव जोगिंदर सुखीजा जी ने जानकारी देते हुए बताया कि मिशन के समर्पित भक्त रक्तदान को केवल सेवा नहीं, बल्कि अपनी भक्ति का अभिन्न अंग मानते हुए अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं।

### मिलावटी देसी घी के रैकेट का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने मिलावटी देसी घी के रैकेट का भंडाफोड़ कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से कुल १०५ लोहे के टिन जब्त किए गए जिनमें कुल १,६२५ किला. ग्राम देसी घी था।इस दौरान तीन अवैध निर्माण इकाइयों का भंडाफोड़ हुआ है। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) विक्रम सिंह ने बताया कि दशहरा और दिवाली के मौसम में बढ़ती माँग का फायदा उठाने के लिए देसी घी में बड़े पैमाने पर मिलावट की खुफिया जानकारी मिलने के बाद इंस्पेक्टर वीर सिंह के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी की।

## रावण दहन नही, रावण अंत्येष्टि संस्कार कहिए

**नई दिल्ली।** संयुक्त ब्राह्मण संघ के संयोजक एवं ब्राह्मण पेशवा पंडित राधेश्याम शर्मा जमादग्नि ने समस्त भारत के रामलीला आयोजकों से मांग की है,कि विजयदशमी पर जगह जगह होने वाले पुतले दहन का शीर्षक बदला जाएं। उन्होंने शास्त्र सम्मत प्रमाण देते हुए कहा,कि रावण के पुतले दहन की जगह रावण अंत्येष्टि संस्कार कहां जाना चाहिए,और ये भी सर्वविदित है,कि परम प्रतापी रावण के वध के बाद मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने उनके संस्कार के लिए उनके कुल के भ्राता विभिषण को ही यह दायित्व सौंपा था, इसीलिए भगवान श्री राम की लीलाओं के मंचन के विजयादशमी के अवसर पर रावण के अंत्येष्टि संस्कार का दायित्व भी राजनेताओं, अभिनेताओं की बजाए शास्त्रों अनुसार लीला में अभिनय कर रहे विभिषण से ही करवाना चाहिए।श्री शर्मा ने कहा,कि हम ग्यारह दिनी रामलीला का मंचन अवश्य करते हैं, लेकिन इस भव्य आयोजन को धर्मानुसार किया जाए,तो सनातन संस्कृति के परिवेश में आगे आने वाली पीढी को सही ज्ञान हो पाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया,कि संघ पूरे देश की छोटी बडी रामलीला आयोजकों को जल्द ही पत्र लिखकर मांग करेंगे।

# जलस्रोतों को मिलेगा पुनर्जीवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पश्चिमी और बाहरी दिल्ली के २१ जलस्रोतों को पुनर्जीवित करने की लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने योजना बनाई है। इसका मकसद केवल सौंदर्यीकरण भर नहीं बल्कि प्राकृतिक संसाधन के रूप में उपयोग कर बाढ़ नियंत्रण और जलभराव से मुक्ति भी दिलाना है।

योजना के तहत जलस्रोतों को तीन बड़े उप-बेसिन अलीपुर, नजफगढ़ और कंझावला में बांटा गया है। साथ ही, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए विशेषज्ञ सलाहकारों को लगाया गया जिन्होंने नजफगढ़ बेसिन की गहन जांच के दौरान २१ तालाब और झीलें चिह्नित कीं। इनमें से १४ जलस्रोत दिल्ली पार्क्स एंड गार्डन सोसाइटी के अधीन हैं जबकि बाकी डीडीए, दिल्ली जल बोर्ड और अन्य एजेंसियों के पास हैं। अधिकारियों का मानना है कि ये जलस्रोत पानी रोकने और संग्रह करने की बड़ी क्षमता रखते हैं जिससे आसपास के इलाकों में जलभराव और बाढ़ जैसी समस्या काफी हद तक रोकी जा सकेगी। अधिकारियों ने बताया कि भलस्वा झील को पुनर्जीवन का पहला केंद्र चुना गया है।

झील की हालत बेहद खराब है। आसपास की डेयरी कॉलोनी से निकलने वाला गोबर और ठोस कचरा यहां पानी को दूषित कर रहा है। अब इसे संवारने के लिए डी-सिल्टिंग, प्रदूषक हटाने, तटबंध मजबूत करने, पौधरोपण, वॉकिंग ट्रैक और बाउंड्री वॉल बनाने जैसे कदम उठाए जाएंगे। साथ ही, गोबर निपटान के लिए अलग स्थान बनाया जाएगा ताकि झील दोबारा प्रदूषित न हो। योजना का मकसद केवल तालाबों को चमकाना नहीं बल्कि उन्हें दिल्ली के जल चक्र से जोड़ना है।

इन जलस्रोतों को पानी की नालियों से इंटरलिंक किया जाएगा ताकि बारिश का अतिरिक्त पानी यहां जमा होकर भूजल रिचार्ज कर सके। विशेषज्ञों का कहना है कि यह पहल दिल्ली के लिए स्थायी जल प्रबंधन की दिशा में बड़ा कदम होगी। बवाना, मयापुरी, नरेला और धीरपुर के तालाबों को भी पुनर्जीवित कर आसपास की आबादी को जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी।

परियोजना के तहत सिर्फ पानी रोकने की व्यवस्था ही नहीं बल्कि लोगों को प्रकृति से जोड़ने का भी ख्याल रखा जाएगा। पार्क, कुदरती ट्रेल, मछली पालन, बोटिंग जैसी गतिविधियां विकसित करने की योजना है। २७ जगहों पर पार्क और तालाब विकसित करने की रूपरेखा भी तय की गई है। इससे स्थानीय लोगों को मनोरंजन के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन का लाभ मिलेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि पिछले तीन दशकों में तेजी से हुए शहरी विस्तार ने राजधानी की प्राकृतिक जल प्रणालियों को काफी खराब किया है। जहां कभी तालाब और नाले थे वहां अब कंक्रीट की बस्तियां और सड़कें हैं। नतीजतन, हर बारिश में राजधानी डूबने लगती है।



आरामबाग दिल्ली में दुर्गा पूजा में सिंदूर खेला के दौरान सिंदूर के रंग में रंगी महिलाएं।

# नमआंखों से मां दुर्गा की विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में दशहरा के अवसर पर दुर्गा पूजा पंडालों में सिंदूर खेला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भक्तों को मंत्रमुग्ध किया। मां दुर्गा की विदाई से पहले पारंपरिक उत्साह और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। आज दशहरा का पर्व मनाया जा रहा है। इस दौरान कई दुर्गा पंडालों में सिंदूर खेला का आयोजन हुआ। पंचकुइयां मार्ग पर आरामबाग पूजा समिति द्वारा आयोजित भव्य दुर्गा पूजा महोत्सव में सिंदूर खेला का रंगारंग आयोजन हुआ। इस अवसर पर पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाएं व युवतियां उत्साहपूर्वक एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर अपनी खुशियां साझा करती नजर आईं। मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर अपनी आस्था और भक्ति का प्रदर्शन किया। ढाक की थाप, धार्मिक संगीत और उल्लासमय वातावरण ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, जो मां दुर्गा के प्रति समर्पण और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बना।

सिंदूर खेला के दौरान मां को सिंदूर अर्पित किया गया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने मां से मांगी सुख समृद्धि और पति की लंबी आयु की कामना की । इस आयोजन में बंगाली समुदाय के साथ-साथ गैर-बंगाली समुदाय के लोग भी पूरे उत्साह से शामिल हुए। नवमी के दिन पंडाल में कुंवारी पूजा का आयोजन किया गया, जबकि शाम को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समा बांधा। सिंदूर खेला के एक कार्यक्रम में भाजपा नेता स्मृति ईरानी भी पहुंचीं।

जहां उन्होंने कहा कि आज दशहरे के पावन अवसर पर मैं देश के सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। सभी का परिवार समृद्ध हो, सभी का स्वास्थ्य अच्छा रहे और सभी का भविष्य सुरक्षित हो।

### एनडीएमसी शनिवार को आयोजित करेगी सुविधा शिविर

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगर परिषद अपना आगामी सुविधा शिविर आगामी शनिवार,को एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर, में सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित करेगी।सुविधा शिविर एनडीएमसी की नागरिक आउटरीच पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य नगरपालिका सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए जानकारी, सुविधा और शिकायत निवारण प्रदान करना है।

# निगम का स्वच्छोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जन भागीदारी को सुदृढ करने के उद्देश्य से सेवा पखवाड़ा के तहत बुधवार शाम नेहरू प्लेस मार्केट में 'स्वच्छोत्सव' कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस अवसर पर माननीय केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू, दक्षिण दिल्ली के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, विधायक चंदन कुमार चौधरी, स्थायी समिति उपाध्यक्ष सुन्दर सिंह तंवर, अध्यक्ष वार्ड समिति योगिता सिंह, वार्ड समिति सदस्य पार्षद राजपाल, निगम आयुक्त अश्वनी कुमार, दिल्ली नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अपने संबोधन में, केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता के देश व्यापी स्वच्छता अभियान के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि ष्इसी स्वच्छता के जन आंदोलन के चलते आज हम कह सकते हैं कि देश खुले में शौच से मुक्त हुआ है।

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आह्वान किया कि महात्मा गांधी जी की १५०वीं जयंती पर देश खुले में शौच से मुक्त होगा। इसलिए प्रधानमंत्री जी ने स्वयं झाड़ू उठाकर एक उदाहरण स्थापित किया कि आज हर कोई झाड़ू उठाकर सफाई में लगा है। उन्होंने कहा कि आज देश के हर नागरिक के अंदर यह भावना है कि ष्स्वच्छता हमारा स्वभाव है व हमारा संस्कार है । प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के जन्मदिवस पर शुरू सेवा पखवाड़े के तहत सैकड़ों जन कल्याण के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस पखवाड़े में शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं विकास के क्षेत्रों अनेक कार्यक्रम किए गए।

अपने संबोधन में, केंद्रीय राज्य मंत्री साहू ने जन कल्याण के इन कार्यक्रमो में अपना योगदान देने के लिए स्कूली बच्चों, पार्टी संगठन, व्यापारी संगठन के लोगों सहित समस्त प्रतिभागियों का धन्यवाद दिया।

तोखन साहू ने स्वच्छता के प्रति योगदान के लिए दिल्ली नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने बताया कि दिल्ली नगर निगम द्वारा १५१ गंदगी स्थलों को पूरी तरह समाप्त किया गया है। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत दिल्ली में १६ हजार से ज्यादा पौधे लगाए गए हैं एवं सैकड़ों आयोजन व स्वच्छता रैलियों की गई।

## दिल्ली में सर्किल रेट बढ़ाने को सरकार ने मांगे सुझाव

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने सर्किल रेट बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है। सरकार का कहना है कि मौजूदा दरें बाजार की वास्तविक स्थिति को सही ढंग से नहीं दर्शा रही हैं इसलिए इन्हें संशोधित कर मौजूदा परिदृश्य के अनुरूप किया जाएगा। इस संबंध में राजस्व विभाग की ओर से सूचना जारी की गई है। विभाग ने संशोधन प्रक्रिया पर जनता, आरडब्ल्यूए, उद्योग जगत, संपत्ति मालिक और अन्य हितधारकों से सुझाव मांगे हैं। इच्छुक लोग १५ दिनों में सुझाव ईमेल suggestionon-delhicirclerates@gmail-comपर भेज सकते हैं। सरकार का कहना है कि संशोधित सर्किल रेट लागू होने के बाद संपत्ति खरीद-बिक्री की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होगी। बाजार मूल्यांकन के अनुरूप संपत्तियों का पंजीकरण हो सकेगा।

# डीयू में निकली प्रोफेसर व एसोसिएट प्रोफेसर की भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डीयू ने प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर के पर भर्ती की अधिसूचना जारी कर दी है, जिसमें संकाय पदों के लिए पात्रता संबंधी जानकारी दी गई है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकेंगे। विभिन्न विभागों में प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर के कुल 56 रिक्त पदों की घोषणा की गई है। इस भर्ती के लिए पंजीकरण प्रक्रिया डीयू के आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन मोड में होगी और ७ अक्तूबर २०२५ से शुरू होगी और २१ अक्तूबर तक चलेगी। प्रोफेसर: प्रोफेसर पद के लिए उम्मीदवार के पास संबंधित विषय में पीएच.डी. की डिग्री होना अनिवार्य है। इसके अलावा, मास्टर डिग्री में न्यूनतम 55% अंक प्राप्त होने चाहिए। उम्मीदवार के पास न्यूनतम 10 वर्षों का शिक्षण या अनुसंधान अनुभव होना चाहिए और कम से कम 10शोध प्रकाशन प्रकाशित होने चाहिए। यूजीसी के मानदंडों के अनुसार, प्रोफेसर के लिए न्यूनतम 120 शोध अंक आवश्यक हैं।

एसोसिएट प्रोफेसर: एसोसिएट प्रोफेसर पद के लिए भी उम्मीदवार के पास प्रासंगिक विषय में पीएच.डी. की डिग्री होना आवश्यक है और मास्टर डिग्री में न्यूनतम 55% अंक होने चाहिए।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

प्राधिकरण अधिकारियों ने बापू और लाल बहादुर शास्त्री को किया याद

# महात्मा गांधी व भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गुरुवार को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण परिसर में भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 156वीं जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की 121वीं जयंती के पावन अवसर पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कार्यालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

सभा में उनके जीवन, आदर्शों एवं योगदान पर प्रकाश डाला गया। महात्मा गांधी जी, जिन्होंने सत्य, अहिंसा और आत्मबल के माध्यम से देश को स्वतंत्रता दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया।



आज भी विश्वभर में शांति और नैतिकता के प्रतीक बने हुए हैं एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री जी, जिन्होंने 'जय जवान, जय किसान' का अमर उद्घोष देकर देश के किसानों और सैनिकों का सम्मान बढ़ाया, उनके सादगीपूर्ण जीवन और नेतृत्व को सदा स्मरण किया जाएगा।

इस दौरान उनके जीवन आदर्श से प्रेरणा लिए जाने पर जोर दिया गया। कार्यालय के प्रमुख अधिकारियों के द्वारा अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन हमें सत्य, अहिंसा, ईमानदारी और सेवा भावना के उन मूल्यों की याद दिलाता है जिन पर इन दोनों महापुरुषों का सम्पूर्ण जीवन आधारित था। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# गणेश अस्पताल में धूमधाम से मना दुर्गा नवमी पर्व सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया भंडारे का प्रसाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नेहरू नगर स्थित गणेश अस्पताल में दुर्गा नवमी का पर्व हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। अस्पताल परिसर स्थित मंदिर में मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना के बाद हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां दुर्गा की आराधना से हुआ। गणेश अस्पताल की चेयरपर्सन डॉ. अर्चना शर्मा ने कहा कि नवरात्र के दिनों में मां दुर्गा की उपा. सना से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज को जोड़ने और धार्मिक मूल्यों को संजोने का काम करते हैं। गणेश अस्पताल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. प्रतीक शर्मा एवं उनकी पत्नी डॉ. मोनीषा शर्मा ने स्वयं श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल केवल स्वास्थ्य



सेवाओं तक ही सीमित नहीं है, बल्कि समाज और धर्म के हित में भी अपनी भूमिका निभाता है। समय-समय पर यहां नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शि. विर, रक्तदान शिविर और जरूरतमंदों की मदद के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। भंडारे में श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग श्रद्धालु मां दुर्गा के जयकारों के बीच प्रसाद ग्रहण करते नजर आए। पूरे परिसर में भक्ति और आस्था का माहौल छाया रहा।

## महाराणा प्रताप भवन में मनाया गया विजय दशमी का त्यौहार

**मोदीनगर।** महारणा प्रताप भवन पर विजय दशमी सामारोह का आयोजन किया गया जिसमे हवन शस्त्र पुजन का आयोजन किया गया। कार्यकरम में बतौर मुख्यातिथि सांसद राजकुघ्मार सागवान मौजूद रहे।उनके साथ साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, पूर्व चेयरमैन रामआसरे शर्मा, प्रधानाचार्य सुशील पुनडीर महाराणा प्रताप समिति के समय सिंह शिशोदिया ने कार्य क्रम का संचालन किया। सभी ने महारणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यकम् में सहिपाल सिंह यशपाल सिंह देवेन्द्र शिशोदिया वोर पाल राघव सन्दीप भारद्वाज, अलकार चौहान जितेंद्र छोकर मोहन पुडीर आदि उपस्थित रहे।

## सपाइयों ने मनाई महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सपा कार्यालय पर राष्ट्रीय पिता महात्मा गांधी जी व भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार महात्मा गांधी जी एवम लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रों पर पुष्प अभिषेक किया गया। उसके बाद गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन द्वारा कहा गया महात्मा गांधी जी के जीवन राष्ट्र के प्रत्येक वर्ग को समर्पित था। महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट जिला महासचिव नितिन त्यागी महानगर महासचिव राजन कश्यप वरिष्ठ नेता रमेश यादव एडवोकेट राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रोफेसर भुवन जोशी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सरवन कुमार त्यागी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कर्मवीर सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सभा राज देवी चौधरी ताहिर हुसैन प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ इरफान अमानत चौधरी यूथ बिग्रेड जिला अध्यक्ष अंशु ठाकुर छात्र सभा जिला अध्यक्ष विवेक त्यागी लोहिया वहिनी महानगर अध्यक्ष असलम कुरैशी लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष साकिर हुसैन, रिजवान चौधरी उपस्थित रहे।

# महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर गांधी ग्राउंड में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** मोदीनगर की विधायक डॉ. मंजू शिवाच एवं नगर पालिका परिषद मोदीनगर के चेयरमैन विना. द वैशाली जी ने सबसे पहले ष्सेवा पखवाड़ाष के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया। सफाई कार्य सम्पन्न होने के बाद गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके उपरांत लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई गई। जनप्रति. निधियों ने गांधी जी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के संदेश तथा शास्त्री जी के 'जय जवान, जय किसान' के नारे को भारत की आत्मा बताया और कहा कि इनके



आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर नगर के अनेक गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख रूप से दिनेश सिंघल (पूर्व जिलाध्यक्ष), सभासद संघर्ष समिति के अध्यक्ष वेद प्रकाश चौधरी, अर्जुन नेहरा, सूबे सिंह, जितेंद्र चौधरी, बलराज सिंह, आदित्य बॉबी, रजनीश चौधरी, किशन राज, प्रदीप शर्मा, नीटू चौधरी, धर्मवीर मास्टर, अमरीश (एस एफ आई), दिनेश एस एफ आई), देवेन्द्र चौधरी, जितेंद्र चौधरी, विजय वाल्मीकि, नवीन जायसवाल, स्वदेश जैन, अमित चौधरी, पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारीगण आदि लोग मौजूद रहे।

## डीसीपी ग्रामीण ने मनाई महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** डीसीपी ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी ने थाना में पुलिस कर्मियों को महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर पुलिस कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लालबहादुर शास्त्री के फोटो पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बता दें कि 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लालबहादुर शास्त्री की जयंती थाना में मनाई गई। इस मौके पर डीसीपी ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी सहित पुलिस कर्मियों ने दोनों महान हस्तियों के फोटो पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। डीसीपी ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी ने स्वच्छता अभियान के तहत पुलिस कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। डीसीपी ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी ने कहा कि हमें महान हस्तियों के बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। उनके सिद्धांतों व आदर्शो को जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को स्वच्छता अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। घर गलियों व सार्वजनिक स्थलों को साफ व स्वच्छ रखना चाहिए। साफ सफाई रहने से बिमारियां दूरए नगरपालिका कर्मचारी।

## मोदीनगर कांग्रेस ने मनाई गांधी व शास्त्री जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** शहर कांग्रेस कमेटी मोदीनगर के तत्वाधान में शहर अध्यक्ष बृजेश कुमार सेन की अध्यक्षता में सत्य और अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री सादगी और ईमानदारी के प्रतीक स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर मनाई गई इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने अपने संबोधन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सुनील शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष चांद वीर चौधरी, भिखारी लाल कश्यप, विशाल कौशिक, पवन कोरी, जहूर खान, अवनी शर्मा, कपिल कुमार, देव जाटव, अर्पित, सुशील पासी, अरविंद कुमार, सत्येंद्र कुमार, सतपाल एवं हरिओम आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## एमपीएस पब्लिक स्कूल ने चलाया विशेष सफाई अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर एमपीएस पब्लिक स्कूल संजय नगर में विशेष सफाई अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनिता जॉन्सन, सीनियर अकेडमिक कोऑर्डिनेटर धरम कुमार, आनंद सर, पूनम शर्मा, रक्षित सर सहित अन्य अध्यापकगणों ने विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सफाई की तथा समाज को "स्वच्छता ही सेवा है" और "स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत" का संदेश दिया। प्रधानाचार्या ने अपने उद्बोधन में कहा कि महात्मा गांधी का सपना स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत का था, जिसे हम सबको मिलकर साकार करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को घर, विद्यालय और समाज में स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प दिलाया। विद्यालय के प्रबंधक राजीव त्यागी व अध्यापकों ने भी बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य न होकर जीवन का आवश्यक हिस्सा होना चाहिए। इस अभियान में सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल व शहर मंडल अध्यक्ष राहुल गोयल के नेतृत्व में

# महात्मा गांधी व पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री की मनाई जयंती और चलाया सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व के आवाहन पर गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के दिशा निर्देश अनुसार शहर मंडल अध्यक्ष राहुल गोयल के नेतृव में सेवा पखवाड़े का समापन एवं गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल के सभी कार्यकर्ताओं ने सफाई अभियान चलाया और महापुरुष भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माला अर्पण किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बॉबी त्यागी सभी कार्यकर्ताओं



को खादी वस्त्र खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानगरब पूर्व जिला अध्यक्ष अरविंद भारतीय महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल, मनोज शर्मा पूर्व महानगर मंत्री संजीव त्यागी, बॉबी पंडित, मंडल महामंत्री मोहित त्यागी, गीता चौधरी मंडल उपाध्यक्ष अनिल शर्मा सचिन शर्मा, सोनिया त्यागी, मंडल मंत्री तनु शर्मा रोहित कुमार राजकुमार भारती, राजकुमार गौतम, मनी सेठ, राजकुमार भारती, संजीव शर्मा, नितिन कुमार सभासद, विनोद प्रजापति, सचिन ठाकुर अजय शर्मा, मुकेश शर्मा अशोक शिव शर्मा, मंडल के सभी सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गांधी जयंती पर निकाली गई महिला सशक्तिकरण रैली

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत कर्मचारियों को दिलाई गई शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** नगर पालिका परिषद मुरादनगर के सभागार में अधिशासी अभियंता शैलेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में गांधी जयंती मनाई गई। इस दौरान अधिशासी अधिकारी व अन्य कर्मचारियों द्वारा बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें याद किया गया साथ ही देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए माल्यार्पण किया गया।

इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में सभी कर्मचारियों को स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत शपथ दिलाई गई। नारी सशक्तिकरण हेतु एक रैली निकाली गई जिसमें सफाई एवं खाद्य निरीक्षक शमशाद अहमद, अवर अभियंता जलकल दीपक कुमार, वरिष्ठ लिपिक प्रदीप कुमार, लिपिक राजकुमार, मोहम्मद वसीम, समेत नगर



पालिका परिषद मुरादनगर के समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश की आजादी एवं देश सेवा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया साथ ही हमें देश प्रेम और मानव सेवा के लिए एक संदेश दिया है उनके संदेश को हमेशा हमें याद रखना चाहिए। पूरे नगर की सफाई व्यवस्था एवं विकास कार्य की जिम्मेदारी हमारी है इसलिए हमें भी गांधी जी के रास्ते पर चलते हुए अपने संकल्प को हमेशा ध्यान रखना चाहिए।

## दुर्गा पूजा समिति ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** रामनवमी के अवसर पर दुर्गा पूजा समिति ज्ञान खंड इंदि. रापुरम के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उत्तराखंड सरकार के पूर्व मंत्री धीरेंद्र प्रताप कांग्रेस के जिलाध्यक्ष के अध्यक्ष सतीश शर्मा उपस्थित रहे। समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार ने अतिथियों का स्वागत कराया तथा अवगत कराया कि पिछले 4 वर्षों से उत्तरांचल तथा पूर्वांचल समाज के लोगों द्वारा प्रत्येक वर्षीय आयोजन किया जाता है यह सब सरकार जिला कंट्रोल रूम के इंचार्ज गिरीश शर्मा युवा कांग्रेस के नेता अक्षय शर्मा महानगर कांग्रेस के महामंत्री हरीश गोयल मुकेश सेन सुशील पोरवाल तथा रावत जी उपस्थित रहे समिति मे महिला सदस्यों तथा बच्चों द्वारा गणेश वंदना तथा माता के भजनों का गुणगान किया गया।

# महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की मनाई जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर राष्ट्रीय पिता श्री महात्मा गांधी जी और पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती का आयोजन किया गया। जिसका संचालन वरिष्ठ कांग्रेसी बाबूराम शर्मा ने किया। कार्यक्रम में सभी पूर्व एवम् वर्तमान कांग्रेसी पार्षद, विधायक, संसद और मंत्री, नेतागण, कार्यकर्ता, महानगर पदाधिकारी, पीसीसी सदस्य एवम् एआईसीसी सदस्य, मंडल अध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष, मण्डल व ब्लॉक कमेटी पदाधिकारी और फ्रंटल अध्यक्ष एवं फ्रंटल कमेटी के पदाधिकारी आदि उक्त कार्यक्रम में शामिल हुए। जिसमें



सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियो ने अपने वक्तव्य राष्ट्रीय पिता महात्मा गाँधी जी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी को नमन और पुष्प अर्पित करके व्यक्त किए। जिसमें मुख्य रूप से वक्ता महानगर अध्यक्ष वीर सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष विनीत त्यागी, उपाध्यक्ष इस्माइल खां, उपाध्यक्ष सूर्यकांत, महानगर अध्यक्ष विधि विभाग एडवोकेट चन्द्रपाल, महानगर सेवा अध्यक्ष भारत गुप्ता, महानगर ओबीसी विभाग अध्यक्ष जितेंद्र टॉक, अमित कुमार बंटी, जगतार सिंह भट्टी, गोपाल भाटी, रवि शंकर सूर्या, शशि भूषण, महानगर अध्यक्ष महिला कांग्रेस परवीन खुशनुमा परवीन, आशीष कुमार प्रेमी, और सैय्यद वली हसन आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष वीर सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष विनीत त्यागी, कार्यालय सचिव बाबूराम शर्मा, उपाध्यक्ष इस्माइल खां, उपाध्यक्ष सूर्यकांत, महानगर अध्यक्ष विधि विभाग एडवोकेट चन्द्रपाल, महानगर अध्यक्ष अनुसूचित जाति आशीष कुमार प्रेमी, मण्डल प्रभारी जगतार सिंह भट्टी, ब्लॉक प्रभारी शशि भूषण, महानगर अध्यक्ष महिला कांग्रेस परवीन खुशनुमा परवीन, महानगर सेवादल अध्यक्ष भरत गुप्ता, सगवर सिंह त्यागी, रमेश त्यागी, रामसिंह यादव, नवाब, जय भगवान, सुनील शुक्ला, उपाध्यक्ष शमशुद्दीन सैफी, मोहम्मद कासिम, हाफिज सलमानी, अब्दुल कादिर, रफीक कुरेशी, सैय्यद वली हसन, नौबहार, कुलभूषण उर्फ मोनू, नसीम बेकग, हरिराम भारद्वाज, महासचिव उदय सिंह पाल, बिजेंद्र जाटव उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग, शिव पूजन कनोजिया, जितेंद्र सिंह पूर्व सचिव, अशोक कौशल, महासि. चव पवन शर्मा, वीरेंद्र सिंह, महासचिव अमित कुमार बंटी, इकरार सैफी, उदय सिंह राठौर, प्रमोद कुमार शर्मा, सचिव हरपाल सिंह, शबाना जाकिर, नन्द किशोर, महासचिव अनुसू. चत विभाग सुंदर जाटव, अहमद शकूर, चौधरी अली हसन, महासचिव रवि शंकर सूर्या, महासचिव गोपाल भाटी, जे पी सिंह उर्फ वीरजी, आशिफ कासिम, जाहिर अली, अशरफ कासिम प्रधान, रजनीश सिंघ, त्रिलोक आदि उपस्थित रहे।

## हमला करने वाले तीन अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी जिले के हर्ष विहार इलाके में बीते रविवार देर रात अज्ञात बदमाशों ने दो युवकों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया और फिलहाल जीटीबी अस्पताल में उपचाराधीन है। पुलिस ने मामले में अज्ञात हमलावरों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अज्ञात आरोपियों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

पुलिस के मुताबिक, हर्ष विहार में २८ सितंबर की रात लगभग ११:३० बजे राणा चौक, सबोली के पास युवकों पर हमले की सूचना मिली। बिहार के मधुबनी जिला स्थित औराहा गांव निवासी २३ वर्षीय सरोज कुमार ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्त अविनाश के साथ रामलीला देखकर लौट रहे थे।

# भाजपा नेताओं ने दिल्लीवासियों को दशहरे की शुभकामनाएं दीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा एवं भाजपा के वरिष्ठ विधायक ओमप्रकाश शर्मा की उपस्थिती में पूर्वी दिल्ली की प्रसिद्ध आई.पी. एक्सटेंशन रामलीला में तीर चला कर रावण, कुम्भकर्ण एवं मेघनाथ के पुतलों में आग लगाई। तत्पश्चात भगवान राम के साथ सीता ,लक्ष्मण जी एवं हनुमान जी की तिलक आरती कर दिल्लीवासियों को असत्य पर सत्य के विजय पर्व दशहरे की शुभकामनाऐ दीं।

सांसद कमलजीत सहरावत श्री रामलीला कमेटी जनकपुरी के दशहरा उत्सव में सम्मिलित हुईं और दिल्लीवासियों को बधाई दी। सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी विधायक करतार सिंह के साथ छतरपुर विधानसभा में पार्षद शरीराजपाल सिंह के साथ कालकाजी विधानसभा में रावणदहण में सम्मिलित हुए और दिल्ली वासियों को बधाई दी। सांसद बाँसुरी स्वराज ने ग्रेटर कैलाश १ में विधायक श्री सतीश उपाध्याय, श्रीमती बाँसुरी स्वराज एवं श्री नीरज बसोया की उपस्थिती में तीर चला कर रावण दहन किया और एकत्र जनसमूह को शुभकामनाऐ दीं।



## दिल्ली में प्रवेश करने वाले आवश्यक माल वाहकों के लिए पर्यावरण उपकर छूट समाप्त

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले वाणिज्यिक वाहनों को दिल्ली में प्रवेश करने से पहले पर्यावरण क्षतिपूर्ति उपकर (ईसीसी) का भुगतान करने से दी गई एक दशक पुरानी छूट वापस ले ली है। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन तथा न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने यह आदेश २६ सितंबर को पारित किया, जिसे हाल ही में सार्वजनिक किया गया। पीठ ने कहा कि अक्टूबर २०१५ में दी गई यह छूट ''वास्तविक परिचालन कठिनाइयां'' पैदा कर रही थी और कर के उद्देश्य को कमजोर कर रही थी। पीठ ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आवेदन को स्वीकार कर लिया, जिसमें ''इस न्यायालय के नौ अक्टूबर २०१५ के आदेश के अनुसरण में आवश्यक वस्तुएं जैसे सब्जियां, फल, दूध, अनाज, अंडा, बर्फ (खाद्य पदार्थ के रूप में उपयोग किए जाने के लिए), पोल्ट्री सामानङ्ख आदि ले जाने वाले वाणिज्यिक वाहनों को ईसीसी से दी गई छूट को हटाने का अनुरोध किया गया था।'' निगम ने बताया कि अदालत द्वारा दी गई छूट के कारण वाहनों को रोककर यह जांचना पड़ता है कि वे आवश्यक वस्तुएं ले जा रहे हैं या नहीं। इससे काफी वक्त बर्बाद होता है और वाहन लगातार धुआं उत्सर्जित करते हैं, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता है।

पीठ ने कहा, ''हमें लगता है कि यह वास्तव में एक परेशानी है। वाहनों में ले जा रही सामग्री का बाहरी निरीक्षण करना कठिन है। इसलिए सभी वाहनों को जांच चौकी पर रोकना पड़ता है और उनकी जांच करनी पड़ती है, जिससे लंबी रुकावटें होती हैं और वायु प्रदूषण की समस्या बढ़ती है।'' साथ ही, न्यायालय ने यह भी कहा कि लगाया गया शुल्क इतना अधिक नहीं है कि आम उपभोक्ताओं की कीमतों पर नकारात्मक असर पड़े। न्यायालय ने यह आदेश दिल्ली-एनसीआर में पर्यावरण संबंधी चिंताओं से जुड़ी एमसी मेहता की १९८५ की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

# क्राइम ब्रांच ने पकड़े 122 किलो पटाखे, सप्लायर गिरफ्तार

**शााह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण को रोकने और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए क्राइम ब्रांच लगातार अवैध पटाखों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में नॉर्थ रेंज-८ की टीम ने मुंडकपुर इलाके के समता विहार से १२२ किलो प्रतिबंधित पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है।

क्राइम ब्रांच को हेड कांस्टेबल नीरज कुमार के जरिए गुप्त सूचना मिली थी कि इलाके में भारी मात्रा में अवैध पटाखे बेचे जा रहे हैं। जानकारी की पुष्टि होते ही इंस्पेक्टर अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में और एसीपी अशोक शर्मा की देखरेख में एसआई मनीष कुमार, महिला एसआई पिंकी रानी, हेड कांस्टेबल मनदीप, हेड कांस्टेबल नरेंद्र और कांस्टेबल अंकुश की टीम गठित की गई। ३० सितंबर को टीम ने छापा मारकर समता विहार निवासी राधा रमण (५२) को गिरफ्तार कर लिया। उसकी दुकान से पुलिस ने १२२ किलो प्रतिबंधित पटाखे जब्त किए। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह यह माल गुरुग्राम से लाकर अपने इलाके में ऊंचे दामों पर बेचने की फिराक में था। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है और आरोपी के खिलाफ धारा २२३(बी)/२८८ बीएनएस और ९(बी) एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। फिलहाल सप्लाई चेन का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है। दिल्ली पुलिस ने दो. हराया है कि वह सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का सख्ती से पालन करेगी और राजधानी में अवैध पटाखों की बिक्री और भंडारण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को दी गई श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया कौमी तंजीम द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद तारिक अनवर के निवास 16 अशोक रोड, नई दिल्ली में किया गया। इस मौके पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें एडवोकेट इमरान आलम, मौहम्मद हिदा यतुल्लाह, फिरोज सिद्दीकी, अज्मी बारी, फेस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी, अब्दुल मन्नान, फिक्की के सचिव सलीम अंसारी, एमजेवीएस के उपाध्यक्ष मौहम्मद मुस्तफा, डॉ. इक.बाल अहमद और इम्तियाज अहमद विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर सांसद तारीकङ्घ अनवर ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि आज देश में बढ़ रही नफरत को खत्म करने के लिए हमें महात्मा गाँधी और लाल बहादुर शास्त्री के संदेशों को लेकर गाँव-गाँव और शहर-शहर जाना होगा तथा देशवासियों को जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि आरएसएस और भाजपा राजनीतिक लाभ के लिए देश में नफरत का माहौल बना रहे हैं और यह बात देश की जनता को समझनी चाहिए। एडवोकेट इमरान आलम ने कहा कि इन दोनों महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके पदचिह्नों पर चलकर देश की तरक्की और एकता में योगदान दें।



**ऑल इंडिया कौमी तंजीम द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम सांसद तारिक अनवर एडवोकेट इमरान आलम, मौ. हिदायतुल्लाह, फिरोज सिद्दीकी व फेस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी आदि।**

# मुनव्वर फारुकी के घर की रेकी कर चुके थे गोल्डी बराड़ के शूटर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की काउंटर-इंटेलिजेंस टीम ने कालिंदी कुंज के पुश्ता रोड पर एक एनकाउंटर के दौरान दो शूटरों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार अपराधियों की पहचान राहुल (पानीपत, हरियाणा) और साहिल (भिवानी, हरियाणा) के रूप में हुई है।

दोनों बदमाश रोहित गोदारा-गोल्डी बराड़-वीरेंद्र चारण गिरोह से जुड़े हुए थे और मशहूर स्टैंड-अप कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी की हत्या की साजिश रच रहे थे। फारुकी ने २०२४ में रियलिटी शो बिग बॉस जीता और इंस्टाग्राम पर उनके १४.२ मिलियन फॉलोअर्स हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि हरियाणा ट्रिपल मर्डर केस के आरोपी दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी इलाके में मौजूद हैं। पुलिस ने रात करीब ३ बजे उन्हें रो. कने का प्रयास किया, लेकिन बाइक सवार अपराधियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों अपराधियों के पैर में गोली लगी और उन्हें गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, श्दिल्ली पुलिस की काउंटर- इंटेलिजेंस टीम को सूचना मिली कि हरियाणा के तिहरे हत्याकांड के आरोपी दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी के आसपास घूम रहे हैं। कालिंदी कुंज इलाके के पुश्ता रोड पर जाल बिछाया गया। तड़के करीब ३ बजे पुश्ता रोड पर एक बाइक आती दिखाई दी, जिसे रुकने का इशारा किया गया। लेकिन बाइक सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लग गई। इसके बाद राहुल और साहिल नाम के दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस के मुताबिक, श्राहुल दिसंबर २०२४ में यमुनानगर, हरियाणा में हुए ट्रिपल मर्डर में शामिल था और पहचान उजागर न होने की वजह से फरार था। इसके अलावा, दोनों अपराधी रोहित गोदारा, गोल्डी बराड़ और वीरेंद्र चारण के इशारे पर मुंबई और बेंगलुरु में एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की हत्या की योजना बना रहे थे।

## किसी अन्य छात्रा से तो नहीं की छेड़छाड़, हो रही है जांच

**नई दिल्ली।** यूसीएमएस (मेडिकल कॉलेज ) में एक एमबीबीएस की छात्रा के साथ छेड़छाड़ के मामले में दिल्ली पुलिस जांच कर यह जानने का प्रयास कर रही है कि आरोपी सहायक प्रोफेसर ने किसी अन्य छात्रा के साथ भी छेड़छाड़ तो नहीं की थी, या किसी अन्य छात्रा का यौन शोषण तो नहीं किया था। जीटीबी यूसीएमएस में एमबीबीएस की छात्रा के साथ सहायक प्रोफेसर ने छेड़छाड़ की थी और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया, आरोपी सहायक प्रोफेसर मामला दर्ज होने के बाद ही फरार हो गया था जिसे पुलिस ने रेवाड़ी स खोज निकाला और गिरफ्तार कर लिया स आरोपी सहायक प्रोफेसर एनेस्थीसिया विभाग में कार्यरत था जिसकी पहचान मोहम्मद शाकिर नईम के रूप में हुई है स जब छात्रा ने छेड़छाड़ का विरोध किया था तब आरोपी ने उसे डराने- धमकाने का प्रयास किया था, पर छात्रा ने सारी बात अपने सहपाठी को बता दी थी।

# जनवरी से सितम्बर की हवा रही सबसे शुद्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इस साल जनवरी से सितंबर तक दिल्ली ने पिछले आठ वर्ष कोविड लॉकडाउन वर्ष २०२० को छोड़कर २०१८-२०२५ में अपना सर्वश्रेष्ठ औसत वायु गुणवत्ता सूच कांक (एक्यूआई) दर्ज किया है।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के अनुसार इस अवधि में दिल्ली का औसत सूचकांक १६४ रहा, जो २०२४ में १७८, २०२३ में १६७, २०२२ में १८४, २०२१ में १८०, २०१९ में १८८ और २०१८ में १९३ था। इसके अलावा, मानसून अवधि (जुलाई-सितंबर) के दौरान भी दिल्ली ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस वर्ष मानसून में औसत एक्यूआई ९१ रहा, जो २०१८ से २०२५ तक (२०२० को छोड़कर) की समान अवधि में सबसे बेहतर है। तुलनात्मक रूप से २०२४ में ९१, २०२३ में १०३, २०२२ में ९५, २०२१ में ९९, २०१९ में १०६ और २०१८ में १०९ एक्यूआई दर्ज किया गया था। अनुकूल मौसमी परिस्थितियों और हितधारकों के समन्वित प्रयासों ने इस सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

२०२५ में जनवरी से सितंबर तक एक भी दिन ऐसा नहीं रहा जब एक्यूआई ४०० यानि गंभीर या गंभीर से अधिक दर्ज किया गया हो। यह उपलब्धि अपने आप में उल्लेखनीय और राहत भरी है, क्योंकि २०२४ और २०२३ में ३-३ दिन, २०२२ में एक दिन, २०२१ में छह दिन, २०१९ में सात दिन और २०१८ में छह दिन ऐसे थे। इसके अलावा, इस अवधि में ७५ संतोषजनक दिन दर्ज किए गए, जो २०२० को छोड़कर पिछले वर्षों की तुलना में सबसे अधिक है। तुलना के लिए, २०२४ में ६६, २०२३ में ५९, २०२२ में ६१, २०२१ में ६९, २०१९ में ५४ और २०१८ में ५३ संतोषजनक दिन थे।

यही नहीं, दिल्ली में इस वर्ष जनवरी से २८ सितंबर तक की अवधि में पीएम २.५ का औसत स्तर ६९ माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा, जो २०१८ के बाद से सबसे कम है (२०२० को छोड़कर)। तुलनात्मक रूप से, २०२४ में ८१, २०२३ में ७३, २०२२ में ८०, २०२१ में ८३, २०१९ में ८५ और २०१८ में ८९ माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था।

इसी तरह, पीएम १० का औसत स्तर १६१ माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा, जो २०२४ में १८१, २०२३ में १६९, २०२२ में १९०, २०२१ में १८३, २०१९ में १९४ और २०१८ में २०८ माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की तुलना में काफी कम है। राजधानी में सर्दियों के दौरान बढ़ते वायु प्रदूषण को रोकने के लिए विकसित एयर क्वालिटी अर्ली वॉर्निंग सिस्टम (एक्यूईडब्ल्यूएस) ने अच्छा प्रदर्शन किया है। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) के एक ताजा अध्ययन से पता चला है कि यह सिस्टम २०२३-२४ और २०२४-२५ की सर्दी (अक्तूबर से फरवरी) में श्बहुत खराबश्  और श्उच्चश्  स्तर के प्रदूषण दौर की भविष्यवाणी ८० फीसदी से अधिक सटीकता के साथ कर सका।

# झमाझम बरसे बदरा बारिश से बदला मौसम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गुरुवार शाम को अचानक से मौसम बदल गया। सुबह से ही आसमान में हल्के बादल छाए हुए थे। दोपहर होते-होते दिल्ली के कई इलाकों में हल्की बारिश हुई। वहीं शाम को अचानक से दिल्ली, नोएडा में झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश का असर दुर्गा मां के विसर्जन स्थलों पर भी दिख रखा है। बारिश को लेकर मौसम विभाग ने पहले ही चेतावनी जारी कर दी थी। राजधानी में 4 अक्टूबर से नया तीव्र पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करेगा। मौसम विभाग की मानें तो इसका उत्तर-पश्चिम भारत के विभिन्न इलाकों पर तगड़ा असर नजर आएगा। मौसम विभाग का कहना है कि पूर्वोत्तर अरब सागर और समीपवर्ती सौराष्ट्र तट पर बने निम्न दबाव के क्षेत्र से जुड़े साइक्लोनिक सर्कुलेशन से एक ट्रफ पूर्वी राजस्थान होते हुए दक्षिण-पश्चिम यूपी तक बनी है।


**यात्रीगण कृपया ध्यान दें**

**त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ**

**पहले से ही घोषित अनेक त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ – साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा। इन रेल सेवाओं की समय-सारणी निम्नानुसार होंगीः-**

**01493/01494 पुणे – हज़रत निज़ामुद्दीन – पुणे वातानुकूलित विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन)** — 24 फेरे

| गाड़ी सं. 01493 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 01494 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 17:30 | पुणे जं. | 23:55 | --- |
| 20:00 | --- | हज़रत निज़ामुद्दीन जं. | --- | 21:25 |

चलने के दिन : **01493 पुणे जं.** से प्रत्येक सोमवार एवं बृहस्पतिवार को दिनांक 06.10.2025 से 13.11.2025 तक तथा **01494 हज़रत निज़ामुद्दीन जं.** से प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को दिनांक 07.10.2025 से 14.11.2025 तक।

स्थान : 3 टियर वाता.

ठहराव : लोनावला, कल्याण जं., भिवंडी रोड, वसई रोड, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा जं., रतलाम जं., शामगढ़, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर जं. एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**04312/04311 योग नगरी ऋषिकेश – सियालदह – योग नगरी ऋषिकेश त्यौहार विशेष एक्स. रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 12 फेरे

| गाड़ी सं. 04312 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04311 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 15:20 | योग नगरी ऋषिकेश | 12:00 | --- |
| 19:17 | 19:25 | मुरादाबाद | 07:10 | 07:18 |
| 07:50 | 08:00 | वाराणसी | 19:05 | 19:15 |
| 23:00 | --- | सियालदह | --- | 05:00 |

चलने के दिन : **04312 योग नगरी ऋषिकेश** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 11.10.2025 से 15.11.2025 तक तथा **04311 सियालदह** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 13.10.2025 से 17.11.2025 तक।

स्थान : प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं 2 टियर वाता. सह 3 टियर वाता.

ठहराव : हरिद्वार जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, आलम नगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमोह, धनबाद, आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान, बैण्डेल एवं नैहाटी जं. स्टेशन।

**04314/04313 योग नगरी ऋषिकेश – मुज़फ़्फ़रपुर जं. – योग नगरी ऋषिकेश आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन)** — 32 फेरे

| गाड़ी सं. 04314 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04313 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 15:20 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:15 | --- |
| 19:17 | 19:25 | मुरादाबाद | 07:50 | 07:58 |
| 20:46 | 20:48 | बरेली | 05:32 | 05:34 |
| 11:20 | --- | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | --- | 14:00 |

चलने के दिन : **04314 योग नगरी ऋषिकेश** से प्रत्येक बृहस्पतिवार एवं रविवार को दिनांक 09.10.2025 से 30.11.2025 तक तथा **04313 मुज़फ़्फ़रपुर जं.** से प्रत्येक शुक्रवार एवं सोमवार को दिनांक 10.10.2025 से 01.12.2025 तक।

स्थान : प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं 2 टियर वाता. सह 3 टियर वाता.

ठहराव : हरिद्वार जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, सीवान, छपरा एवं हाजीपुर स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिये रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा भारतीय रेल की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
3047/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# शाहदरा में हुई 'गुरु जी की रसोई' की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा डिस्ट्रिक में 'गुरु जी की रसोई' के नाम से एक भोजन व्यवस्था शुरू की गयी है, जिसमे केवल एक रूपये मात्र में लोग खाना कहा सकेंगे स यह शुरुआत निर्धन और बेसहारा लोगो के लिए शुरू की गयी है ताकि कोई बेसहारा भूखा ना रहे स गुरु जी की रसोई में हफ्ते में शनिवार के दिन अलग - अलग भोजन बनाकर वितरित किया जाएगा।

इस शुरुआत में सभी को खाना एक रूपये में दिया जाएगा, ताकि कोई खुद को लाचार न समझे उनका एक रुपया इस रसोई में सहयोग समझा जाएगा।

गुरु जी की रसोई की शुरुआत अखंड मानव सेवा ट्रस्ट के द्वारा की गयी है, वीरवार को इस शुरुआत के मौके पर करीब 1500 लोगो ने भोजन ग्रहण किया स संस्था के अध्यक्ष हेमंत यादव ने बताया कि जब वह भूखे लोगो को देखते थे तब मेरा मन विचलित हो जाता था और मेरी अंतरात्मा बोलती थी कि इनके लिए कुछ करना चाहिए और इस कड़ी में हमने पहले अस्पतालों में मरीजों और तीमारदारों के लिए बिस्किट चाय की सेवा शुरू की थी अब हमने इसी कड़ी में ष्गुरु जी की रसोई की शुरुआत करने का सौभाग्य मिला, अभी हफ्ते में शनिवार के दिन इस सेवा को रखा गया है।

इस मौके पर पार्षद शिवानी पांचाल,नवीन गुप्ता,अनु फ्रेंक, लोक.`श पांचाल, अमित शर्मा (चीफ बिजलेंस ऑफिसर), बादल चौधरी,शांत शर्मा, रोहन, भगत जी, शर्मा,रोहन,भगत, हर करण, प्रेम चंद और राजकुमार जैन उपस्थित थे।




# पुणे से हजरत निजामुद्दीन तक छह अक्टूबर से द्वि-साप्ताहिक ट्रेन सुविधा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** त्योहारों के मौके पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए उत्तर रेलवे ने पुणे जंक्शन से हजरत निजामुद्दीन तक द्वि-साप्ताहिक (सप्ताह में दो बार) स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू करने का फैसला किया है। यह ट्रेनें त्योहारों के दौरान यात्रा को आसान और आरामदायक बनाने के लिए चलाई जा रही हैं, जिससे लाखों यात्रियों को फायदा होगा।

रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि ये स्पेशल ट्रेनें छह अक्टूबर से १४ नवंबर तक चलेंगी। ट्रेन संख्या ०१४९३ पुणे जंक्शन से हजरत निजामुद्दीन के लिए सोमवार और बृहस्पतिवार को चलेगी। यह ट्रेन पुणे से शाम ५:३० बजे रवाना होकर अगले दिन रात ८:०० बजे हजरत निजामुद्दीन पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या ०१४९४ हजरत निजामुद्दीन से पुणे के लिए मंगलवार और शुक्रवार को शाम ९:२५ बजे निकलेगी और अगले दिन रात ११: ५५ बजे पुणे पहुंचेगी। दोनों दिशाओं में १२-१२ फेरे किए जाएंगे। ये ट्रेनें पूरी तरह वातानुकूलित हैं और यात्रियों की सुविधा के लिए प्रमुख स्टेशनों पर रुकेंगी। मार्ग में पड़ने वाले स्टॉप में लोनावला, कल्याण जंक्शन, भिवंडी रोड, वसई रोड, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा जंक्शन, रतलाम जंक्शन, शामगढ़, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा जंक्शन, सवाई माधोपुर जंक्शन, गंगापुर सिटी और मथुरा जंक्शन शामिल हैं।

## दिव्यांग छात्रों के लिए 10 नए केंद्रों को मंजूरी

**नई दिल्ली।** शिक्षा निदेशालय ने शैक्षणिक सत्र २०२५-२६ के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के तहत १० नए संसाधन केंद्रों के शुभारंभ और संच. ालन को मंजूरी दी है। इन केंद्रों का उद्देश्य सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों (सीडब्ल्यूडी) को चिकित्सीय और पुनर्वास सेवाएं प्रदान करना है। इन संसाधन केंद्रों के सुचारू संचालन के लिए शिक्षा निद. `शालय ने १८ नवंबर, २०२२ के आदेश के तहत जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को लागू किया है, जो नए केंद्रों पर भी लागू होगी। इन केंद्रों में फिजियोथेरेपिस्ट, व्यावसायिक चिकित्सक, वाक् चिकित्सक और पुनर्वास/नैदानिक मनोवैज्ञानिक जैसी विशेष सेवाएं उपलब्ध होंगी। प्रत्येक चिकित्सा सत्र ४५ मिनट का होगा और प्रतिदिन आठ सत्र आयोजित किए जाएंगे। संसाधन केंद्र सप्ताह में छह दिन (राजपत्रित अवकाश, दूसरे शनिवार और रविवार को छोड़कर) सुबह नौ से शाम पांच बजे तक कार्य करेंगे।

# राजघाट पर मौन रख 'आप' ने की वांगचुक की रिहाई की प्रार्थना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर राजघाट उनकी समाधि पर गांधीवादी माने जाने वाले सोनम वांग. चुक की जेल से रिहाई की प्रार्थना की। प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज के नेतृत्व में आप नेताओं ने गांधी समाधि पर पुष्प अर्पित किए और कुछ समय मौन रखकर प्रार्थना की।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि गांधी की समाधि पर फूल चढ़ाने वाले ही एक सच्चे गांधीवादी सोनम वांगचुक को देशद्रोह के झूठे मुकदमे में जेल में डाल दिया गया हैं। जबकि सोनम वांगचुक ने सत्य और अहिंसा की राह दिखाई है, इसलिए देशवासियों को गांधी जयंती पर प्रार्थना करनी चाहिए कि वे उसी राह पर मजबूती से चल सकें। सौरभ भारद्वाज ने मीडिया से बातचीत में बताया कि उनकी सोनम वांगचुक की पत्नी से बातचीत हुई है और पार्टी हर संभव मदद के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि गांधीवादी के लिए जेल में रहना बड़ी बात नहीं है, लेकिन असली प्रार्थना यह है कि देशवासी अहिंसा और सत्य की राह पर चलने की शक्ति पाएं।

विधायक संजीव झा ने कहा कि गांधी के अनुयायी सोनम वांगचुक का जेल में बंद होने दुर्भाग्यशाली हैं और जिन्होंने उन्हें बंद किया, वे भी बापू की समाधि पर श्रद्धांजलि दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि देशवासियों को आज गांधी से प्रेरणा लेते हुए सोनम वांगचुक का समर्थन करना चाहिए।

# बढ़ा मानसिक तनाव, 100 स्वास्थ्य केंद्र खोलने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अवसाद, पारिवा. रिक कलह और अन्य कारणों से की जाने वालीं आत्महत्याओं के मामले बढ़े हैं। कोरोना से पहले जहां इनका आंकड़ा प्रतिवर्ष २५०० के आस-पास था। वहीं अब कोरोना काल और उसके बाद यह ३,००० को पार कर गया है।

नेशनल क्राइम रिकार्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में आत्महत्याएं सबसे अधिक हो रही हैं। यहां औसतन प्रतिदिन नौ आत्महत्या के मामले सामने आ रहे हैं। यह स्थिति चिंता. जनक है। इससे निपटने के लिए केंद्र व दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। राष्ट्रीय मेंटल हेल्थ प्रोग्राम के तहत लोगों के मान. सिक स्वास्थ्य सुधारने के लिए १०० नए कम्युनिटी मेंटल हेल्थ सेंटर्स का नेटवर्क दिल्ली में खड़ा करने की योजना है। इसकी शुरुआत इसी माह होने की उम्मीद है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, मेंटल हेल्थ सेंटर में मानसिक रोग विशेषज्ञ और सलाहकार फ्री काउंसिलिंग, योग सत्र, ध्यान, समूह चर्चा और मेंटल थेरेपी के माध्यम से लोगों का तनाव दूर करने का प्रयास करेंगे। अभी तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की तरह ऐसे केंद्रों की उपलब्धता नहीं है, इसकी वजह से शुरुआत में ही ऐसे लोगों की काउंसिलिंग नहीं हो पाती है। छोटी बीमारियों का जिस तरह से इलाज इन प्राथमिक केंद्रों पर हो जाता है।

वैसे ही तनाव, अवसाद या पारिवारिक कलह से जूझ रहे लोगों को भी एक सेंटर मिल जाएगा, जहां उन्हें बेहतर काउंसिलिंग मिल सकेगी। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने हाल ही में एक कार्यक्रम में कहा कि 'हमारा लक्ष्य २०२६ तक सभी १०० केंद्रों को आरंभ करना है। पहले चरण में २० सेंटर उत्तरी, पश्चिमी और दक्षिणी जिलों में बनेंगे, जहां आत्महत्या दर सबसे ऊंची है। यह तनावमुक्त दिल्ली की दिशा में बड़ा कदम साबित होगा। इहबास के पूर्व निदेशक डॉ. निमेष जी. देसाई का कहना है कि कोरोना ने मानसिक स्वास्थ्य संकट को उजागर किया।

मोबाइल और इंटरनेट क्रांति ने इस संकट को और गहरा किया है। देश में इस समय ८८ करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता हो चुके हैं। ग्लोबल डिजिटल टाइम रिपोर्ट के अनुसार औसत भारतीय प्रतिदिन छह से आठ घंटे इंटरनेट का उपयोग करता है। उनमें अवसाद, अकेलेपन की समस्या अधिक पाई गई है।


उत्तर प्रदेश पावर ट्रॉसमिशन कारपोरेशन लि0
विद्युत पारेषण खण्ड-मुरादनगर

पत्रांक1013/वि0पा0ख0मु0 दिनांक 30.9.2025

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

ई-निविदा संख्या-टी-16/वि0पा0ख0मु0/2025-26:- विद्युत पारेषण खण्ड मुरादनगर के अन्तर्गत 220 केवी एवं 132 केवी उपकेन्द्रों हेतु सामग्री आपूर्ति।

निविदा प्रपत्र शुल्क-295

धरोहर राशि रू. 1000.00

ई-निविदा की अन्तिम तिथि- 18-10-2025

समय: प्रात: 11:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र बेवसाईट-htt// etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेत्तर समस्त सूचनायें बेवसाईट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

अधिशासी अभियंता
विद्युत परिषण खण्ड, मुरादनगर।

**राष्ट्र हित में ऊर्जा बचाये**

मोबाईल-7253888445

# गांधी-शास्त्री जयंती पर पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि

## एसपी ने समस्त अधिकारियों को स्वच्छता, सत्यनिष्ठा व राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के प्रति दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती के पावन अवसर पर मेरठ रोड पर स्थित रिजर्व पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दोनों महापुरुषों ने अपने आदर्शों, सिद्धांतों एवं महान योगदान से राष्ट्र को नई दिशा प्रदान की, जिनकी स्मृति में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह द्वारा दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके महान व्यक्तित्व एवं कृतित्व को नमन किया गया। तत्पश्चात क्वार्टर गार्द द्वारा सलामी अर्पित की गई।

इस अवसर पर एएसपी विनीत भटनागर, सीओ वरुण मिश्रा, सीओ जितेंद्र शर्मा सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान एसपी ने उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्वच्छता, सत्यनिष्ठा, राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के प्रति शपथ दिलाई। महात्मा गांधी द्वारा दिए गए सत्य और अहिंसा के संदेश तथा लालबहादुर शास्त्री के जय जवान, जय किसान के मूल मंत्र को स्मरण करते हुए समाज और राष्ट्रहित में ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं स्वच्छता के महत्व पर बल दिया गया। कार्यक्रम के अंत में पुलिस



लाइन के सफाई मित्रों को उनके योगदान एवं निरंतर सेवा भावना के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। इस सम्मान से उनका मनोबल बढ़ा और स्वच्छता के प्रति समर्पण को प्रोत्साहन मिला।

# समाजवादियों ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर क्षेत्र के बुलंदशहर रोड पर स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया और उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर ने कहा कि 2 अक्टूबर को देश की दशा व दशा सुधारने के लिए सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलकर कार्य करते हुए मार्गदर्शन करने वाले राष्ट्रपति महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने जन्म लिया। उनके जीवन गाथा से हमें सत्य और अहिंसा के मार्क पर चलकर अपना जीवन यापन और देश के लिए जनता के प्रति कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि आज हमें विजयदशमी मनाकर सच्चाई की बुराई पर विजय



मिलने का सौभाग्य भी प्राप्त हो रहा है। जहां झूठ और सच के साथ-साथ धर्म और अधर्म के बीच जो रास्ता है और उसका परिणाम क्या होता है उसकी प्रेरणा विजयदशमी के दिन राम ने रावण का वध करके विजय प्राप्त की थी। उन्होंने सभी देशवासियों को विजयदशमी की शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर अनिल आज़ाद, इकबाल कुरैशी, रेशमा अंसारी, अयूब सिद्दीकी, अख्तर मलिक, आदेश गोस्वामी, राजेश यादव, लवी, हसीन चौधरी हसीन चौधरी शहजाद चौधरी, हम्माद मतीन, आजाद अल्वी, नईम, तनवीर अहमद, पुरुषोत्तम वर्मा एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने मनाई गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गुरुवार को कांग्रेसी नगर पालिका परिषद स्थित गांधी प्रतिमा पर एकत्रित हुए। जहां कांग्रेसियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157 वीं जयंती उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राक. ेश त्यागी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद करते हुए कहा कि महात्मा गांधी भारत एवं भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन के एक प्रमुख राजनैतिक एवम् आध्यात्मिक नेता थे। वे सत्याग्रह व्यापक सविनय अवज्ञा के माध्यम से अत्याचार के प्रतिकार करने के समर्थक अग्रणी नेता थे, उनकी इस अवधारणा की नींव सम्पूर्ण अहिंसा के सिद्धान्त पर रखी गयी थी। जिसने भारत सहित पूरे विश्व में जनता के नागरिक अधिक. ारों एवं स्वतन्त्रता के प्रति आन्दोलन के लिये प्रेरित किया। कांग्रेसीयों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पहुंचे और जयंती पर लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री को याद करते हुए पूर्व विधायक गजराज सिंह ने कहा कि शास्त्री ने काशी विद्यापीठ से शास्त्री की उपाधि प्राप्त की। परिवहन मन्त्री के कार्यकाल में उन्होंने प्रथम बार महिला संवाहकों की नियुक्ति की थी। 1951 में, जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में शास्त्री अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासि. चव नियुक्त किये गये। उन्होंने 1952, 1957 व 1962 के चुनावों में कांग्रेस पार्टी को भारी बहुमत से जिताने के लिये बहुत परिश्रम किया



था। इस दौरान पूर्व प्रदेश महासचिव विजय कुमार गोयल, पूर्व जिलाध्यक्ष सैय्यद अयाजुद्दीन, पूर्व शहर अध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा, पूर्व शहर अध्यक्ष अभिषेक गोयल, बिहार कांग्रेस के ऑब्जर्वर डॉक्टर शोएब, जिला उपाध्यक्ष रामप्रसाद जाटव, ब्लॉक अध्यक्ष गढ़ बिजेंद्र त्यागी, ब्लॉक अध्यक्ष हापुड़ मौसीन खान, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोनिका शर्मा, चिकित्सा प्रकोष्ठ शहर अध्यक्ष डॉक्टर पदम सिंह साहनी, तनवीर चौधरी, शादाब सैफी, आस मोहम्मद, हनीफ भाई आदि पदाधिकारी गण और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया दशहरा, पूजा कर सुख शांति की गई प्रार्थना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** हापुड़ में धर्म और न्याय की जीत का प्रतीक विजयादशमी (दशहरा) पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। घरों पर गोबर के कूट बनाकर जिया-विजया देवियों की पूजा के साथ ही अस्त्र-शस्त्र, बहीखाते, कृषि यंत्र आदि का पूजन किया गया। इसके बाद बहनों ने भाइयों के कानों पर नौरते रखे। भाइयों ने बहनों को सामर्थ्य अनुसार उपहार भेंट किए।

क्षेत्र में बुधवार को दशहरा पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। महिलाओं ने घरों पर गोबर के कूट बनाए। घर-परिवार के लोगों ने एकत्र होकर जया-विजया व अपरा. जिता देवी का पूजन किया। विजयादशमी पूजन में अस्त्र-शस्त्र के अलावा पुस्तक, लक्ष्मी, सरस्वती, दीपक आदि का पूजन किया। परिवार की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना व्यापारियों ने अपने बहीखाते तथा किसानों ने अपने कृषि यंत्रों का पूजन कर परिवार की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। इसके बाद बहनों ने भाइयों के कान पर नौरते रखकर उनकी दीर्घायु व अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंटकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। उधर हर साल की भांति इस बार भी दशहरे के दिन बारहदरी के मैदान में रावण का पुतला दहन किया गया, पुतला दहन देखने के लिए मैदान में हजारों लोग मौजूद थे। बुधवार को सुबह तड़के ही विजयादशमी को लेकर बच्चों में उत्साह दिखाई दे रहा था। लोग बारादरी मैदान पहुंचकर रावण और



कुंभकर्ण के पुतलों को खड़ा करने में जुट गए थे। शाम साढ़े चार बजे के करीब गीता भवन से सनातन धर्म सभा की तरफ से शहर में भगवान राम की झांकी निकाली गई। इसके बाद मैदान में पहुंचने पर राम और लक्ष्मण ने रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों पर अग्निबाण छोड़े। बाण लगते ही पुतला धू-धू कर जलने लगा और सत्य का प्रकाश चारों तरफ फैल गया। लोग राम का जयघोष करने लगे। उसके बाद राम ने विभिषण का राज्याभिषेक किया। रामलीला ग्राउंड के साथ ही नगर में भी भारी सुरक्षा व्यवस्था थी।

# गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** देश की आज़ादी और लोकतांत्रिक व्यवस्था को नई दिशा देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा सादगी और ईमानदारी की मिसाल पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर ऑल इंडिया हिन्दुस्तान काँग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश इकाई द्वारा हापुड़ में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष पं. गोपाल शर्मा के नेतृत्व में नगर पालिका परिसर मे लगी महात्मा गांधी की प्रतिमा तथा रेलवे रोड स्थित लगी लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दोनों महापुरुषों को नमन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश कानूनी सलाहकार पं. नरेश चंद शर्मा एडवोकेट, प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं महासचिव पं. आशीष शर्मा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मेरठ मंडल अध्यक्ष आबिद सेफी, युवा जिलाध्यक्ष सुनील शर्मा सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। प्रदेशाध्यक्ष पं. गोपाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए ब्रिटिश शासन को चुनौती दी और भारत को स्वतंत्र कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रदेश कानूनी सलाहकार पं. नरेश चंद शर्मा एडवोकेट ने अपने विचार रखते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री भारतीय राजनीति में सादगी, ईमानदारी और नैतिकता के प्रतीक थे। इस मौके पर प्रदेश कोषाध्यक्ष पं. आशीष शर्मा ने कहा कि गांधीजी और शास्त्रीजी का जीवन हर भारतीय के लिए प्रेरणा स्रोत है। हमें उनके बताए आदर्शों को आत्मसात कर समाज सेवा, राष्ट्रहित और जनकल्याण के लिए कार्य करना चाहिए। युवा जिलाध्यक्ष सुनील शर्मा और अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के मंडल अध्यक्ष आबिद सेफी ने भी युवाओं से आहवान किया कि वे अपने जीवन में इन महापुरुषों की शिक्षाओं को अपनाएँ और देश की एकता, अखंडता और प्रगति में योगदान दें।

कार्यक्रम के अंत में शास्त्री का प्रसिद्ध नारा जय जवान, जय किसान गूँज उठा और कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय के उद्घोष के साथ देशहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

# एंटी रोमियो टीम ने मनचलों के खिलाफ चलाया अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** एसपी के निर्देशन में ज़िलें में लगातार एंटी रोमियो टीम द्वारा मनचंलो के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है और महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में मनचलों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से एंटी रोमियो टीम द्वारा स्कूल, पार्क और मंदिरो के बाहर अभियान चलाया गया। महिलाओं और छात्राओं से छेड़छाड़ या फब्तियां कसने वाले मनचलों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में ज़िलें के थानो की एंटी रोमियो स्क्वाड टीम बुधवार को सक्रिय दिखी। एंटी रोमियो स्क्वाड टीम ने शहर के स्कूल, पार्क और मंदिरों के बाहर अभियान चलाया। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह



द्वारा पार्क, सार्वजनिक स्थान, स्कूल, कालेज के साथ ही मिश्रित आबादी वाले इलाकों में एन्टी रोमियों टीम को भ्रमण कर मनचलों पर शिकंजा कसने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत एंटी रोमियो टीम द्वारा स्कूलों के आसपास मंडराने वाले संदिग्ध युवकों को डांट फटकार लगाई गई। एंटी रोमियो स्क्वायड द्वारा चलाए जा रहे हैं अभियान से मनचंलो में हड़कम मचा रहा।

## एक नजर

### अवैध हथियार लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस ने चैकिंग के दौरान अवैध हथियार लेकर घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है।

पिलखुवा थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि परतापुर रोड पर थाने की पुलिस टीम द्वारा चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ। पुलिस ने उसे तुरंत हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। पुलिस पूछताछ में संदिग्ध युवक की पहचान अशरफ पुत्र शमशेर निवासी गली न. 5 मौहल्ला त्रिलोकीपुरम थाना हापुड नगर जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा सात कार्रवाई की जा रही है। अगर कोई भी अवैध रूप से हथियार रखता हुआ पाया गया तो उसे किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा। उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### मुठभेड़ में गिरफ्तार बदमाश अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** बीते बुधवार की देर रात खुर्जा पुलिस और बाइक सवार बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो बदमाश घायल हो गए। जिन्हें गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से अवैध असलहा, चोरी की बाइक और नकदी बरामद की है। एसएसपी के निर्देश पर वांछित अपराधियों की तलाश में चलाए जा रहे अभियान के तहत खुर्जा नगर पुलिस टीम देर रात हाइवे स्थित कैलाश अस्पताल कट पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखे। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन वे नहीं रुके और पुलिस टीम को देखकर कैलाश अस्पताल जाने वाले सर्विस लेन रोड पर तेजी से भागने लगे। पुलिस टीम ने बदमाशों का पीछा किया तो सर्विस लेन के पास खेत में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। खुद को घिरा देखकर बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। पुलिस की आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी। जिससे वे घायल हो गए और उन्हें मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए घायल बदमाशों की पहचान फहीम उर्फ बावला पुत्र महराज निवासी सराय मियां जंगलगढ़ी, थाना देहलीगेट, जनपद अलीगढ़ और अशरफ पुत्र बसीद निवासी हाथी का पुल, जंगलगढ़ी, जनपद अलीगढ़ के रूप में हुई है। दोनों घायल बदमाशों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के कब्जे से अवैध असलाह एक हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और 7,000 रुपए नकद बरामद हुए हैं।

# फर्जी कागजातों पर रह रहे रोहिंग्या नागरिक को एटीएस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना क्षेत्र में फर्जी कागजातों के आधार पर रह रहे एक रोहिंग्या नागरिक को एटीएस व स्थानीय पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। टीम ने उसके पास से मोबाइल व फर्जी कागजात बरामद किए है। पकड़े गए युवक की पहचान सैय्यद हुसैन के रूप में हुई है। एटीएस की इस छापेमारी से हड़कंप मच गया।

एटीएस के अनुसार प्राथमिक जांच में सामने आया है कि वह भारत में शरण लेने के नाम पर आया था, लेकिन अपनी वास्तविक पहचान छिपाने के लिए उसने नकली पहचान पत्र तैयार करा लिए थे। बुधवार को धौलाना क्षेत्र के खिचरा गांव से उसे दबोच लिया



गया। एटीएस के मुताबिक रोहिंग्या नागरिक से बरामद मोबाइल और फर्जी आईडी की गहन जांच की जा रही है। एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि क्या वह अकेले भारत में रह रहा था या उसके पीछे कोई संगठित गिरोह सक्रिय है। साथ ही उसके नेटवर्क और संभावित संपर्कों का भी पता लगाया जा रहा है।

# मिशन शक्ति के तहत पिंक बूथ पर महिलाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** प्रदेशभर में संचालित मिशन शक्ति 5 अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक करने और उन्हें सुरक्षा व अधिकारों के प्रति सजग बनाने का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में गांधी जयंती के अवसर पर पुलिस अधीक्षक हापुड़ के निर्देशन में नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित ज़दीद चौकी पिंक बूथ पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान चौकी परिसर में लगे पुराने होर्डिंग्स को हटवाकर नए महिला सुरक्षा एवं जागरूकता संबंधी पोस्टर लगाए गए। ज़दीद चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार व पिंक बूथ प्रभारी आशा सौंदे, और उनकी पूरी टीम ने मौके पर मौजूद महिलाओं को मिशन शक्ति



अभियान की महत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में महिलाओं को सरकार द्वारा संचा. लित विभिन्न सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 181 (महिला समर्पण हेल्पलाइन) की जानकारी देकर उनके उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन से जुड़ी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। महिलाओं को भरोसा दिलाया कि उनकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। और समस्या आने पर तुरंत पुलिस मदद उपलब्ध कराएगी। चौकी परिसर में उपस्थित महिलाओं ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह के जागरूकता अभियान से उन्हें आत्मविश्वास मिलता है।

# कम भाव में कोल्हुओं पर गन्ना डाल रहे है किसान

**रोबिन शर्मा**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील क्षेत्र में कोल्हू और क्रेशर मालिकों का गन्ने का पेराई आरंभ हो गया है। गढ़ क्षेत्र में ज्यादातर संख्या में किसान गन्ने की खेती करते हैं,जिसके चलते कोल्हू और क्रेशर मलिक मनमानी कीमत पर किसानों से गन्ना खरीद रहे हैं। समय पर बकाया भुगतान नहीं मिलने के कारण और अगली फसल की समय पर बुवाई करने के लिए किसान कोल्हू में गन्ना डालने को मजबूर है। उत्पादन लागत में भी घाटा होने के कारण क्षेत्र का गन्ना किसान परेशान है।

जहां सरकार की ओर से गन्ने का मूल्य 355 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया हुआ है, वही कोल्हू संचालक किसान की मजबूरी का फायदा उठाकर 260 और 270 रुपए कुंतल गन्ना खरीद रहे हैं, झडीना और सादुल्लापुर में कोल्हू पर 270 रुपए क्विंटल के हिसाब से



किसान नेता एड. सुशील प्रधान



किसान नेता यूनुस खान

गन्ने की खरीद की जा रही है, जहां कोल्हू पर गन्ना बेचने पर किसानों को एक क्विंटल पर 80 से 90 रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसान गन्ना भुगतान में देरी के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। आज के समय में किसान की आर्थिक स्थिति कमजोर है। किसानों का कहना है कि मिल बकाया भुगतान समय से नहीं करती है, और कोल्हू पर गन्ना बेचने से फसल की लागत तक निकालना भी मुश्किल है। मगर अब खेत खाली होने पर बरसिम, सरसों और आलू की फसल की बुवाई करके परिवार के गुजारे के लिए पैसा मिलने की उम्मीद होती है, इसलिए समय से खेतों को खाली करना भी जरूरी है।

किसान नेता एडवोकेट सुशील प्रधान का कहना है कि किसानों को इस समय कम रेट में कोल्हू पर मजबूरी में गन्ना डालना पड़ रहा है, किसान पर रोजमर्रा के खर्चे के साथ-साथ बिजली के बिल का भुगतान और बच्चों की फीस जमा करने का भी तगादा है। किसान अब गन्ना कोल्हू पर डालकर सरसों व आलू की बुवाई कर सकते हैं। इसे बेचकर परिवार का गुजारा कर सकते है। किसान नेता यूनुस खान ने बताया है कि समय से बकाया गन्ना भुगतान न मिलने के कारण मजबूर होकर कम रेट में किसान को गन्ना बिक्री करना पड़ रहा है, किसान को कोल्हुओ पर गन्ना बिक्री करने से आर्थिक नुकसान हो रहा है, यदि चीनी मिल समय से किसानों के गन्ने का भुगतान करें, तो किसानों को कम रेट में कोल्हू पर गन्ना बेचना नहीं पड़ेगा और किसान इस आर्थिक नुकसान से बच जाएगा।

# धूमधाम से मनाया विजयदशमी पर्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिले में गुरूवार को असत्य पर सत्य की जीत का पावन पर्व दशहरा परंपरागत ढंग से मनाया गया। नगर के नुमाइश मैदान में रामलीला के दौरान भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर दिया। रावण वध के साथ ही पूरा मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। मैदान पर रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतले जलाए गए। हजारों की संख्या में लोग दशहरा पर्व मनाने पहुंचे। सुरक्षा के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। नगर के नुमाइश मैदान में श्री रामलीला सभा के तत्वावधान में चल रही रामलीला में गुरुवार की शाम भगवान श्रीराम और रावण का युद्ध हुआ। काफी देर तक रोमांचकारी युद्ध हुआ। अंत में भगवान श्रीराम ने रावण की नाभि में जब अग्निबाण मारा तो रावण धराशायी होकर जमीन पर गिर पड़ा। रावण वध होने पर भगवान श्रीराम के जयकारों से पूरा मैदान गूंज उठे। रावण के मरने की खुशी में लोग जयकारे लगाते हुए झूमने लगे। श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष नीरज जिंदल, महामंत्री अनिल कुमार मित्तल, प्रभारी दिनेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनमोहन गुप्ता ने आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया। नुमाइश मैदान पर सबसे पहले मेघनाथ का पुतला जलाया गया। इसके बाद कुंभकर्ण का पुतला जलाने के बाद सबसे अंत में रावण का पुतला जलाया गया। ये अतिथि रहे मौजूद इस दौरान अतिथि के रूप में सांसद डॉ0 भोला सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 अंतुल तेवतिया, भाजपा जिलाध्यक्ष विकास चौहान, पालिकाध्यक्ष दीप्ति मित्तल, उद्यमी राजीव कुमार, डीएम श्रुति, एसएसपी दिनेश कुमार सिंह, ठा0 सुनील सिंह आदि मौजूद रहे।

### असत्य पर हुई सत्य की जीत

डिबाई में गुरूवार को दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। असत्य पर सत्य की जीत के साथ मनाया जाने वाला विजयदशमी पर्व परंपरागत तरीके से बड़ी धूमधाम से मनाया गया। श्री रामलीला कमेटी के तत्वाधान में चल रही रामलीला के दौरान गुरूवार को ब्लॉक के मैदान में रावण की पटवरी पर भगवान श्री राम और रावण के बीच लीला का मंचन किया गया। प्रभु श्रीराम के अग्निबाण छोड़ते ही रावण का 52 फीट ऊंचा एवं कुंभकरण और मेघनाथ का पुतला आतिशबाजी के साथ धूँ-धूँ करके जल उठा। पुतलों के दहन होने हजारों की संख्या में मौजूद लोगों के द्वारा लगाए गए।

### सोनू पाठक ने किया रावण दहन

**बुलंदशहर।** जहांगीराबाद में विजयदशमी के पावन पर्व पर नगर के रामलीला बाड़े मैदान में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक रावण दहन मेला कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष व प्रमुख समाज सेवी सोनू पाठक उपस्थित रहे।

# सिम कार्ड के साथ दो शातिर गिरफ्तार

## लोन के नाम पर करते थे धोखाधड़ी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-113 पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लोन दिलाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले दो शातिर जालसाजों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 50,000 नकद, 20 मोबाइल फोन, 128 एटीएम कार्ड, 77 सिमकार्ड, 9 पासबुक, 5 चेकबुक, 7 क्यूआर कोड और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग एफएनजी रोड पर संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त हैं। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना सेक्टर-113 पुलिस ने सोमवार को दोनों आरोपियों को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों की पहचान फैयाज आलम (22) और आकाश कुमार (21) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से बिहार के सारण जिले के रहने वाले हैं और वर्तमान में बहलोलपुर, सेक्टर-63, नोएडा में रह रहे थे। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे सोशल मीडिया के जरिए देशभर के लोगों का आधार कार्ड, पैन कार्ड, मोबाइल नंबर और अन्य डाटा जुटाकर ठगी करते थे। आरोपी खुद को बेंगलुरु की एक फर्जी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का कर्मचारी बताकर लोगों को लोन दिलाने का झांसा देते थे। फिर व्हाट्सएप पर आधार, पैन, बैंक स्टेटमेंट मंगवाकर रजिस्ट्रेशन, ईसीएस, इंश्योरेंस व जीएसटी के नाम पर 299 से 3,200 तक की रकम वसूलते थे।



**फर्जी अकाउंट खोलकर करते थे लेनदेन:** आरोपी लोगों से बैंक खाते खुलवाकर उनके साथ सिमकार्ड भी मंगवाते थे, जिनका इस्तेमाल ठगी और यूपीआई ट्रांजैक्शन के लिए करते थे। पुलिस जांच में मिले मोबाइल फोन की व्हाट्सएप चौट में सैकड़ों लोगों का निजी डाटा मिला है, जिससे बड़े स्तर पर ठगी की आशंका जताई जा रही है।

# नोएडा में अखिलेश, राहुल, ममता का आपत्तिजनक पोस्टर वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में विजयादशमी पर समाजवादी पार्टी ने एक पोस्टर पर आपत्ति दर्ज कराते हुए थाना सेक्टर-24 पहुंचे। यहां उन्होंने जमकर नारेबाजी की इसके बाद पोस्टर बनाकर एक्स पर पोस्ट करने वाले कथित के खिलाफ एक्शन लेने की मांग की।

दरअसल एक्स अकाउंट पर एक पोस्टर वायरल हो रहा है। इस पोस्टर में प्रधानमंत्री मोदी हवन यज्ञ कर रहे है। ऊपर लिखा है ‘जब जब धर्म की स्थापना होती है, तब तब असुरों को परेशानी होती है’ इस के ऊपर राहुल गांधी, अखिलेश यादव और ममता बनर्जी की फोटो को राक्षस रूपी दिखाया गया। ये पोस्टर वायरल होते ही समाजवादी पार्ट के जिला अध्यक्ष कार्यकर्ता के साथ थाने पहुंचे। यहां थाने के बाहर एकत्रित हुए और पुलिस को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के जरिए मांग की कि नोएडा के चौड़ा गांव के रहने वाले मानव द्वारा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश

यादव, राहुल गांधी और ममता बनर्जी के लिए एक बेहद अपमान जनक व आपत्ति जनक पोस्ट डाला गया है। जिससे पार्टी के कार्यकर्ताओं में काफी रोष है। ये सिर्फ शहर का माहौल खराब करने के लिए किया जा रहा है। ऐसे में उक्त प्रकरण की जांच कर एक्शन लिया जाए।




## छोटे औद्योगिक भूखंडों की योजना आएगी

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना विकास प्राधिकरण आठ हजार वर्गमीटर से छोटे औद्योगिक भूखंडों की योजना लाएगा। इसके लिए तैयारी की जा रही है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी आरके सिंह ने बताया कि पिछले दिनों पूरी ही औद्योगिक भूखंड योजना में प्राधिकरण को अच्छा रिजल्ट मिला है। उद्यमियों ने बढ़चढ़ कर इस योजना में भाग लिया था। एक-एक भूखंड पर करीब 15 दावेदार थे। योजना के तहत पिछले सप्ताह ही भूखंडों का आवंटन किया गया है। अब दोबारा से छोटे भूखंडों पर योजना आएगी। भूखंडों का आवंटन ई-नीलामी के माध्यम से ही होगा, जो बड़ी बोली लगाएगा, उसे ही भूखंड आवंटित होगा।

# नोएडा स्टेडियम में धूमधाम से मनाया गया विजयदशमी पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** श्री सनातन धर्म रामलीला समिति नोएडा द्वारा विगत 40 वर्षों से रामलीला का मंचन नोएडा में किया जा रहा है और आज भी विजयदशमी का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। विजयदशमी पर्व के मुख्य अतिथि श्री सनातन धर्म रामलीला समिति के मुख्य संरक्षक सांसद एवं पूर्व मंत्री भारत सरकार डॉ महेश शर्मा, विधायक नोएडा पंकज सिंह, राज्य मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता, पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष श्रीमती विमला बाथम, स्वागत अध्यक्ष पीयूष द्विवेद, डॉ वी.एस. चौहान, मधुसूदन दादू राष्ट्रीय अध्यक्ष लघु उद्योग भारती, कार्यक्रम अध्यक्ष पी.के. अग्रवाल, संस्था के चेयरमैन टी. एन. गोविल जी, अध्यक्ष टी.एन. चौरसिया, कार्यकारी अध्यक्ष सुशील भारद्वाज, संजय बाली महासचिव, अल्पेश गर्ग कोषाध्यक्ष आज के पर्व की बुराई का अंत अच्छाई की विजय पर भगवान श्री राम के द्वारा दिखाए गए पद चिन्हों पर चलकर देश और समाज की सेवा का संकल्प लेंगे और आज 2 अक्टूबर है गांधी जयंती का दिन है हम संकल्प लें कि अपने देश, क्षेत्र, गली, मोहल्ले को साफ-सुथरा भी रखेंगे।



रावण (80 फीट) कुंभकरण (75 फीट) मेघनाथ (65 फीट) के पुतले बहुत ही भव्य तरीके एवं लाइटिंग के साथ जलाए गए। लगातार 10 दिन तक रामलीला का मंचन देखने के लिए लाखों भक्त रामलीला मैदान नोएडा स्टेडियम में आए और सभी ने रामलीला का आनंद उठाया।

श्री सनातन धर्म रामलीला समिति के तत्वाधान में हरि भक्ति कला ट्रस्ट द्वारा आयोजित रामलीला का भव्य मंचन नोएडा स्टेडियम में संपन्न हुआ। इस भक्ति और सांस्कृतिक आयोजन का निर्देशन प्रसिद्ध निर्देशक पंकज शर्मा द्वारा किया गया।

रामलीला समिति के महासचिव संजय बाली ने बताया कि प्रस्तुति में अहिरावण वध, तरनी सेन वध, रावण वध तक की लीलाओं का सुंदर और प्रभावशाली मंचन किया गया। मंचन की शुरुआत अहिरावण के आवाहन से हुई, अहिरावण ने राम और लक्ष्मण को रात्रि के अंधेरे में विभीषण का रूप धर कर श्रीराम और लक्ष्मण का हरण कर ले जाता है, हनुमान जी अहिरावण के मंत्री मकरध्वज को बंदी कर अहिरावण का वध कर देते हैं। रावण तरनी सेन को युद्ध के लिए भेजते हैं और वह भी देश के प्रति करतब दिखाता हुआ वीरगति को प्राप्त हो गया, तत्पश्चात रावण खुद युद्ध के लिए उतरा, और प्रभु श्री राम के अग्निबाण द्वारा रावण का वध कर दिया।

## एक नजर

### यूपी मेडिकल काउंसिल में पंजीकरण के लिए दोबारा नोटिस जारी होंगे

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दूसरे राज्यों से पंजीकृत डॉक्टरों को यूपी मेडिकल काउंसिल से पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। जिले में दूसरे राज्यों से पंजीकृत 400 से अधिक डॉक्टर कार्यरत हैं। ऐसे डॉक्टरों के कार्य पर जिले में रोक लगाई है। स्वास्थ्य विभाग उत्तर प्रदेश मेडिकल काउंसिल से पंजीकरण के लिए डॉक्टरों को अगले हफ्ते दोबारा नोटिस भेजेगा। स्वास्थ्य विभाग ने जनवरी-फरवरी में भी निजी अस्पतालों को इस बारे में दिशा-निर्देश जारी किए गए थे, लेकिन अभी भी 400 से अधिक डॉक्टरों ने यूपी मेडिकल काउंसिल से पंजीकरण नहीं कराया है। एक हफ्ते पहले स्वास्थ्य विभाग ने सख्ती करते हुए डॉक्टरों के कार्य करने पर रोक लगा दी थी। इसके बाद कई अस्पतालों ने डॉक्टरों के यूपी से पंजीकरण के लिए आवेदन करने का लिखित पत्र स्वास्थ्य विभाग को दिए हैं, लेकिन अभी भी सभी डॉक्टरों ने आवेदन नहीं किया है। लिहाजा इसकी जांच कर अगले हफ्ते दोबारा डॉक्टरों और निजी अस्पतालों को नोटिस जारी किया जाएगा।

### यमुना एक्सप्रेस-वे पर थार-कार से स्टंट का वीडियो वायरल

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के यमुना एक्सप्रेसवे पर स्थित गलगोटिया यूनिवर्सिटी अंडरपास के नीचे थार और एक अन्य कार से खतरनाक स्टंट करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह घटना दनकौर कोतवाली क्षेत्र में हुई। लगभग 30 सेकंड के इस वीडियो में युवक तेज रफ्तार में गाड़ियां चलाते और खुलेआम यातायात नियमों का उल्लंघन करते दिख रहे हैं। स्टंट के दौरान वाहनों को लापरवाही से चलाया गया, जिससे आसपास के लोगों के लिए खतरा पैदा हो गया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस अंडरपास के नीचे अक्सर ऐसे स्टंट किए जाते हैं। उनका कहना है कि इन गतिविधियों से राहगीरों और अन्य वाहन चालकों की जान को गंभीर खतरा रहता है। लोगों ने प्रशासन को कई बार इसकी सूचना दी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। एक स्थानीय निवासी के अनुसार, यह पहली बार नहीं है। पहले भी कई बार इसी जगह पर युवक स्टंट करते देखे गए हैं। पुलिस ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। पुलिस ने दोषियों के खिलाफ जल्द ही कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### दिवाली के बाद चाइल्ड पीजीआई को मिलेगा नया नर्सिंग स्टाफ

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** चाइल्ड पीजीआई में लंबे समय से चली आ रही नर्सिंग स्टाफ की कमी जल्द ही दूर होने वाली है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, दिवाली के बाद नए नर्सिंग ऑफिसरों की जॉइनिंग शुरू हो जाएगी जिससे चिकित्सा सुविधाओं में भी सुधार की उम्मीद है।

संस्थान में 80 नर्सिंग ऑफिसर के पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इस संबंध में लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसका परिणाम जारी कर दिया गया है। सफल अभ्यर्थियों को ई-मेल के माध्यम से दस्तावेज सत्यापन (वेरिफिकेशन) के लिए बुलाया गया है। संस्थान के निदेशक डॉ.अरुण कुमार सिंह ने बताया कि अक्तूबर के अंत तक सभी नवनियुक्त नर्सिंग ऑफिसरों का दस्तावेज सत्यापन पूरा कर लिया जाएगा। इसके तुरंत बाद उन्हें नियुक्ति पत्र जारी कर दिए जाएंगे और वे अपनी सेवा शुरू कर सकेंगे।

### महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में गुरुवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों ने दोनों महान विभूतियों की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह ने कहा कि दो अक्टूबर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का सिर्फ जन्मदिन मनाने के लिए ही नहीं, बल्कि इन दोनों महान विभूतियों के जीवन मूल्यों और आदर्शों को आत्मसात करने का दिन है। एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन आदर्श हमें देश और मानवता की सेवा के लिए प्रेरित करते हैं।

उन्होंने ग्रेटर नोएडा को सुंदर शहर बनाने में योगदान देने वाले पूर्व और वर्तमान अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। हाल ही में संपन्न उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के सफल आयोजन में योगदान देने वाले प्राधिकरण स्टाफ, ग्रेटर नोएडा के लोगों और अन्य विभागों के स्टाफ की सराहना की। ओएसडी अभिषेक पाठक ने कहा कि दोनों महान हस्तियों ने हमारे लिए एक राह बना दी है, जिस पर हमें आगे बढ़ना है।

## दिवाली पर 305 बसें लगाएंगी लखनऊ के एक हजार से अधिक चक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिवाली पर यात्रियों को बसों की कमी का सामना न करना पड़े, इसके लिए नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। 16 अक्टूबर से त्योहारी विशेष सेवा शुरू की जाएगी, जिसमें दोनों डिपो से कुल 305 बसों के जरिए 1000 से अधिक फेरे लगाए जाएंगे। यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए लखनऊ सहित कई प्रमुख शहरों के लिए अतिरिक्त सेवाएं संचालित की जाएंगी। अधिकारियों ने यात्रियों से ऑनलाइन टिकट बुकिंग की अपील की है। नोएडा डिपो में 188 बसें, ग्रेटर नोएडा डिपो में 117 बसें वर्तमान में मौजूद है। सभी बसें साधारण और सीएनजी ईंधन पर आधारित हैं।

दोनों डिपो से आगरा, मथुरा, एटा, कासगंज, बरेली, लखनऊ, हरिद्वार, देहरादून, हल्द्वानी, मेरठ, बिजनौर, नजीबाबाद सहित दर्जनों शहरों के लिए सेवाएं संचालित होती हैं। 16 अक्टूबर से शुरू होगी अतिरिक्त फेरे वाली सेवा. कुल 305 बसों से 1000 फेरे लगाए जाएंगे। लखनऊ के लिए अतिरिक्त सेवाएं विशेष रूप से बढ़ाई जाएंगी। गोरखपुर, आगरा, मथुरा, लखनऊ आदि के लिए वातानुकूलित बसें अन्य डिपो से नोएडा होकर गुजरेंगी।

**चालक-परिचालकों की छुट्टियां रहेंगी निरस्त:** त्योहारी सीजन में बस संचालन में कोई बाधा न आए, इसके लिए नोएडा व ग्रेटर नोएडा डिपो के सभी चालकों, परिचालकों और कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी जाएंगी। आपात स्थिति में ही अवकाश की अनुमति दी जाएगी।

**ऑनलाइन बुकिंग से मिलेगी राहत:** यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि वह बस अड्डे पर लंबी कतारों से बचने के लिए ऑनलाइन बुकिंग का लाभ उठाएं।

## गलगोटिया अंडरपास के नीचे स्टंट

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे के गलगोटिया अंडरपास के नीचे बीच सड़क पर दो कारों से स्टंटबाजी की गई। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हुआ। पुलिस वीडियो की जांच कर रही है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि दो कारों से स्टंटबाजी की जा रही है। चालक सड़क पर तेज रफ्तार में दोनों कारों को गोल घूमा रहे हैं। दोनों कारों के शीशों पर ब्लैक फिल्म चढ़ी है। इनके आसपास कई और कारें खड़ी हैं। लोगों का कहना है कि सड़क पर यातायात प्रभावित कर स्टंटबाजी की गई। रील बनाने के चक्कर में ऐसा किया गया। आरोपी खुद के साथ दूसरों की जान भी जोखिम में डाल रहे थे।

ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। ट्रैफिक पुलिस द्वारा वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है। पुलिस कारों का नंबर ट्रेस कर रही है। पुलिस का कहना है कि कार चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# विजयदशमी पर शस्त्र पूजन हुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** विजयदशमी के अवसर पर सेक्टर 62 में स्थित पृथ्वीराज चौहान भवन में हवन और यत्र के बाद शस्त्र पूजन किया गया। इसका आयोजन कुंवर सिंह शोध संस्थान की ओर से किया गया था। शस्त्र पूजन के पश्चात विधायक पंकज सिंह, एमिटि विश्वविद्यालय के निदेशक आनन्द चौहान और पूर्व डीजीपी प्रकाश सिंह को तलवार भेंट कर व पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने विचार भी व्यक्त किए। वीर कुंवर सिंह शोध संस्थान के अध्यक्ष प्रेम सिंह, मानसिंह चौहान, उपाध्यक्ष करतार सिंह चौहान, महासचिव ठा. एम पी सिंह एवं कोषाध्यक्ष राकेश चौहान ने सभी अतिथियो का स्वागत किया।

हवन और पूजन में राज्यमंत्री वाईपी सिंह, पूर्व विधायक मदन चौहान, भाजपा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, आदि राजपूत समाज के प्रमुख लोगों ने हिस्सा लिया।



## भूखंड पर जबरन कब्जा करने की कोशिश करने का आरोप

**नोएडा।** कासना स्थित बिंदल एन्क्लेव कॉलोनी में एक भूखंड पर जबरन कब्जा करने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी पक्ष ने गेट तोड़कर कब्जा करने का प्रयास किया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सेक्टर बीटा-2 कोतवाली पुलिस के मुताबिक गाजियाबाद के रहने वाले नगेंद्र कुमार की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक नगेंद्र कुमार ने बताया कि बिंदल एन्क्लेव कॉलोनी में उनका भूखंड है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी सुरेंद्र भाटी पक्ष के लोग इस भूखंड पर जबरन कब्जा करने की कोशिश में जुटे हैं। मंगलवार को आरोपी उनके भूखंड में लगे गेट को तोड़कर अंदर घुस गए और कब्जा करने का प्रयास किया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# 43 लाख की साइबर ठगी में एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर क्राइम पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट कर 43 लाख 17 हजार की ठगी करने वाले गिरोह का एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। इसका नाम मदन कुमार है। नोएडा पुलिस ने सर्विलांस की मदद से इसे हनुमानगढ़ राजस्थान से पकड़ा है। इसके पास से दो मोबाइल फोन बरामद किए गए है।

सेक्टर-62 निवासी पीड़िता ने 31 अगस्त 2025 को थाना साइबर क्राइम में मुकदमा दर्ज कराया था कि साइबर ठगों ने स्वयं को पुलिस अधिकारी बताकर उस पर अवैध फंडिंग कराने का आरोप लगाया। उसे डिजिटल अरेस्ट कर फर्जी कागजात भेजते हुए गिरफ्तारी का भय दिखाया और 43 लाख 17 हजार रुपए विभिन्न खातों में ट्रांसफर करवा लिए। जानकारी मिलते ही साइबर सेल ने तत्काल जिन खातों में रकम ट्रांसफर की गई उसको फ्रीज करवा दिया था।



पूछताछ में ठग मदन कुमार ने बताया कि वह सीएसपी की दुकान चलाता है। जिसमें अपने करंट बैंक खाते के माध्यम से साइबर अपराध में लिप्त अपराधियों को कमीशन काटकर नकद धनराशि बैंक से निकालकर उपलब्ध कराता है। इसी क्रम में ठग के बैंक खाते में साइबर ठगी की 7 लाख 80 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए थे।

जिसे ठग ने स्वयं बैंक में उपस्थित अन्य साथियों के साथ मिलकर निकाल लिए। ठगी में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

# नोएडा में आवासीय भूखंड योजना लॉन्च की गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने आवासीय भूखंड योजना लॉन्च की है। इस योजना में अलग-अलग सेक्टरों में स्थित 35 भूखंड के लिए शुक्रवार से आवेदन कर सकेंगे। भूखंडों का आवंटन ई-नीलामी के जरिए होगा।

अधिकारियों ने बताया कि आवासीय भूखंड योजना में 3 अक्टूबर सुबह 11 बजे से 30 अक्टूबर शाम तक आवेदन किया जा सकता है। योजना में आवेदन करने वालों को कागजात जमा करने के लिए चार नवंबर तक का समय दिया जाएगा। योजना में शामिल किए गए 35 भूखंड सेक्टर-41, 44, 48, 51, 53, 56, 61, 72, 99, 105, 122 और 151 में हैं। योजना से संबंधित ब्रोशर को जल्द प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। योजना में आवेदन करने के लिए 2300 रुपए प्रोसेसिंग फीस देनी होगी। रिजर्व प्राइज से जो अधिक रेट पर बोली लगाएगा, उसे भूखंड आवंटित कर दिया जाएगा। आवेदकों को कम से कम 50 हजार रुपए की अतिरिक्त बोली लगानी होगी। इसके अलावा संस्थागत विभाग की ओर से भी भूखंड आवंटन योजना जल्द निकाली जाएगी। वहीं कामर्शियल और इंडस्ट्रियल विभाग की ओर से निकाली गई योजना के तहत जल्द ही ई ऑक्शन की प्रक्रिया होगी। जिससे लोगों को फैक्ट्रियां लगाने का मौका मिलेगा। फिलहाल भूखंड योजना के लिए आवेदन किए जा सकते है।

# ग्रेनो में लावारिस कुत्तों के लिए एक केंद्र खुलेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण लावारिस कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण के लिए एक और केंद्र खोलने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए निविदा जारी कर दी गई है। इच्छुक एनजीओ और फर्में 13 अक्तूबर तक आवेदन कर सकती हैं, जिनका चयन एक वर्ष के लिए किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक खतरनाक और बीमार कुत्तों को रखने के लिए तीन शेल्टर होम बनाने की तैयारी भी तेज कर दी गई है। इसके लिए जगह चिह्नित कर ली गई है। एजेंसी की तलाश की ज रही है। सुप्रीम कोर्ट ने लावासिस कुत्तों के संबंध में विशेष दिशा-निर्देश दिए हैं।

नसबंदी और टीकाकरण के बाद लावासिस कुत्तों को उसी स्थान पर ले जाकर छोड़ दिया जाता है, जहां से उन्हें उठाया गया था। प्राधिकरण से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक अब तक पांच हजार से अधिक लावासिस कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण किया जा चुका है।। शहर के सेक्टर स्वर्णनगरी में एक नसबंदी/टीकाकरण केंद्र संचालित किया जा रहा है, जिसकी क्षमता प्रतिदिन 15 कुत्तों की नसबंदी करने की है। इसका संचालन एक एनजीओ द्वारा किया जा रहा है। अधिकारी के मुताबिक एक और नसबंदी केंद्र स्थापित किया जाएगा। नसबंदी केंद्र की संख्या बढ़ाकर टीकाकरण अभियान को तेज किया जाएगा।

# एयरपोर्ट के पास फरवरी तक तैयार होगा पुनर्वास केंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास 10 हेक्टेयर में स्थायी पशु बचाव एवं पुनर्वास केंद्र का काम फरवरी तक पूरा हो जाएगा। केंद्र का निर्माण यीडा स्वयं करा रहा है। निर्माण कार्य पर कुल 3.41 करोड़ खर्च होंगे। प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि यमुना सिटी के सेक्टर-17 में राजपुर गांव के पास जू ऑथोरिटी ऑफ इंडिया की मंजूरी के बाद जुलाई में पशु बचाव एवं पुनर्वास केंद्र का काम शुरू हो गया था। अब 5 महीनों में इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यह केंद्र कुल 10 हेक्टेयर जमीन पर विकसित होगा, जिसमें पांच हेक्टेयर भूमि यमुना प्राधिकरण व शेष 5 हेक्टेयर वन विभाग की है।




प्राधिकरण अपने हिस्से की पांच हेक्टेयर भूमि पर पक्का निर्माण करा रहा है, यहां वन्य जीवों के लिए खास सुविधाएं विकसित हो रही है, इनमें पशुओं के इलाज के लिए मेडिकल सेंटर, कमरे, शेड व आदि है। साथ ही डॉक्टर की टीम तक तैनात की जाएगी, इसके भी इंतजाम होंगे, जबकि वन विभाग की शेष जमीन को ग्रीन श्रेणी में रखा जाएगा, जिसमें वन्य जीवों के लिए बाड़े इत्यादि विकसित होंगे। केंद्र के प्रबंधन को लेकर वन विभाग का सहयोग लिया जाएगा। वन्य जीवों के रेस्क्यू में वन विभाग भूमिका निभाएंगा। जेवर में 258 काले हिरण और 176 सारस बता दें कि, वन्य जीव संस्थान देहरादून से जेवर में एयरपोर्ट के पास क्षेत्र में अध्ययन करवाया गया था। अध्ययन के तहत एयरपोर्ट के 10 किलोमीटर क्षेत्र में आने वाले जीव-जंतुओं के संरक्षण पर रिपोर्ट मांगी गई थी। क्षेत्र के वन्य जीवों के संरक्षण की योजना और उनकी संख्या को भी जाना गया था। रिपोर्ट में बताया गया था कि जेवर में 258 काले हिरण और 176 सारस हैं। एयरपोर्ट के निर्माण के चलते इनका पारिस्थितिकी तंत्र बिगड़ेगा। इसके चलते इनके संरक्षण की जरूरत है। पहले वन विभाग को मिली थी जिम्मेदारी पशु बचाव एवं पुनर्वास केंद्र को बनाने के लिए पहले वन विभाग को जिम्मेदारी मिली थी, लेकिन अब इसे यीडा स्वयं बना रहा है। वन विभाग ने केंद्र को बनाने के लिए करीब आठ करोड़ का एस्टीमेट तैयार किया था, हालांकि अब हॉर्टिक्लचर इसे 3.41 करोड़ में तैयार करेगा। दावा है कि केंद्र में जुलाई 2026 तक वन्य जीवों के ठहरने से लेकर इलाज तक की सुविधा विकसित हो जाएगी।

# महिलाओं को आज निशुल्क वाहन प्रशिक्षण दिया जाएगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-33 स्थित परिवहन विभाग कार्यालय में शुक्रवार को महिलाओं को निशुल्क वाहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें वाहन चलाने की सैद्धांतिक जानकारी के अलावा महिलाओं को वाहन चलाने की प्रयोगात्मक जानकारी भी दी जाएगी। आरटीओ प्रशासन डॉ. सियाराम वर्मा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत महिला कल्याण विभाग और जिला परियोजना अधिकारियों की ओर से प्रशिक्षण के लिए परिवहन विभाग कार्यालय में महिलाओं को भेजा जाएगा। इनके अलावा भी यदि कोई महिला वाहन प्रशिक्षण के लिए इच्छुक हैं वे कार्यक्रम में हिस्सा ले सकती हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होगा और शाम तक जारी रहेगा। इसमें मोटर प्रशिक्षण स्कूल से प्रशिक्षण बुलाए जाएंगे।

यह कार्यक्रम एक दिवसीय है लेकिन कोई महिला यदि आगे भी वाहन चलाने का प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहेंगी तो उन्हें यह सुविधा निशुल्क दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के लिए कार्यालय में वाहन उपलब्ध रहेंगे।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# राम के अग्निबाण से हुआ रावण का अंत

## जनपद में धूमधाम से मनाया गया विजयदशमी का त्यौहार, रावण का वध देखने को उमड़ा जनसैलाब





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को जनपद में विजयदशमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। रामलीला कमेटी द्वारा विभिन्न लीलाओं का मंचन कर बुराई पर अच्छाई की जीत बुराई का प्रतीक रावण सहित मेघनाथ, कुंभकरण के पुतले धूं-धूं कर जले। लोगों ने मेले मे जमकर खरीदारी की। बागपत में दिल्ली रोड पर मेले का आयोजन किया गया। राम के तिलक किया गया। इसके बाद रामलीला के विभिन्न संवाद कलाकारों द्वारा पेश किये गये। बाद मे श्रीराम व रावण के बीच युद्ध चला जिसमें बुराई पर अच्छाई की विजय हुई। जीत के बाद आतिशबा. जी से मैदान रंग बिरंगा हो गया और चहुंओर पटाखों की गूंज शुरू हो गई। बाद में श्रीराम व लक्ष्मण ने मेघनाथ, कुंभकरण तथा रावण के पुतले का दहन किया। तीनों पुतले आतिशबाजी के बीच धूं-धूं कर जल उठे। इस दौरान कमेटी के





सदस्य भी मौजूद रहे।

जनपद में बागपत, बड़ौत व खेकड़ा समेत 14 जगहों पर रावण दहन किया गया। इनमें सबसे ऊंचा बागपत व ललियाना गांव में 60 फीट, खेकड़ा व दोघट में 55 फीट तथा अमीनगर सराय और बिनौली में 50 फीट का रावण का पुतला दहन किया गया। वहीं दहशरा पर्व को देखते हुए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी पुलिस बल तैनात रहा। बागपत की श्री आदर्श रामल. ीला मंडल बागेश्वर शिव मंदिर पुराना कस्बा का रावण दहन दिल्ली-सहारनपुर रोड़ पर गोल्डन गेट पास किया गया। वहां दहन के लिए रावण का 60 फीट का पुतला बनवाए गए था, इसके अलावा श्री रघुवर रामलीला समिति ने पुतला दहन किया। अग्रवाल मंडी टटीरी में एक जगह पर पुतला दहन किया तो चांदीनगर क्षेत्र में रटौल व ललियाना में पुतला दहन किया किया। ललियाना में दशहरा पर बड़ा मेला लगाया गया, इसलिए वहां ज्यादा भीड़ देखने को मिली। बड़ौत में पुतल का दहन किया गया, जबकि खेकड़ा में काठा रोड रामलीला मैदान में 55 फुट का पुतला दहन किया गया। अमीनगर सराय, नंगला रवा व तितरौदा में भी रावण दहन किया किया गया और बिनौली में बस स्टैंड के पास पुतला दहन किया गया। सभी जगहों पर शाम 8 से 9 बजे के बीच पुतला दहन किया गया। इस दौरान एसपी सूरज कुमार राय ने बताया कि पुलिस ने पहले ही सभी पुतला दहन स्थलों का निरीक्षण कर लिया था। लोगों को शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कहा गया है। जिन-जिन पुतला दहन स्थलों के पास कच्चे मकान या दुर्घटना की आशंका वाली जगह है, वहां विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने बताया कि करीब 2500 पुलिस कर्मियों की डयूटी लगी है।

## महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में दिल्ली बस स्टैंड पर कांग्रेस पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामहरी पंवार के नेतृत्व मे नगरपालिका पार्क में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शत-शत नमन किया।

तदुपरांत शहर कार्यालय पर आजादी के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एव भूतपूर्व प्रधानमांत्री लालबहादुर शास्त्री एवं महान स्वतंत्रता सेनानी स्व. मसूरियादीन पासी की जयंती के शुभ अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावपूर्ण स्मरण किया। महान विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया एवं जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला गया। अध्यक्षता पूर्व प्रदेश महासचिव एवं निवर्तमान जिलाध्यक्ष चौ.रामकुमार सिंह ने की तथा संचालन रामकुमार मुखिया ने किया।

## श्रद्धालुओं ने बैंड बाजों के साथ निकाली माता रानी की विसर्जन यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शहर में श्रद्धांलुओं ने माता रानी की बैंड बाजे के साथ विसर्जन यात्रा निकाली है। श्रद्धालु बैंड बाजो की धून व माता रानी के भजनों पर खूब झूम-झूम कर नाचे।

गुरुवार को कोर्ट रोड़ पर स्थित कश्यप कॉलोनी से लेकर वंदना चौक व बडा बाजार तथा कस्बे से होते हुए माता रानी की भव्य विसर्जन यात्रा निकाली गई। माता रानी की शोभा यात्रा के दौरान श्रद्धालु मन्त्र मुग्ध होकर खूब झूमे। इस दौरान सभासद भवी कश्यप ने बताया कि हम सब कमेटी के लोग मिलकर हर वर्ष माता रानी की चौकी लगाकर माता का दरबार सजाते है और मां दुर्गा की नो दिनों तक पूजा-अर्चना करतें तथा नवरात्रि पुरे होने पर माता रानी की बैंड बाजे व डोल नगाड़ो के साथ माता रानी की विसर्जन यात्र निक. ालते है और सभी श्रद्धालु माता रानी का आर्शीवाद प्राप्त करते है। इस अवसर पर भवी कश्यन, सहदेव कश्यप, गौरव कश्यप, अंकित कश्यप, राहुल निसाद, ललीत कश्यप, आदि श्रद्धालु मौजूद रहें।



### एक नजर

## महात्मा गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती समारोह आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनता वैदिक कॉलेज में आई.क्यू.ए.सी. के तत्वावधान मे सांस्कृतिक समिति द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया तथा अपने प्रेरणादायी विचार व्यक्त किए। तत्पश्चात कार्यक्रम का कुशल संचालन डा.गीता रानी (सँयोजिका) ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उपरांत उपस्थित प्राध्यापकों ने महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन दर्शन और आदर्शों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम को और अधिक गरिमामयी बनाने हेतु एन.सी.सी. कैडेट्स, राष्ट्रीय सेवा योजना (एन. एस.एस.) स्वयंसेवकों तथा अन्य छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए और भाषणों के माध्यम से दोनों महापुरुषों के आदर्शों को आत्मसात करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता के महत्व को रेखांि. कत करते हुए एन.एस.एस. एवं एन.सी.सी. स्वयंसेवकों द्वारा नगर में एक विशाल स्वच्छता रैली निकाली गई, जिसने उपस्थित जनमानस को स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत का संदेश दिया। कार्यक्रम में डा.सतेंद्र सिंह, डा.अनंत कुमार, डा.राजेश कुमार गुप्ता, डा.इन्दु, डा.तारकेश्वर तिवारी, डा.अमित नागर, डा. राजा राम यादव, उपप्राचार्य डा.मदन पाल सिंह, डा. मुकेश कुमार, ले. डा.विजयपाल, डा.मधुर यादव, उमानंद त्यागी, मनोज, पंकज वर्मा, रजत अंटिल सहित महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम पूर्णत: सफल एवं प्रेरणादायी रहा, जिसने सभी को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों का स्मरण कराने के साथ-साथ स्वच्छता एवं राष्ट्रप्रेम के संकल्प को और दृढ़ किया।

## आरएसएस स्वयंसेवकों ने बिनौली में किया पथ संचलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में बिनौली के शिव मंदिर में विजयदशमी कार्यक्रम हुआ, जिसमें पंच परिवर्तन कार्यों के प्रचार प्रसार के लिए स्वयंसेवकों से गृह संपर्क अभियान चलाने का आहवान किया गया।

शिव मंदिर परिसर से जिला संपर्क प्रमुख राजीव गोस्वामी के नेतृत्व एवं मुख्य शिक्षक सुमित कुमार के निर्देशन में पथ संचलन शुरू हुआ। मेन बाजार, ब्लॉक मुख्यालय, बस स्टैंड व बड़ौत मेरठ मार्ग से होते हुए वापस मंदिर परिसर में जाकर समाप्त हुआ।

जहां सह विभाग कार्यवाह विकास कुमार ने स्वयं सेवकों को बौद्धिक उपदेश दिया। आयोजन में खंड कार्यवाह नीरज कुमार, खंड संपर्क प्रमुख राकेश कुमार,



चंद्रशेखर, उपेंद्र प्रधान, राजीव धामा, योगेंद्र धामा, अरुण त्रिपाल धामा, महेंद्र भड़ाना, वेदपाल प्रधान, क्षितिज कुलश्रेष्ठ, अनमोल दहिया, हर्षित कश्यप, प्रशांत धामा, राजू वर्मा आदि मौजूद रहे। उधर बरनावा लाक्षागृह स्थित श्रीमहानंद संस्कृत विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्य अरविंद शास्त्री की अध्यक्षता में हुए विजयदशमी उत्सव एकत्रीकरण कार्यक्रम में जिला कार्यवाह जोगेंद्र कुमार ने कहा कि शताब्दी वर्ष में लगातार कार्यक्रम होंगे,

जिसमें पंच परिवर्तन के सामा. जिक समरसता, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, स्व का भाव एवं नागरिक कर्तव्य आदि कार्यों के प्रति समाज में जाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा।,

जिसके लिए स्वयंसेवकों द्वारा गृह संपर्क अभियान चलाया जाएगा। दीपक धनुषपाल, मोहित जैन, मास्टर अजय, प्रवीण रुहेला, सुबोध, सहदेव आदि मौजूद रहे।

## चोरी के विरोध में किसानों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली के ओवटी मोड़ के समीप अज्ञात चोरो ने 12 नलकूपों पर धावा बोल लाखों रूपये का समान चोरी कर लिया किसानों ने चोरी के विरोध में प्रर्दशन भी किया पीड़ित किसानों ने थानें मे तहरीर दी है।

नलकूपों पर लगातार चोरी की घटनाए बढता जा रही है जिससे लेकर किसान परेशान है ढिकोली के ओवटी मोड़ के समीप अज्ञात चोरो ने 12 नलकूपों पर धावा बोल लाखो का समान चोरी कर ले गये किसानों ने बताया कि गांव के ही इन्द्रजीत के दो नलकूप विक्रम सिंह दो नलकूप कर्मवीर, सुरेशपाल, काला, तेजबीर, रामकुमार, मोनू, रामबीर, सुभाष, अजित आदि के नलकूपों से चोरो ने ताला तोड़ विघुत उपकरण, खाद, दवाई,फावले, सरसो का बीज आदि चोरी कर ले गये। किसानों ने बताया कि चोर पिछले दो वर्षो से जंगल मे सक्रिय है जो अलग अलग स्थानों को बदल नलकूपों को निशाना बना चोरी कर ले जाते है जिससे किसानों का भारी नुकसान होता है किसानों ने चोरी के विरोध में इखट्टा होकर प्रर्दशन करते हुए चोरी की घटना के खुलासे की मांग की है।



## महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री की जयंती और दशहरा का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के श्री शांति सागर दिगम्बर जैन कन्या इंटर कॉलेज छपरौल में महात्मा गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती एवं बुराई पर अच्छाई का प्रतीत त्यौहार दशहरा का एक प्रेरणादायक और भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर, स्कूल की छात्राओं, शिक्षकों और गणमान्य व्यक्तियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके जीवन एवं सिद्धांतों को याद किया। इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिका चांदनी जैन ने महात्मा गांधी के बताए गए मार्ग पर चलने का आहवान किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं शिक्षकों शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

## कॉलेज में युवक का शव मिलन से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** कोतवाली क्षेत्र के जनता वैदिक कॉलेज के प्रांगण में एक युवक का शव पड़ा मिलने से कालेज परिसर में हड़कंप मच गया। कॉलेज में शव पड़ा देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घ्ज्ञटना की जानकरी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच करने लगी। पुलिस और फोरेंसिक टीम को जांच के दौरान युवक के शरीर पर चोट के निशान मिले।

पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जांच के दौरान शव के पास से एक मोबाइल फोन भी पुलिस ने बरामद किया। मृतक युवक की पहचान संयम कुमार पुत्र वीरेंद्र सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी महावतपुर बावली के



रूप में हुई है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार चाहल ने का कहना है कि मृतक संयम के बारे में गांव में जाकर भी जानकारी जुटाए जा रही है। कुछ गांव के कुछ लोगों का कहना है कि यह नशे का आदि भी था। बाकी मामले की जांच की जा रही है जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

## ईमानदार युवक ने मालिक को लौटाया स्मार्टफोन और एटीएम कार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** निवाड़ा गांव निवासी ईनाम उल हसन ने ईमानदारी और जिम्मेदारी का एक उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है, जो समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी इस कर्तव्यनिष्ठा ने एक बहुत ही महत्वपूर्ण वस्तु को उसके सही मालिक तक पहुंचाने में मदद की।

बुधवार की रात, ईनाम उल हसन को एचपी पेट्रोल पंप के निकट सड़क पर एक वीवो स्मार्टफोन पड़ा हुआ मिला। यह स्मार्टफोन अनुमा. नित 25,000 की कीमत का था, और उसमें एक एटीएम कार्ड भी लगा हुआ था। किसी की मेहनत की कमाई और महत्वपूर्ण संपत्ति को यूं ही खोया हुआ देखकर, ईनाम उल हसन ने त्वरित और सुरक्षित कदम उठाने का फैसला किया। उन्होंने



बिना किसी देरी के, पुलिस की सहायता लेने का निर्णय लिया। 112 की पीआरवी 4034 के माध्यम से पुलिस कर्मियों से संपर्क साधकर उन्होंने यह खोया हुआ सामान उनके सुपुर्द किया। पुलिस की मदद से फोन के असली मालिक, राहुल का पता लगाया गया। ईनाम उल हसन ने पुलिस की मौजूदगी में जिम्मेदारी के साथ वह कीमती स्मार्टफोन और एटीएम कार्ड राहुल को सुरक्षित रूप से सुपुर्द कर दिया। ईनाम उल हसन का यह कार्य केवल एक मोबाइल लौटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नागरिक जिम्मेदारी, नैतिकता और ईमानदारी के उच्च मानदंडों को दर्शाता है। इस घटना ने न सिर्फ राहुल को राहत दी, बल्कि समाज में विश्वास और सद्भाव को भी मजबूत किया है।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156वीं व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री की मनाई जयंती




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगर पालिका परिषद मे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156वीं जयंती व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री की मनाई गई। अध्यक्ष राजुद्दीन एडवोकेट, अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार भड़ाना तथा सम्मानित सभासदगणों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अधिशासी अधिकारी ने गांधी के स्वतंत्रता आंदोलन में सत्य व अहिंसा जैसे अचूक शास्त्रों के बारे में बताया तथा शास्त्री के द्वारा भारत को उत्तम व श्रेष्ठ भारत बनाने में अपने दिए गए योगदान पर व्यापक चर्चा की। इस मौके पर नगरपालिका के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

### मां भगवती जागरण श्रद्धां और उत्साह के साथ किया गया आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगर के दिल्ली रोड स्थित पीएन शर्मा पार्क के निकट मधुर मिलन वेंकट हॉल में मां भगवती जागरण श्रद्धां एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। देर रात तक चले इस जागरण में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और वातावरण मां के जयकारों से गूंज उठा। मां भगवती का जागरण बड़ौत नगर के जाने-माने वरिष्ठ समाजसेवी अजय निरवाल की फैमिली के द्वारा कराया गया। मां भगवती जागरण में उपस्थित सभी अतिथियों ने माता रानी के चरणों में माथा टेक कर छत्र अर्पित किए।

## भाजपा ने लिया स्वदेशी व स्वच्छता का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में गांधी और शास्त्री जयंती पर भाजपा ने स्वदेशी और स्वच्छता का संकल्प लिया, जिसमें वरिष्ठ नेता शामिल हुए। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर नगर पालिका परिषद में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम आयोजन कर दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा ने आत्मनिर्भरता और स्वच्छता का संदेश दिया। नगरपा. लिका स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए जिला उपाध्यक्ष व कार्यक्रम जिला संयोजक राकेश जैन ने देश में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग व स्वच्छता को बढ़ावा देने का संकल्प दिलाया। मंडल प्रभारी व संयोजक डा.नीरज कौशिक ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान आत्मनिर्भर भारत के जिला अभियान संयोजक व जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा, गौरव तोमर, अमित जैन, गौरव शर्मा भानू, सन्दिप कुमार शर्मा, उपेन्द्र शर्मा, सुभम शर्मा, जागेश चौधरी, सुभम जैन, प्रवीण वर्मा आदि मौजूद रहे।



## ध्वजारोहण कर कलेक्ट्रेट में मनाई महात्मा गांधी व शास्त्री की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिक. ारी अस्मिता लाल ने दोनों महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा 30 फीट ऊँचे भव्य तिरंगे का ध्वजारोहण कर देश की आन-बान-शान को नमन किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के बल पर भारत को स्वतंत्रता दिलाने में जो ऐतिहासिक योगदान दिया, वह पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनका स्वदेशी, स्वच्छता और आत्मनिर्भरता का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। गांधी का जीवन हमें सिखाता है कि बड़े से बड़ा परिवर्तन भी शांति और सद्भाव के मार्ग से लाया जा सकता है। जिलाधिकारी ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व और कृतित्व को भी स्मरण किया। उन्होंने कहा कि शास्त्री सादगी, ईमानदारी और दृढ़ संकल्प के प्रतीक थे। उनका नारा जय जवान, जय किसान आज भी राष्ट्र को शक्ति और प्रेरणा प्रदान करता है। सीमित संसाधनों के बावजूद देश को मजबूत नेतृत्व देने वाले शास्त्री ने भारत की एकता और आत्मनिर्भरता को नई दिशा दी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, डिप्टी कलेक्टर मनीष यादव, ज्योति शर्मा, बरिष्ठ कोषाधिकारी मनीष, कलेक्ट्रेट परिवार के अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न विभागों के प्रति. निधि आदि मौजूद रहे।



# 80 फुट के रावण का हुआ दहन

## कसेरूखेड़ा में हुआ भव्य दशहरा मेले का आयोजन

**रामलीला का मंचन और रंग बिरंगी आतिशबाजी रही मेले का मुख्य आकर्षण**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** असत्य पर सत्य की विजय का संदेश देते हुए विजय दशमी का पर्व गुरूवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मेरठ के विभिन्न स्थानों के साथ कसेरू खेड़ा में भी बुराई का प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया गया।

मवाना रोड स्थित कसेरू खेड़ा में गुरुवार को श्री रामलीला दशहरा कमेटी के द्वारा भव्य दशहरा मेले का आयोजन किया गया जहां 80 फुट के रावण के पुतले का दहन किया गया। दशहरा मेले के मुख्य अतिथि, सांसद राजकुमार सांगवान, पूर्व विधायक योगेश वर्मा रहे। विशिष्ट अतिथियों में विधायक अमित अग्रवाल, एमएलसी अश्विनी त्यागी, प्रशांत गौतम, मनोज चौधरी, नीरज मित्तल, विनय प्रधान, रंजन शर्मा, अवनीश काजला आदि उपस्थित रहे। मेले का उद्घाटन समाज सेविका शिवदासी सोनू कैलाशी ने किया तथा राम दरबार की आरती पंडित ढाबा से सुरेंद्र शर्मा एवं आशीष शर्मा ने कर भगवान राम का आशीर्वाद लिया।

### मेले में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए गए

मेला देखने आए दर्शकों में रावण के पुतले की लाल अंगारों के समान दहकती आंखें और पैरों में जयपुरी जूतियां आकर्षण का केंद्र रही तो राम रावण युद्ध, डोरीमोन इवेंट्स की सुंदर-सुंदर झांकियों की प्रस्तुति ने मेले में चार चांद लगा दिए। राधा-कृष्ण बने प्राची और हिमांशु के साथ शंकर-पार्वती बने रोहित और बुलबुल ने जब धार्मिक गानों पर नृत्य किया तो दर्शक ताली बजाने पर मजबूर हो गए। मेले में रंग-बिरंगी आतिशबाजी और बिजली की सजावट देखते ही बनती थी। मेले में भारी भीड़ से दुकानदारों के चेहरे खिले रहे। मेला देखने आये बच्चों ने मिक्की माउस और झूलो का आनंद लेते हुए खिलौनों की भी खरीदारी की तो महिलाओं को सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों के साथ-साथ गोलगप्पे, टिक्की खाते हुए भी देखा गया। वहीं नौजवान और पुरुषों को गुब्बारों पर निशाना साधते हुए देखा गया। मेले में मूंगफली की भी खूब बिक्री हुई। रावण के पुतले का दहन देरी से होने के कारण दुकानदार बहुत खुश नजर आए। कार्यक्रम के अंत में श्री राम ने असत्य पर सत्य की जीत का संदेश देते हुए पुतले में आग लगाई तो पूरा मैदान श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। दशहरा मेला के सफल आयोजन में लाल कुर्ती के साथ सेना पुलिस और मुख्य रूप से मेला अध्यक्ष विनोद सोनकर, आलोक माहेश्वरी, कन्हैया लाल, आनंद भाई, सत्यप्रकाश, पुष्पेंद्र कुमार, जियालाल, लकी पाजी, मनोज कुमार, नंदकिशोर मीणा, मनीष कुमार, अरुण कुमार, जयप्रकाश, सविता मीणा, संजय कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मीडिया प्रभारियों के रूप में पारस गुप्ता, शिवकुमार शर्मा और राजन सोनकर का विशेष महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

### मेले पर पुलिस की रही पैनी नजर

मेले में लोगों का जमावड़ा देखकर अधिकारियों ने कसेरूखेड़ा में भारी पुलिसबल की व्यवस्था की थी। मेले में हर व्यक्ति पर पुलिस की नजर थी। बच्चों व महिलाओं ने मेले का लुत्फ लिया व जमकर खरीदारी भी की।

# सिवालखास में हुआ रावण का दहन मेले में उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानीखुर्द।** गुरुवार को विजय दशमी पर कस्बा सिवाल खास में रावण का पुतला दहन किया गया जिसमें लोगों ने जय श्री राम के नारे लगाए, वहीं मेले में दोपहर से ही भीड़ उमड़ पड़ी। जिसमें थाना पुलिस मेले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। मेले में आसपास के गांव के लोग कस्बा सिवाल खास पहुंचे और रावण पुतला दहन का पूरा नजारा लिया। इस बीच महिलाओं व बच्चों ने मेले में जमकर खरीदारी की। वहीं जानी पुलिस भी सतर्क मोड पर नजर आई मेले में आए लोगों पर पुलिस की नजर बनीं थी। हर आने जाने वाले लोगों को देखा जा रहा था।

# एसएसपी ने किया दशहरा मेला स्थलों का निरीक्षण

## मेला स्थलों तक बड़े वाहनों के पहुंचने पर रोक लगाने के लिए निर्देश, ड्रोन से हो रही निगरानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**





**मवाना।** दशहरे पर लगने वाले मेले में सुरक्षा व्यवस्था परखने के लिए एसएसपी मेरठ डॉ. विपिन ताडा गुरूवार को मवाना पहुंचे। उन्होंने तीनों मेला स्थलों का निरीक्षण किया और अधिनस्थों से भीड़ व रूट आदि की जानकारी ली। उन्होंने मेला स्थलों पर बड़े वाहनों के पहुंचने पर रोक लगाने के निर्देश दिए।

सबसे पहले एसएसपी मेरठ तहसील मैदान में लगने वाले दशहरा मेला स्थल पर पहुंचे। उन्होंने सीओ मवाना पंकज लवानिया और इंस्पेक्टर पूनम जादौन से मेले में पहुंचने वाली अनुमानित भीड़ व आवागमन के रास्तों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मेला समापन होने तक मेला स्थल पर तहसील रोड पर किसी भी तरह के बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने को निर्देशित किया। उसके बाद एसएसपी गुड़ मंडी मेला स्थल व किला बस स्टैंड पर लग रहे मेला स्थल पर पहुंचे। उन्होंने अधिनस्थों से पुलिसकर्मियों की ड्यूटी चार्ज व सभी प्रवेश-निकासी मार्गों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मेला समापन तक पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद रहेंगे और लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### ड्रोन से चल रही मेले की निगरानी

डीआईजी मेरठ रेंज कलानिधि नैथानी के निर्देश पर गुरूवार को पुलिस की स्पेशल टीम मवाना पहुंची और पालिका मैदान में सैटअप लगाकर ड्रोन से मेला स्थल की निगरानी की। पिछले दिनों कानपुर व बरेली में हुए बवाल के बाद दशहरा मेले को लेकर पुलिस खासी सतर्कता बरत रही है। वहीं एसएसपी ने सतर्क रहने के निर्देश दिये है।

# पुलिस की तत्परता से सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश नाकाम

## मोहल्ला मुन्नालाल में देर रात कई मकानों पर लगे आई लव मोहम्मद के पोस्टर, चौकी इंचार्ज ने उतारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** कानपुर से शुरू हुआ आई लव मोहम्मद के पोस्टर का मामला अब मवाना तक पहुंच गया है। नगर के मोहल्ला मुन्नालाल में बुधवार रात कई मकानों पर पोस्टर चिपके मिले तो पुलिस तुरंत हरकत में आई। बस स्टैंड चौकी इंचार्ज मनोज शर्मा मौके पर पहुंचे और पोस्टर हटाकर आसपास के लोगों को भविष्य में ऐसा नहीं करने की हिदायत दी। उसके बाद पुलिस की ओर से पांच लोगों को नामजद करते हुए बीएनएस की धारा 353 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

### पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

बस स्टैंड चौकी प्रभारी मनोज शर्मा को देर रात सूचना मिली के मोहल्ला मुन्नालाल में नाले के पास कुछ मकानों पर आई लव मोहम्मद के पोस्टर चिपके हुए हैं। इस पर चौकी इंचार्ज कुछ पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और बिना देरी किए पांच मकानों पर चिपके पोस्टर हटा दिए। पुलिस की इस तत्परता से सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के मंसूबे धरे के धरे रह गए। उधर, गोपनीय विभाग ने भी इस मामले से आला अधिकारियों को अवगत कराया। उसके बाद चौकी इंचार्ज की ओर से इदरीस, तस्लीम, रिहान, गुलफाम और हारुन के विरुद्ध बीएनएस की धारा 353 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

### सौहार्द बिगाड़ने की थी कोशिश

कानपुर और उसके बाद बरेली में हुए पोस्टर बवाल के बाद मेरठ पुलिस भी पूरी तरह अलर्ट है। इसे लेकर डीआईजी ने बुधवार को अधिनस्थों की बैठक लेकर दिशा निर्देश जारी किए थे। दशहरा मेले को लेकर पुलिस खास सतर्कता बरत रही थी कि मवाना में पोस्टर चिपकने की घटना से सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश सामने आ गई। जिसे पुलिस ने अपनी तत्परता और सूझबूझ से नाकाम कर दिया। हालांकि जिनके मकानों पर पोस्टर चिपके मिले, उनका कहना है कि उन्हें नहीं पता कि बाहर से गेट पर कौन पोस्टर चिपका गया। जिस तरीके से हाथ से लिखे पोस्टर चिपकाए गए, उससे यकीनन साबित होता है कि दशहरा पर सौहार्द बिगाड़ने की पूरी साजिश रची गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद नामजदों में से एक महिला सहित दो लोगों का शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया।



# मेरठ ड्रगिस्ट एंड केमिस्ट एसोसिएशन की टीम घोषित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ ड्रगिस्ट एंड केमिस्ट एसोसिएशन ने सोमवार को खैर नगर स्थित महामंत्री कार्यालय पर आम सभा की। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके चित्रों पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

सभा में एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश चंद्र गुप्ता के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इसके बाद संरक्षक अरुण वशिष्ठ और अशोक तिवारी के नेतृत्व में तथा महामंत्री रजनीश कौशल की सहमति से नई कार्यकारिणी के लिए चुनाव कराए गए। सर्वसम्मति से नरेश चंद्र गुप्ता को चेयरमैन, देवेंद्र भसीन को अध्यक्ष, रजनीश कौशल को महामंत्री और मोइनुद्दीन गुड्डू को कोषाध्यक्ष चुना गया। नई टीम को संगठन के हित में काम करने का अधिकार दिया गया। इस दौरान कपिल चड्ड़ा, मनोज शर्मा, रवि गांधी राजा, टीटू, पारस जडेजा, संदीप जैन, प्रितपाल, पवन सां. गवान, संदीप सैनी आदि मौजूद रहे।

# सरधना विधायक अतुल प्रधान ने फलावदा कस्बे में किया दशहरा मेले का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** दशहरा पर्व के उपलक्ष में कस्बे के काले सिंह मंदिर के समीप दशहरा मेले का उद्घाटन विधायक अतुल प्रधान ने फीता काट कर किया। अपने संबोधन में विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि विजयदशमी का महापर्व अश्वनी शुक्ला दशमी तिथि को मनाया जाता है।

श्री राम ने लंकापति राजा रावण का वध करके संपूर्ण नारी शक्ति के सम्मान का प्रतीक माता सीता को उसके चुंगल से मुक्त कराया था। तभी से इस दिन को बुराई पर अच्छाई की जीत अथवा अधर्म पर धर्म की विजय के रूप में मनाया जाने लगा। श्री आदर्श रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने विधायक अतुल प्रधान को मिहिर भोज का चित्र देकर सम्मानित किया। इसके उपरांत देर शाम को प्रभु श्री राम के द्वारा रावण के पुतले का और सोने की लंका दहन करते हुए जमकर आतिशबाजी की गई। दशहरा के मध्य नजर गत वर्षो की भांति काले सिंह मंदिर के पास दशहरा मेला आयोजन किया। जिसमें क्षेत्र के गांवों से भारी संख्या में आसपास के हजारों दर्शक मौजूद रहे। मेले में थाना प्रभारी दिनेश प्रतापसिंह मय फोर्स के साथ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे। कार्यक्रम का संचालन रमेश धीमान, पृथ्वी सैनी ने किया। इस मौके पर कमेटी के प्रधान शरद चौधरी, उप प्रधान धीरज चौधरी, मेला प्रबंधक संदीप चौधरी, सचिन चौधरी, जयकरण चौधरी, मनजीत छात्र नेता अश्वनी चौधरी, भोपाल चौधरी, महेंद्र चौधरी, योगेश धीमान, जीतू चौधरी, विकास पाल बजरंगी, प्रदीप चौधरी, सुंदर चौधरी आदि उपस्थित रहे।



# नेशनल सेल्फ केयर टीम का हुआ गठन प्रवीण राजवंश को बनाया सक्रिय सदस्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** गुरुवार को समाज सेवी प्रवीण राजवंश को इस कमेटी का सक्रिय सदस्य बनाया गया है। उन्होंने बताया की नेशनल सेल्फ केयर प्रदेश टीम अब जिला स्तर पर संस्था के पदाधिकारियों की नियुक्ति कर रही है। विदित हो कि यह एक पंजीकृत संस्था है जिसका निर्माण, संस्थापक और संरक्षक विवेकानंद आर्या, सहसंस्थापक सुदेश पांडेय, संजीव रजक और अन्य सदस्यों ने मिलकर पूरा किया था।

यह संस्था अपने सदस्यों के जीवन जोखिम में परिवार वालों की 50 लाख तक की मदद के लिए काम करने वाली संस्था है, संस्था के मेरठ से सक्रिय सदस्य प्रवीण राजवंश असिस्टेंट प्रोफेसर चौधरी वेदराम कॉलेज ने बताया कि इस संस्था का संचालन जेबज की तर्ज पर चल रहा है, जब किसी की मृत्यु हो जाती है तो रजिस्टर्ड सदस्य उस व्यक्ति के नॉमिनी के खाते में सीधे सहयोग करते है।

संस्था के प्रदेश अध्यक्ष अनिल वर्मा, संयोजक विवेक मिश्र, विपुल मिश्र, महामंत्री अविनाश यादव, प्रदेश कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश निमेष, सह संस्थापक मंडल सुमन, अंकिता शुक्ला, नरेंद्र गंगवार, रविन्द्र यादव, प्रज्ञानंद, अखिलेश मिश्र, योगराज चाहर को बनाया गया है। संस्था के पवित्र उद्देश्यों से जन मानस में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है और लोग गुगल पर जाकर देबज से सीधे जुड़ रहे है ताकि भविष्य की कोई जीवन जोखिम होता है तो परिवार को आर्थिक मदद मिल सके। हापुड़ से शिवकुमार, नीटू सिंह, डॉ. महिपाल सिंह, डॉ. परमानंद सक्रिय योगदान कर रहे है।

# गांधी जयंती पर लोकदल कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि के साथ किया फल वितरण कार्यक्रम





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** राष्ट्रीय लोकदल ने जिला कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों एवं सिद्धांतों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. सुशील, संगीता दोहरे, चौ. सत्येन्द्र सिंह तोमर, शिवम चौधरी, उर्मिला चौधरी, पूजा राजपूत सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं प्यारे लाल जिला अस्पताल में गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ ने राष्ट्रीय सचिव प्रतीक जैन, नईम सागर ने सीएमओ व साथियों के साथ मिलकर फल वितरण किया। इसके अलावा सिटी रेलवे स्टेशन पर भी फल वितरण किया। प्रतीक जैन ने कहा कि आज हमारे देश के राष्ट्रपिता गांधी जी की वजह से ही हम आजाद देश में खुली सांस ले पा रहे है।

# भारतीय सुदर्शन समाज महासंघ ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर डीएम कार्यालय के आयोजित कार्यक्रम में महेन्द्र धानक द्वारा डीएम को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। जिसमें कहा कि शहीद स्मारक राष्ट्रीय संग्रहालय मेरठ में अमर शहीद मातादीन जी की प्रतिमा स्थापित की जाये तथा सेन्ट्रल भैसाली मेट्रो स्टेशन का नाम शहीद मातादीन जी के नाम पर रखा जाये इसके अलावा प्रधानमंत्री के मेरठ आगमन पर समय के लिए निवेदन किया गया है।



# बुराई पर अच्छाई की हुई जीतः गौरव चौधरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** गुरुवार को कस्बा सिवाल खास में विजयदशमी का त्यौहार बड़े धूमधाम से बनाया गया जहां कस्बा सिवाल खास में झांकी निकाली गई इसमें राम लक्ष्मण और सीता की झलकियां दिखाई दी, वहीं झांकियां में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। विजयदशमी के मेले का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा की बुराई पर अच्छाई की जीत हमेशा रहती है जिस तरह से हम हर साल रावण को जलाते हैं ऐसे ही हमें अपने अंदर की बुराइयों को भी खत्म कर देना चाहिए, और हमेशा अच्छाई पर काम करते रहना चाहिए इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुमित प्रधान, पूर्व प्रधान प्रवीण पावटी, वरिष्ठ भाजपा नेता अनवर कुरैशी, शकील नंबरदार, दीपक सोनी, जिला पंचायत सदस्य अतुल पूनिया, जानी के प्रधान वेदपाल फौजी, दीन मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

# आई लव मोहम्मद मामले में पुलिस ने एक को भेजा जेल

## इंस्टाग्राम पर रील बनाकर लोगों को भड़काने का कर रहा था काम

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जानी खुर्द।** आई लव मोहम्मद का समाज के ठेकेदारों ने एक इंस्टाग्राम रील फेसबुक जैसे वीडियो बनाकर उन पर डालकर अपनी फॉलोअर बढ़ाने का काम कर रहे हैं लेकिन शायद उन्हें यह नहीं पता इस तरह की पोस्ट डालने से समाज पर कितना बुरा असर पड़ेगा। हाल ही में बरेली में हुए आई लव मोहम्मद पर बवाल के चलते तोकीर रजा पर भी सरकार ने बुलडोजर चला दिया। उन्होंने नफरत फैलाने का काम किया ऐसा ही मामला कस्बा सिवालखास में लगातार दो दिन से कुछ लोगों ने नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं जिससे समाज में गंदा मैसेज जा रहा है गुरुवार को कस्बा सिवाल खास एक व्यक्ति ने आई लव मोहम्मद की रील बनाकर और इंस्टाग्राम पर वायरल कर दी जिसमें लोगों को बरगलाने का काम किया। माहौल खराब न हो इसलिए तुरंत मौके पर पहुंची जानी पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। उसके पास से मोबाइल में इंस्टाग्राम पर वायरल वीडियो भी बरामद हुई आरोपी की पहचान अफसर पुत्र खुशी मोहम्मद कस्बा सिवाल खास के रूप में हुई है। आरोपी का चालान कर कोर्ट में पेश किया गया है।

## बारिश: किठौर दशहरा मैदान का अनोखा नजारा

# जलकर नहीं गलकर मर गया रावण, लोग मायूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** न्याय की अन्याय पर, सदाचार की दुराचार पर, धर्म की अधर्म पर, गर्व की अहंकार पर, अच्छाई की बुराई पर, सत्य की असत्य पर और अंधकार पर उजाले के विजय का प्रतीक विजय दशमी का पर्व गुरुवार को जनपद मेरठ के कस्बा किठौर स्थित दशहरा मैदान में हर्षोल्लास से मनाने की तैयारियां चल रही थी कि अचानक शाम 4:30 मौसम ने करवट बदली। रावण दहन का कार्यक्रम बारिश के कारण अधूरा रह गया। लोग रावण के पुतले को जलते देखने के लिए उत्साहित थे लेकिन बारिश ने विघ्न डाल दिया।



रावण का पुतला जलने की बजाय गलकर गिर गया जिससे लोग निराश हो गए। दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। किठौर दशहरा मैदान में इस साल दशहरे के मौके पर रावण दहन का कार्यक्रम कुछ अलग ही अंदाज में खत्म हुआ। हर साल की तरह इस बार भी लोग रावण के पुतले को जलते देखने के लिए बेताब थे। मैदान में हजारों की संख्या में लोग इकट्ठा हुए थे, हर कोई इस पल का गवाह बनना चाहता था। बच्चों से लेकर बूढ़ों तक, सभी इस साल के रावण दहन कार्यक्रम के लिए बहुत उत्साहित थे। रावण के पुतले के दहन को देखने के लिए सब बेसब्र थे, जैसे कि यह एक अद्भुत नजारा हो जिसे हर कोई अपनी आंखों से देखना चाहता है। लेकिन अचानक हुई तेज बारिश ने सबको मायूस कर दिया। रावण दहन के कार्यक्रम के अंतिम चरण में जब पुतले को जलाने का वक्त आया, तभी जोरदार बारिश शुरू हो गई। बारिश ने इस पूरे आयोजन पर जैसे ग्रहण लगा दिया। नतीजा यह हुआ कि रावण का पुतला जलकर नहीं, बल्कि गलकर गिर गया। यह देखकर वहां मौजूद लोगों के चेहरों पर मायूसी छा गई। लोग जो इस पल का इंतजार कर रहे थे, उनकी उम्मीदें जैसे धरी रह गईं। प्रकृति का एक छोटा सा हस्तक्षेप, यानी अचानक हुई बारिश, ने इस पूरे आयोजन का मिजाज बदल दिया। आयोजकों के लिए भी यह एक चुनौती बन गई क्योंकि पुतले को जलाना मुश्किल हो गया था। लोगों की उम्मीदें धरी रह गईं और सबको निराशा हाथ लगी। लोग उदास होकर अपने घर लौट गए। इस दौरान सीओ किठौर प्रमोद कुमार व इंस्पेक्टर बृजेश कुमार पांडे पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।

खेल विशेष

## भारत के पास अच्छे और अग्रणी तैराक हैं: माइकल बोहल

**अहमदाबाद, वार्ता।** चीन की टीम के तैराकी कोच माइकल बोहल ने कहा है कि भारत के पास अच्छे और अग्रणी तैराक हैं, बस उसे और अधिक तैराकों की जरूरत है। भारत ने 11वीं एशियाई एक्वेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चार रजत, नौ कांस्य सहित कुल 13 पदक जीते और नौवां स्थान हासिल किया, जो कि वाटर स्पोर्ट्स में देश की बढ़ती प्रभुता का प्रमाण है।

भारत ने इस खेल में अपनी पहचान बनाना शुरू कर दिया है, जिसमें श्रीहरि नटराज, ऋषभ दास, कुशाग्र रावत, रोहित बी बेनेडिक्टॉन, साजन प्रकाश और भव्या सचदेवा जैसे युवा तैराक उभर रहे हैं। इन सबने तैराकी में भारत के लिए व्यक्तिगत पदक जीते, जबकि इंदिवर सैरेम और विल्सन सिंग निंगथौजम ने डाइविंग में भारत को पहला पदक दिलाकर इतिहास रच दिया। बोहल ने कहा कि मुझे लगता है कि भारत ने यहां बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। कुछ बेहतरीन खिलाड़ी भी हैं।पुरुषों ने विशेषकर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। मुझे लगता है कि बुधवार रात 400 मीटर फ्रीस्टाइल में एक महिला ने पदक जीता। इसलिए जब भी आप किसी एशियाई स्तर की प्रतियोगिता में पोडियम पर पहुंचते हैं, तो यह देश के लिए अच्छी बात होती है। श्रीहरि नटराज ने सात पदक (3 व्यक्तिगत, 4 रिले) के साथ भारतीय दल का नेतृत्व किया। इसके अलावा भारतीय दल में वृत्ति अग्रवाल, धीनिधि देसिंघु, सान्वी देशवाल, अद्वैत पेज, निथिक नथेला और जशुआ थॉमस दुरई जैसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिन्होंने इस एशियाई प्रतियोगिता में अपार संभावनाएं और क्षमता दिखाई।

# अहमदाबाद टेस्ट: पहले दिन भारत का स्कोर 121/2




## केएल राहुल फिफ्टी बनाकर नाबाद लौटे, विंडीज पहली पारी में 162 रन पर ऑलआउट

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच 2 टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच अहमदाबाद में खेला जा रहा है। इंडिया ने गुरुवार को पहले दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 121 रन बनाए। केएल राहुल 53 और कप्तान शुभमन गिल 18 रन पर नाबाद लौटे हैं। राहुल ने टेस्ट करियर की 20वीं फिफ्टी लगाई है। साई सुदर्शन 7 रन और यशस्वी जायसवाल 36 रन बनाकर आउट हुए। टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम टी-ब्रेक से पहले 162 रन पर ऑलआउट हो गई थी। जस्टिन ग्रीव्स ने सबसे ज्यादा 32 रन बनाए। विकेटकीपर शाई होप 26 और कप्तान रोस्टन चेज 24 रन बनाकर आउट हुए। मोहम्मद सिराज ने 4 विकेट झटके, जबकि जसप्रीत बुमराह को 3 विकेट मिले। बुमराह घरेलू मैदानों पर सबसे तेज 50 विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज बने। 34वें ओवर में केएल राहुल ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने रोस्टन चेज के ओवर की 5वीं बॉल को लान्ग की ओर खेला और एक रन दौड़कर फिफ्टी पूरी की। राहुल ने राहुल टेस्ट करियर की 20वीं फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने भारत में 11 फिफ्टी लगाई है। 30वें ओवर में भारतीय टीम ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। खारी पियर के ओवर की चौथी बॉल पर गिल ने चौका लगाकर टीम स्कोर 100 पार पहुंचाया। 25वें ओवर में भारतीय टीम ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां पर साई सुदर्शन 7 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें रोस्टन चेज ने एलबीडब्ल्यू कर दिया। यशस्वी जायसवाल (36 रन) को जैडन सील्स ने कैच कराया। 19वें ओवर में भारतीय टीम ने पहला विकेट गंवाया। यहां यशस्वी जायसवाल 36 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जैडन सील्स ने विकेटकीपर शाई होप के हाथों कैच कराया। 15वें ओवर में यशस्वी जायसवाल ने जस्टिन ग्रीव्स के ओवर में तीन चौके लगाए। उन्होंने पहली, दूसरी और छठी बॉल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया।




## बुमराह भारत में सबसे तेजी से 50 विकेट पूरे करने वाले भारतीय बने

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुम. राह ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के शुरुआती दिन प्रभावित किया। बुमराह एशिया कप में भी शानदार फॉर्म में थे और उन्होंने इस लय को टेस्ट प्रारूप में भी बरकरार रखी। बुमराह ने पहली पारी में तीन विकेट लिए और इसके साथ ही उन्होंने जवागल श्रीनाथ के रिकार्ड की बराबरी कर ली। बुमराह भारत में सबसे तेज 50 विकेट पूरे करने वाले तेज गेंदबाज बन गए। बुमराह ने इस दौरान बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। उन्होंने भारत में 24 टेस्ट पारियों में 50 विकेट पूरे कर लिए। बुमराह से पहले श्रीनाथ ने भी इतनी ही पारियों में भारत में 50 टेस्ट विकेट पूरे किए थे। इस सूची में तीसरे स्थान पर कपिल देव हैं जिन्होंने 25 पारियों में भारत में 50 टेस्ट विकेट पूरे किए थे। वहीं, ईशांत शर्मा और शमी ने 27-27 पारियों में ऐसा किया है।

## राष्ट्रव्यापी फिट इंडिया फ्रीडम रन 6-0 का हुआ आयोजन

● **भारत के प्लॉग मैन नीतू दमन विशिष्ट अतिथि थे, यह दौड़ देशभर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित की गई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर गुरुवार को फिट इंडिया मिशन ने एकल-प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने और नागरिकों को सभी सार्वजनिक स्थानों को कूड़ा-कचरा मुक्त रखने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु पूरे उपमहाद्वीप में फ्रीडम रन 6-0 का आयोजन किया।

आज यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में युवा मामले एवं खेल मंत्रालय और फिटस्पायर, रेड एफएम और रैपिडो के सहयोग से 'फिट इंडिया फ्रीडम रन 6-0' का आयोजन किया गया। इसमें मंत्रालय के अधिकारियों और व्यक्तियों ने प्लॉग रन में भाग लिया इस दौरान सुबह-सुबह कूड़ा उठाने के साथ-साथ एक छोटी दौड़ भी हुई। इस पहल के मुख्य अतिथि स्वच्छता अभियान की अगुवाई खेल मंत्रालय के सचिव हरि रंजन राव ने की। भारत के प्लॉग मैन रिपु दमन विशिष्ट अतिथि थे। यह दौड़ का देश भर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित की गई। 'स्वच्छता से स्वास्थ्य की ओर', अर्थात 'स्वच्छता के माध्यम से अच्छे स्वास्थ्य की ओर', की टैगलाइन के साथ, फिट इंडिया फ्रीडम रन में संयुक्त सचिव खेल कुणाल और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के उप महा. निदेशक मयंक श्रीवास्तव भी शामिल हुए।

## डीके का हांगकांग सिक्सेज के साथ करार

**हांगकांग, वार्ता।** दिनेश कार्तिक ने हांगकांग सिक्सेज के साथ करार किया है। हाल ही में आईएलटी-20 में शारजाह वॉरियर्स के लिए खेलने के लिए सहमत होने के बाद, कार्तिक (40) अपने पूर्व भारतीय और तमिलनाडु टीम के साथी आर अश्विन के साथ जुड़ेंगे, जिन्होंने पहले इस सिक्स-ए-साइड टूर्नामेंट में भाग लेने की पुष्टि की थी। आयोजकों, क्रिकेट हांगकांग,ने कहा कि कार्तिक भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे।

कार्तिक ने कहा कि हांगक. ांग सिक्सेस में टीम इंडिया का नेतृत्व करना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। यह एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसका इतिहास इतना समृद्ध और वैश्विक है। मैं ऐसे खिलाड़ियों के समूह का नेतृत्व करने के लिए उत्सुक हूं जिनके नाम अविश्वसनीय रिकॉर्ड हैं। हम साथ मिलकर




● **हांगकांग सिक्सेज में टीम इंडिया का नेतृत्व करना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है: दिनेश कार्तिक**

प्रशंसकों को खुशी प्रदान करेंगे और निडर और मनोरंजक क्रिकेट खेलेंगे। यह टूर्नामेंट 7 से 9 नवंबर तक चलेगा। क्रिकेट हांगकांग चीन के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ ने कहा कि हमें हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिए टीम इंडिया के कप्तान के रूप में दिनेश का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। उनका नेतृत्व और अनुभव इस प्रतियोगिता में अपार मूल्य जोड़ेंगे, और हमें विश्वास है कि उनकी उपस्थिति दुनिया भर के प्रशंसकों को इस शानदार क्रिकेट उत्सव का गवाह बनने के लिए आकर्षित करेगी। इस तीन दिवसीय आयोजन में कुल 12 टीमें भाग लेंगी: दक्षिण अफ्रीका, अफगानिस्तान, नेपाल, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, यूएई, भारत, पाकिस्तान, कुवैत, श्रीलंका, बंगलादेश और हांगक. ांग। टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है और भारत और पाकिस्तान को, उम्मीद के मुता. बिक, एक ही ग्रुप (ग्रुप सी) में रखा गया है। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करेंगी। क्वार्टर फाइनल की विजेता टीमें कप सेमीफाइनल में खेलेंगी।

## दबंग दिल्ली को हराकर जीत की पटरी पर लौटना चाहेंगे यूपी योद्धाज

**चेन्नई, वार्ता।** यूपी योद्धाज अपने हालिया अनुभवों को सीखे हुए सबक में बदलने के इरादे से टेबल-टॉपर्स दबंग दिल्ली केसी एम से भिड़ने के लिए तैयार हैं। यह मुकाबला 3 अक्टूबर को चेन्नई के एसडीएटी मल्टी-पर्पज इंडोर स्टेडियम में रात 8 बजे से शुरू होगा और दर्शकों को अटैकिंग कौशल और डिफेंसिव मजबूती का अनोखा मिश्रण देखने को मिलेगा। पिछले मैच में यूपी योद्धाज गुजरात के खिलाफ 27-33 से हार गए थे, लेकिन प्रदर्शन ने टीम की बढ़ती संतुलन क्षमता को उजागर किया, खासकर रेडिंग व डिफेंस दोनों में। कई खिलाड़ी इस मुकाबले में सामने आए और टीम अब इस प्रतिस्पर्धी आत्मा को लीग लीडर्स के खिलाफ जीत में बदलने के इरादे से मैदान में उतरेगी।



## चाइना ओपन के सेमीफाइनल में कोको

**बीजिंग, वार्ता।** अमेरिकी टेनिस स्टार कोको गॉफ ने गुरुवार को जर्मनी की ईवा लिस को हराकर चाइना ओपन के महिला एकल वर्ग के सेमीफाइन में जगह बना ली। आज यहां खेले गए क्वार्टर फाइनल में गॉफ ने डेढ़ घंटे तक चले मुकाबले में जर्मनी की लिस को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अब गॉफ का सामना सेमीफाइनल में दो बार की ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट जैस्मीन पाओलिनी या अमांडा अनिसिमोवा से होगा। यह तीसरी बार होगा जब 21 वर्षीय खिलाड़ी डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट के इस चरण में पहुंची हैं। मैच के बाद अपनी प्रतिद्वंद्वी के बारे में गॉफ ने कहा कि वह एक कड़ी प्रतिद्वंद्वी हैं, उन्होंने दौड़ते हुए कुछ अविश्वसनीय शॉट लगाए। मैं आक्रामक बने रहने की पूरी कोशिश कर रही थी। बस अपने खेल पर भरोसा बनाए रखना चाहती थी और जब मैं बढ़त बना रही थी तो बहुत अधिक निष्क्रिय नहीं रहना चाहती थी।

## अश्विन ने पूरे बीबीएल सीजन के लिए अनुबंध किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय स्पिनर आर अश्विन ने बिग बैश लीग (बीबीएल) में पूरे सीजन के लिए प्रतिबद्धता जताई है और सिडनी थंडर के सभी मैचों में खेलेंगे। उन्होंने शुरुआत में एक छोटे कार्यकाल के लिए अनुबंध किया था, जिसमें केवल कुछ लीग मैच और प्लेऑफ शामिल थे, लेकिन अब उन्होंने पूरे टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध रहने के लिए अपने अनुबंध को बढ़ा दिया है। बीबीएल इस वर्ष 14 दिसंबर से 25 जनवरी तक चलेगा।

अश्विन की बीबीएल में विस्तारित भागीदारी एक स्पष्ट कारण से है। बुधवार को नीलामी के पहले दौर में न बिकने के बाद आईएलटी-20 में उनका नियोजित कार्यकाल पूरा नहीं हो सका। उन्होंने बाकी राउंड से तुरंत अपना नाम वापस ले लिया, क्योंकि वे कम वेतन पर लीग में खेलने को तैयार नहीं थे। अश्विन ने आईएलटी-20 नीलामी में 120,000 डॉलर के आधार मूल्य के साथ प्रवेश किया था, जो पंजीकृत खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा था, लेकिन घटनाक्रम से निराश थे। अश्विन ने क्रिकबज से कहा कि यही वह कीमत थी जो मैं न्यूनतम चाहता था, और अगर मेरी कीमत पूरी नहीं होती है तो मैं अपने करियर के इस पड़ाव पर नहीं खेलने को लेकर खुश हूं। अगले राउंड में चुने जाने की हमेशा संभावना थी, लेकिन उन्होंने आगे नहीं खेलने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि थंडर के साथ हुए सौदे के कारण मैं नीलामी से कुछ दिन पहले ही नाम वापस लेने वाला था, लेकिन चूंकि मैंने पहले ही आईएलटी-20 के लिए नीलामी में भाग लेने का वादा कर दिया था, इसलिए मैंने अपना वादा निभाया। हालांकि, मैं अपना आधार मूल्य कम करने के लिए सहमत नहीं हुआ। उन्होंने गुरुवार को इस वेबसाइट से यह भी पुष्टि की कि उन्होंने पूरे सीजन के लिए सिडनी थंडर के साथ अनुबंध कर लिया है। उन्होंने कहा कि मैंने पूरे सीजन के लिए सिडनी थंडर के साथ अनुबंध कर लिया है।




## आईएल टी-20 के पहले प्लेयर ऑक्शन में अनसोल्ड रहे रविचन्द्रन अश्विन

**दुबई, वार्ता।** दुबई में हुए आईएल टी-20 के पहले ऑक्शन में छह अंकों में अपना बेस प्राइस रखने वाले इकलौते खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन अनसोल्ड रहे हैं। पूर्व भारतीय स्पिनर का नाम एक्सीलेटर राउंड के दौरान नहीं बोला गया लेकिन इस बात की उम्मीद है कि वह वाइल्ड कार्ड के रूप में आगामी सीजन का हिस्सा बन सकते हैं। एमआई एमिरेट्स और डेजर्ट वाइपर्स दो ऐसी फ्रेंचाइजी हैं जिन्होंने अब तक अपनी वाइल्डकार्ड साइनिंग नहीं की है। पाकिस्तान से बाहर टी-20 लीग में हिस्सा लेने के लिए इच्छुक खिलाड़ियों के अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) को पीसीबी द्वारा रद्द किए जाने के बावजूद वाइपर्स इकलौती टीम रही जिसने पाकिस्तान के खिलाड़ियों के लिए बोलियां लगाई। ऐसा क्यों किया गया इसका कोई कारण सामने नहीं आया है।

## विश्व कप के पहले मैच ने दर्शक संख्या का नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, वार्ता।** गुवाहाटी में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के उद्घाटन मैच ने महिला क्रिकेट में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की गुवाहाटी में ऐतिहासिक शुरुआत हुई, जहां भारत और श्रीलंका के बीच खेले गए पहले मैच ने किसी भी महिला क्रिकेट विश्व कप में दर्शकों की संख्या का नया रिकॉर्ड बनाया। एसीए स्टेडियम में खेले गए इस मैच में 22,843 दर्शक आए, जो किसी भी महिला विश्व कप के ग्रुप चरण के सबसे अधिक दर्शकों वाले मैच का रिकॉर्ड है। 15,935 दर्शकों का पिछला रिकॉर्ड 2024 में भारत-पाक महिला टी20 विश्व कप ग्रुप ए मुकाबले के दौरान बना था। यह कीर्तिमान इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का नवीनतम कीर्तिमान है, जिसने प्रशंसकों की पहुंच और महिला क्रिकेट इतिहास में रिकॉर्ड पुरस्कार राशि के मामले में भी नए मानक स्थापित किए हैं।

## मूलर 35वां खिताब जीतकर जर्मनी के सबसे सफल खिलाड़ी बने

● **मूलर ने अपने करियर का 300वां गोल भी किया, जिसमें उन्होंने अपनी टीम के लिए दूसरा गोल पेनल्टी में बदला**

**बर्लिन, वार्ता।** वैंकूवर व्हाइटकैप्स के स्ट्राइकर थॉमस मुलर ने कहा कि अपने करियर का 35वां खिताब जीतने के बाद से उनके फोन की घंटी बजती ही रही है, जिससे वह जर्मन फुटबॉल इतिहास के सबसे सफल खिलाड़ी बन गए हैं।

दोस्तों, पूर्व साथियों और रिश्तेदारों ने 36 वर्षीय इस खिलाड़ी को बधाई देने के लिए फोन किए, जिन्होंने बायर्न म्यूनिख के अपने पूर्व साथी टोनी क्रूस (34 खिताब जीतने वाले) को पीछे छोड़ दिया। दोनों ने 2014 फीफा विश्व कप साथ मिलकर जीता था। मुलर को सबसे हालिया उपलब्धि कैनेडियन चैंपियनशिप के साथ मिली, जब व्हाइटकैप्स ने फाइनल में वैंकूवर एफसी को 4-2 से हराकर कॉनकाकाफ चैंपियंस लीग में जगह पक्की की। उन्होंने अपने करियर का 300वां गोल भी किया, जिसमें उन्होंने अपनी टीम के लिए दूसरा गोल पेनल्टी में बदला। इसके बाद, उन्होंने सुनहरे '300' से सजा एक छोटा सा केक भेंट करके इस उपलब्धि का जश्न मनाया। 13 सितम्बर को अपने जन्मदिन के कुछ ही हफ्ते बाद, मुलर ने मजाक में कहा कि अपने माता-पिता से मिलने के दौरान कि मैंने उनसे कहा था, यह मैच का दिन है, जन्मदिन का नहीं।




अपने रिकॉर्ड जीत के बावजूद, मुलर ने कहा कि वह खुद को 'खिताब संग्रहकर्ता' नहीं मानते। तुलना करना बेमानी है। कुछ ने चैंपियंस लीग ज्यादा बार जीती है, तो कुछ ने ज्यादा राष्ट्रीय खिताब। उन्होंने क्रूस के छह चैंपियंस लीग खिताबों और उनके दो खिताबों का जक्रि करते हुए कहा कि मैं मैदान पर भावनाओं के लिए खेलता हूं, खिताबों के लिए नहीं। मुझे इस बात की कद्र है कि हमने साबित कर दिया कि हम कनाडा की सर्वश्रेष्ठ टीम हैं। उन्होंने आगे कहा कि आंकड़े ज्यादा मायने नहीं रखते: मैं अपनी विरासत को बेहतर बनाने के लिए नहीं खेलता।

## अंडर-19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया को पारी और 58 रनों से रौंदा

**ब्रिसबेन, वार्ता।** दीपेश देवेंद्रन और खिलन पटेल ने (तीन-तीन विकेट) तथा अनमोलजीत सिंह और किशन कुमार (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर भारतीय अंडर 19 टीम ने पहले मैच के तीसरे दिन गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 49.3 ओवर में 127 के स्कोर पर ढेर कर मुकाबला पारी और 58 रनों से जीत लिया। इसी के साथ भारतीय टीम ने दो मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलिया ने कल के आठ रन पर एक विकेट से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में अभी ऑस्ट्रेलिया के कल के स्कोर में दो रन का इजाफा हुआ था कि देवेंद्रन ने स्टीवन होगन (तीन) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद 13वें ओवर में देवेंद्रन ने एलेक्स ली यंग (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया। भारतीय गें. दबाजी आक्रमण के आगे ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी अधिक देर तक नहीं टिक सके और विकेट गंवाते रहे। कप्तान विल मालाजचुक (22), जेड हॉलिक (13) को खिलन पटेल ने आउट किया। अनमोलजीत सिंह ने साइमन बुडग (शून्य) को खाता खोलने भी नहीं दिया।

### विदेशी एथलीटों ने बनाए दो विश्व रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में गुरुवार को सईद अफरोज (ईरान) ने पुरुषों की भाला फेंक एफ 34 स्पर्धा के फाइनल में और सफिया जेलल (अल्जीरिया) ने महिलाओं की गोला फेंक एफ 57 स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व रिकार्ड बनाए।

यहां जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम में सईद अफरोज ने 41.52 मीटर की दूरी नापी और 2024 में कोबे में बनाए गए अपने ही 41.16 मीटर के रिकॉर्ड को बेहतर बनाया, जबकि सफ़यिा जेलल ने 11.67 मीटर की दूरी नापी और 2024 में बनाए गए अपने ही 11.62 मीटर के रिकॉर्ड को बेहतर बनाया। यहां स्थापित विश्व रिकॉर्डों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है, जबकि अब तक 65 नए चैंपियनशिप रिकॉर्ड स्थापित किए जा चुके हैं। विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की डिस्कस थ्रो एफ37 स्पर्धा के फाइनल में अपने पदार्पण पर भारत के 19 वर्षीय हैनी के लिए यह निराशाजनक रहा।

# घर में घिर रहे ट्रम्प

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दुनियाभर के देशों पर टैरिफ लगाने के फैसले के बाद अब खुद अमेरिका आार्थिक संकट से बुरी तरह जूझ रहा है। ट्रम्प लगातार दूसरे दिन सरकार को फंड देने वाला बिल पास नहीं करा पाए हैं। इससे गैरजरूरी सरकारी कामकाज ठप हो गया है। कृषि विभाग, श्रम विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, लायब्रेरी ऑफ कांग्रेस, सुप्रीम कोर्ट, फेडरल कोर्ट, अमेरिकी बॉटनिकल गार्डन, पर्यावरण संरक्षण एजेंसी और राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान जैसी कई संस्थाओं और विभागों के ऑफिस बंद हो गए हैं। ट्रम्प भले ही हर बार यही कह रहे हों कि उनकी ओर से लगाए गए टैरिफ देशहित में हैं, लेकिन इसका असर अब उनके यहां काम करने वाले कर्मचारियों पर भी दिखने लगा है। हालात ये हैं कि अमेरिका की ट्रम्प सरकार अब शटडाउन के हालात से जूझ रही है। रिपब्लिकन और डेमोक्रेट सांसद बजट पर सहमति बनाने में नाकाम रहे हैं, जिसके बाद सरकारी कामकाज एक अक्टूबर से ठप हो गया है। इस गतिरोध ने पूरे देश में दिक्कतें खड़ी कर दी हैं। हवाई यात्रा से लेकर चिड़ियाघर तक, लगभग हर क्षेत्र इससे प्रभावित दिख रहे हैं। इस शटडाउन से सबसे ज्यादा मार सरक.ारी कर्मचारियों पर पड़ी है। करीब 40 प्रतिशत यानी साढ़े सात लाख कर्मचारी बिना वेतन के घर बैठने को मजबूर हो गए हैं। सुरक्षा और सीमा से जुड़े अधिकारी, अस्पतालों का स्टाफ और एयर ट्रैफिक कंट्रोलर जैसे जरूरी कर्मचारी डड्ढूटी तो करेंगे, लेकिन उन्हें वेतन तभी मिलेगा जब शटडाउन खत्म होगा। पिछले शटडाउन में कई कर्मचारियों ने दूसरी अस्थायी नौकरियां तक पकड़ ली थीं। जब अमेरिकी सीनेट (संसद) से साल का फंडिंग बिल पास नहीं होता, तो कुछ खर्चे रोकने पड़ते हैं। इसे ही शटडाउन कहा जाता है। इस दौरान सरकार के कुछ काम बंद हो जाते हैं। शटडाउन का असर सोशल सिक्योरिटी से लेकर एयर ट्रैवल सहित कई चीजों पर पड़ता है। यह टकराव हेल्थकेयर सब्सिडी और मेडिकेड फंडिंग को लेकर है। ट्रम्प की पार्टी मेडिकेड में कटौती चाहती है, जबकि डेमोक्रेटिक पार्टी सब्सिडी बढ़ाने की मांग कर रही है। डेमोक्रेट्स का कहना है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, वे खर्च से जुड़े बिल को मंजूरी नहीं देंगे। अमेरिका की सीनेट में फंडिंग बिल पास कराने के लिए 60 वोट चाहिए थे, लेकिन ट्रम्प की पार्टी को सिर्फ 55 वोट ही मिल पाए जबकि विरोध में 47 वोट पड़े। सीनेट में 100 सदस्य हैं, जिनमें 53 रिपब्लिकन, 47 डेमोक्रेट्स और 2 निर्दलीय सांसद शामिल हैं। इस नतीजे से बिल पास नहीं हो सका। बता दें कि साल 2018 में भी ट्रम्प सरकार को ऐसे ही हालात झेलने पड़े थे, जब अमेरिका-मैक्सिको बॉर्डर पर दीवार बनाने के लिए फंडिंग नहीं मिल पाई थी। उस वक्त शटडाउन 35 दिनों तक चला था। अमेरिका में नया वित्तीय वर्ष 1 अक्टूबर से शुरू होता है। अगर समय पर फंडिंग बिल पास नहीं हुआ, तो करीब 8 लाख सरकारी कर्मचारी बिना वेतन छुट्टी पर भेजे जा सकते हैं। अमेरिका में हुए शटहाउन का सबसे ज्यादा असर रक्षा विभाग के कर्मचारियों पर पड़ता दिख रहा है। लगभग 3.34 लाख कर्मचारियों को फर्लो पर भेजा गया है, जबकि करीब 4 लाख को ड्यूटी पर रखा गया है।

## भारत की तुलना चीन से करना सही नहीं



भारत जैसे विविधताओं से भरे देश को लोकतंत्र की जरूरत है, लेकिन वर्तमान समय में यह व्यवस्था सभी तरफ से दबाव और हमले झेल रही है, भारत की तुलना चीन से करना सही नहीं है, चीन एक केंद्रीकृत और एकरूप प्रणाली पर चलता है, भारत विकेंद्रीकृत है, यहां कई भाषाएं, धर्म और परंपराएं हैं, भारत का सिस्टम बहुत जटिल है, हमारी ताकत इसी विविधता में है, हम चीन की तरह लोगों को दबाकर तानाशाही नहीं चला सकते, भारत का ढांचा लोकतांत्रिक है और इसे वही तरीका चाहिए, जिसमें सबको जगह और सम्मान मिले, भारत एक संवाद है, जहां अलग-अलग धर्म, विचार और परंपराएं साथ रहती हैं।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# राहुल की कोलंबिया यात्रा से चीन तक




**पवन सिंह**

देश के मेंन स्ट्रीम मीडिया और आई टी सेल ने मिलकर जितना नुकसान भारत का किया है, उतना कोई बदनाम खुफिया एजेंसी ने कर सकी। झूठे नैरेटिव सेट करना और उन्हें फ्लोट करना व मूल सवालों से मुंह चुराते हुए भाग जाना जैसी नापाक हरकतों ने इस मुल्क के सामा.जिक, आर्थिक राजनीतिक, धार्मिक और सामरिक हितों को बहुत गहरे नुकसान पहुंचाया है। अब राहुल गांधी के कोलंबिया दौरे पर एक घटिया नैरेटिव सेट किया जा रहा है। वैसे एक नया फैशन चल निकला है। आपने सवाल पूछें नहीं कि आप देशद्रोही हुए। वो सब देशद्रोही हैं जो 89 तक गिर चुकी भारतीय करेंसी पर सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही हैं जो लाखों हेक्टेयर जंगल काटने पर सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही है जो अडानी को पूरा देश लुटा देने पर सवाल करते हैं। वो सब देशद्रोही हैं जो चीन द्वारा समूचे मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को चबा जाने पर सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही हैं जो आपरेशन सिंदूर के सच को जानते हैं और सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही हैं कि एक क्यूबा जैसे देश के नागरिकों को अमेरिका हथकड़ी लगाकर भेजने की हिम्मत न कर सका लेकिन भारतीयों को जानवरों की तरह सैन्य विमान में भर कर हथकड़ी लगाकर फेंक दिया। भारत की धरती पर सैन्य परिवहन विमान उतरा और भारत सरकार की हैसियत नहीं थी कि रोक ले। एक भी पड़ोसी देश भारत के साथ न खड़ा हुआ। वो सब देशद्रोही हैं जो यह सवाल करते हैं कि एक के बाद एक संवैधानिक संस्थाओं को तबाह क्यों किया गया। वो सब देशद्रोही हैं जो जानना चाहते हैं कि बीफ निर्यात में भारत नंबर वन क्यों हुआ। बीफ कंपनियों से चंदा क्यों लिया। वो सब देशद्रोही हैं जो यह सवाल करते हैं कि पूनावाला के साथ क्या धंधा तय हुआ। राफेल की फाइल क्यों और कैसे गायब हुई। ऐसा कौन सा सच था जो मनोहर परिकर जान गए थे। रूपाणी और गुजरात वायु दुर्घटना का सच क्या है। चीफ आफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत का सच क्या है? पुलवामा क्या था? देवेन्द्र सिंह कहां गायब है? तत्कालीन सीआरपीएफ अभय प्रताप सिंह का छन्नीरामा कैंप को लेकर लिखा गया खत कहां गया? चीन ने अरुणाचल प्रदेश और लेह लद्दाख में कितनी जमीन हथिया ली। वामपंथ अपराध है? समाजवाद अपराध है? सेक्युलरिज्म अपराध है? ये अपराध है तो भगवापंथ क्या है? ऐसा कोई देश आपको विश्व में नहीं मिलेगा जो अपने देश के राष्ट्रपति/प्रधानमंत्री के विदेश आगमन पर इवेंट करवाकर ढोल मंजीरे बजवाता हो? उसमें एक दो भावुक होकर रोने वाले कलाकारों की जमात भी होती है। जिन्हें कैमरामैन शानदार तरीके से कवर करते हैं। कभी आपने चीन, अमेरिका, रूस, जापान, फ्रांस, जर्मनी के राजनयिकों को फोटोबाजी/शोशेबाजी करते देखा है? विभिन्न देशों के राजनयिक अपने देश के लिए यात्राएं करते हैं कुछ ऐसे भी होते हैं जो केवल अपने मित्र के लिए यात्राएं करते हैं। केन्या, आस्ट्रेलिया, लंका का मामला तो खुल ही चुका है। आखिरकार क्या कारण हैं कि भारतियों पर विदेशों में हमले अप्रत्याशित रूप से बढ़े हैं? कभी गो बैक इंडियन्स के नारे नहीं लगे। भारतियों को विदेशों में गजब का सम्मान मिलता रहा और अब अचानक उनसे नफरत क्यों बढ़ गई? रिजर्व बैंक से बार-बार रिजर्व फंड आखिरकार क्यों निकाला जा रहा है? भारत दुनिया का सबसे बड़ा कर्जदार देश कैसे बन गया? जब क्रूड आयल सस्ता है तो प्रति लीटर 65-66 रुपये का मुनाफाखोरी क्यों और किसके लिए? इलेक्ट्रोलर बांड का क्या खेल है?

आइए कोलंबिया पर भी बात कर लेते हैं कोलंबिया के साथ न तो भारत का कभी कोई युद्ध हुआ न ही कोलंबिया ने भारत पर कोई टैरिफ ठोका, लेकिन जिस चीन ने भारत को गहरी चोट दी बतौर गुजरात के मुख्यमंत्री आदरणीय मोदी जी आठ बार चीन क्यों गए? केंद्र की सत्ता में आने के 6 सालों के अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 18 बार मुलाकात हो चुकी है। पाकिस्तान बिरयानी खाने क्यों गए? कोलंबिया ड्रग्स सप्लाई करता है चलो ठीक है लेकिन 2014 से 2024 के 10 वर्षों में सात गुना बढ़ोजरी के साथ 24 लाख किलोग्राम ड्रग्स पकड़ी गई। ड्रग्स कौन भेज रहा है और कहां आप रही है? एक खास पोर्ट पर करोड़ों की ड्रग्स पकड़ी गई। कौन गिरफ्तार हुआ? कहां गई ड्रग्स? भारत के प्रभुत्व वाला सार्क संगठन चीन ने अंदरखाने कैसे भोथरा कर दिया? चीन से आगाह करने वाले वांगचुक को गिरफ्तार क्यों किया गया? जबरदस्त माउंटेन स्ट्राइकर गोरखाओं की सैन्य भर्तियां बंद क्यों? चार साल की सेना में नौकरी क्यों? भारत में बेरोजगारी अपने चरम पर क्यों?

अब तो कोई पड़ोसी तक नहीं सुनता है। भारत सरकार ने लंका से कहा कि हंबनटोटा बंद.रगाह पर चीन का सबसे शक्तिशाली टोही पोत को लंगर न डालने दे। इससे भारत की सुरक्षा को खतरा है। लंका ने ठेंगा दिखा दिया। नेपाल चीनी प्रभाव में चला गया। बांग्लादेश और मालदीव कन्नी काट गए। भूटान पर भी जबरदस्त चीनी प्रभाव है। चलते-चलते। अर्थव्यवस्था की छीछालेदर करेंगे। रोजी-रोजगार का सत्यानाश करेंगे। बेरोजगारी को महिमान्वित करेंगे, महंगाई पर खामोश रहेंगे और मुनाफाखोरों के साथ गलबहियां करेंगे। युवा नौकरियां मांगेगा तो लाठीचार्ज करेंगे और फिर कहेंगे कि जनता को भड़काया जा रहा है?

एक चुटकी मैं ले लूं और पूछ रहा हूं कि पीडीपी के साथ सरकार क्यों बनाई? कहीं कोई तो मानक व नैतिकता बरकरार रहती।



### मोदी जी से कुछ सवाल...

राफेल की फाइल क्यों और कैसे गायब हुई, ऐसा कौन सा सच था जो मनोहर परिकर जान गए थे। रूपाणी और गुजरात वायु दुर्घटना का सच क्या है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत का सच क्या है? पुलवामा क्या था?

चीन ने अरुणाचल प्रदेश और लेह लद्दाख में कितनी जमीन हथिया ली। वामपंथ अपराध है? समाजवाद अपराध है? सेक्युलरिज्म अपराध है? ये अपराध है तो भगवापंथ क्या है?

सत्ता में आने के 6 सालों के अंदर पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 18 बार मुलाकात हो चुकी है। पाकिस्तान बिरयानी खाने क्यों गए?

कोलंबिया ड्रग्स सप्लाई करता है, लेकिन 2014 से 2024 के 10 वर्षों में सात गुना बढ़ोतरी के साथ 24 लाख किलोग्राम ड्रग्स पकड़ी गई। ड्रग्स कौन भेज रहा है और कहां आ रही है? एक खास पोर्ट पर करोड़ों की ड्रग्स पकड़ी गई। कौन गिरफ्तार हुआ? कहां गई ड्रग्स?

**वो सब देशद्रोही हैं जो 89 तक गिर चुकी भारतीय करेंसी पर सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही हैं जो लाखों हेक्टेयर जंगल काटने पर सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही है जो अडानी को पूरा देश लुटा देने पर सवाल करते हैं। वो सब देशद्रोही हैं जो चीन द्वारा समूचे मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को चबा जाने पर सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही हैं जो आपरेशन सिंदूर के सच को जानते हैं और सवाल उठाते हैं।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मौसम से बचे तो सड़क पर कसैला होता है कश्मीरी सेब




**पंकज चतुर्वेदी**

बीते कुछ सालों से जलवायु परिवर्तन की मार से बेहाल धरती के स्वर्ग कहलाने वाले कश्मीर पर संकट मंडरा रहा है कि कहीं यहां का किसान सेबफल की बागवानी से तौबा न कर ले। पहले देर तक गर्मी पड़ी, फिर कम बर्फबारी और वह भी अल्प दिनों के लिए, इस सब विपदाओं से जूझते हुए जब शरद ऋतु के पतझड़ में उम्मीद के सेबफल आए तो रास्तों में लगे लम्बे जाम ने पुरे साल की मेहनत को सड़क पर फैंकने को मजबूर कर दिया। हालांकि इस साल कश्मीर का सेब दिल्ली तक रेल से लाने का प्रयोग हुआ है लेकिन इस सेवा का लाभ बहुत कम लोगों तक ही पहुंच पा रहा है।

भादो विदा हुआ तो पुलवामा, सौपोर, शोपियां जैसे जिलों में बर्फ गिरने से पहले पेड़ों पर लाल-गुलाबी और सुनहरे सेबफल झुमने लगे। इस समय सारा अपरिवर एकजुट हो कर पहले सेब तोड़ता है, फिर उसे छंटता है और लकड़ी की पेटियों में सुरक्षित पैक करता है। फिर इन्हें ट्रकों में चढ़ा दिया जाता है। इस साल अगस्त के आखिरी हफ्ते में जम आकर बरसात हुई और कश्मीर को जम्मू से जोड़ने वाले एकमात्र 270 किलोमीटर आल वेदर रोड पर नासिरी, उधमपुर सहित दर्जनों जगह इतना भूस्खलन हुआ कि कोई तीन हफ्ते रास्ता बंद रहा। इस बीच कोई दस हजार ट्रक सड़कों पर फंसे रहे, जिन गाड़ियों से बदबू आने लगती, सेब को आसपास की घटी में लुढ़का कर निराश लोग वापस आने की सोचते। उधर पुराना मुगल रोड इसके लायक नहीं रहता कि बरसात में उससे भारी वाहन ले जाए जा सकें। सौपोर को सेबफल की सबसे बड़ी मंडी कहा जाता है। कभी यहां इस समय कंधे छीलने वाली भीड़ और लोगों का शोर होता था। इस समय यहां सन्नाटा है, जो लोग हैं भी तो उनके चेहरे पर खुशी नहीं हैं। बम्पर फसल ले कर आए किसान कि चिंता है कि दाम सही नहीं मिलेगा। कारण, रास्ते बंद हैं और ऐसे में सड़क पर माल फेंकने से बेहतर है बड़े डीलर को औने-पौने दाम पर बेच दिया जाए। डिलेशियस एप्पल के दाम 1200 रुपया पेटी से घट कर 600 हो गए, जबकि जल्दी सड़ने वाले गल्ला और किसेट के तो खरीदार नहीं हैं। मजदूर के पास काम नहीं है तो ढुलाई करने वाले ट्रक चालक इंतजार का रहे हैं कि रास्ते खुलने की खबर आए। अभी 17 सितम्बर से रास्ता खुला तो हफ्ते भर तो जाम में फंसे ट्रकों को निकलने में ही लगेगा। संकट केवल इतना ही नहीं हैं, माल ढुलाई के दाम तिगुने से अधिक हो गए, साढ़े तीन सौ रुपए पेटी। जो ट्रक टूटे फूटे मुगल रोड से जाने को राजी है तो उनका भाडा ज्यादा है। शोपियां से नगर के 48 किलोमीटर वाले हाईवे पर अब सड़क नहीं दिख रही। चारों तरफ सेब की पेटियां और उससे निकलती बदबू का साम्राज्य हैं जिनके बीच कौए उछलते-कूदते दिख रहे हैं। जान लें यह दृश्य पिछले साल भी इसी समय ऐसा ही था।

कश्मीर में कोई 35 लाख लोग सेबफल के उत्पादन से जुड़े हैं जिसका सालाना व्यापार 11 हजार करोड़ का है। बदलते मौसम का मिजाज किस तरह आम लोगों के जीवन को प्रभावित करता है, इसकी कड़वी सच्चाई कश्मीर के बागानों में दिख जाती है। हालांकि इस साल कश्मीर में ट्रेन पहुंचने से उम्मीद की एक किरन तो जागी है, लेकिन उसकी अपनी व्यावहारिक दिक्कते हैं। 17 सितम्बर को बड़गाम से आठ बोगियों में सेब लेकर कार्गो पार्सल ट्रेन कोई 23 घंटे में सुबह लगभग सवा छह बजे दिल्ली के आदर्श नगर रेलवे पहुंची लेकिन वहां से बमुश्किल आधा किलोमीटर आजादपुर मंडी तक माल पहुंचने में पांच घंटे लगे। लालफीता शाही के चलते कंटेनर की चाबी आने, माल ढुलाई के लिए वाहनों की अनुमति आदि में इतना समय लग गया। दिल्ली-एनसीआर की सबसे बड़ी आजादपुर फल-सब्जी मंडी में प्रतिदिन तीन से लेकर साढ़े तीन हजार टन सेब की प्रतिदिन की मांग है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश से सामान्यत: हर रोज लगभग तीन सौ ट्रक सेब लेकर आजादपुर मंडी पहुंचते हैं। एक ट्रक में औसतन 10 से लेकर 14 टन सेब लाने की क्षमता है। पार्सल ट्रेन में पहले दिन सात बोगी में 161 टन व दूसरे दिन आठ बोगी में 184 टन सेब बड़गाम से दिल्ली पहुंच पाया है। फिर उधर कश्मीर में भे बडगाम से शोपियां की दूरी कोई 57 किलोमीटर है और उसके लिए ढुलाई और मजदूरी देना पड़ता हैं। इससे लागत पर असर पड़ रहा हैं। यदि सेब को दिल्ली के अलावा अन्य किसी शहर को भेजा जाना है तो एक बार फिर नए सिरे से ढुलाई होगी। कश्मीर के कुछ लोगो सुझाव देते हैं कि राज्य में कोल्ड स्टोरेज क्षमता बढ़ाई जाए। इस समय शोपियां, अनंतनाग, नगर और पुलवामा में कोई 85 कोल्ड स्टोरेज हैं जिनकी क्षमता चार लाख मेट्रिक टन है। अब यहां 20 किलो की एक पेटी को चार महीने के लिए रखने का किराया 180 रुपये होता है। अधिकांश कोल्ड स्टोरेज को बड़े डीलर पूरा बुक कर लेते हैं और आम किसान को अवसर मिलता नहीं। वैसे भी किराया उर और बार-बार मॉल ढुलाई के व्यय से बढे दाम बाजार में मिलते नहीं। जान लें सितम्बर में यदि माल रखा तो उसे दिसम्बर में उठाना होगा और उस समय भारी बर्फबारी के कारण फिर से सड़क-रास्ते विपदा में होते हैं और फलों की खपत भी कम हो जाती है। फिर कश्मीर के पारम्परिक सेब के मुकाबले में बाजार में वाशिंगटन एप्पल है जो लम्बे समय तक खराब नहीं होता और उसकी उपरी चमक ज्यादा होती हैं।

# मोदी से डरना बंद कीजिए, भागवत से खौफ खाइए



**श्रवण गर्ग**

देश को किस एक व्यक्ति की महत्वाकांक्षाओं को लेकर ज्यादा चिंतित होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यवाह मोहन भागवत की। मोदी की महत्वाकांक्षाएं उनके संघी अतीत पर हावी वर्तमान की भूमिका को देखते हुए नितांत 'व्यक्तिगत' और तात्कालिक स्वार्थ से प्रेरित नजर आती है। दूसरी ओर, हिंदुत्व और हिन्दू राष्ट्र की किसी भी कीमत पर स्थापना के प्रति भागवत की प्रतिबद्धता और आक्रामकता को देखते हुए उनकी महत्वाकांक्षाएं ज्यादा 'सामूहिक' और दीर्घकालिक उद्देश्यों से प्रेरित दिखाई पड़ती हैं। भागवत और मोदी दोनों ने अपने मंतव्य उजागर कर दिए हैं कि वे अनिश्चितकाल के लिए अपने पदों पर बने रहना चाहते हैं। भागवत ऐसा संघ के प्रावधानों के अनुसार करना चाहते हैं और मोदी अपनी इच्छा देश पर थोप कर भी ऐसा करना चाहते हैं। जिस तरह के संकेत मोदी इस समय दे रहे हैं उसके अनुसार उनकी 'इच्छा सत्ता' की आकांक्षा की पूर्ति में भागवत की भूमिका अति महत्वपूर्ण हो गई है।



भागवत द्वारा जारी संकेतों को 'डीकोड' करना हो तो संघ के उद्देश्यों 'हिंदू समुदाय को मजबूत करने के लिए हिंदुत्व की विचारधारा को फैलाना और भारतीय संस्कृति और उसके सभ्यागत मूल्यों को बनाए रखने के लिए आदर्श को बढ़ावा देना' की प्राप्ति के लिए मोदी की जरूरत अब क्षीण अथवा समाप्त हो चुकी है। संघ के शताब्दी वर्ष की तैयारियों को लेकर भागवत के उत्साह और संगठन के विकास में संघ-प्रमुख के योगदान के प्रति मोदी द्वारा लगातार व्यक्त किए जा रहे समर्पण भरे उद्गारों को इसी परिप्रेक्ष्य में पढ़ा भी जा सकता है। साल 2024 के लोकसभा चुनाव-परिणामों को लेकर तब किए गए दावों और कार्य-योजना के अनुरूप मोदी के नेतृत्व में बीजेपी को अगर चार सौ सीटें प्राप्त हो ही जातीं तो दोनों नेताओं की भूमिकाएं बदल भी सकतीं थीं। संघ और विपक्ष के भाग्य से वैसा हो नहीं पाया। शताब्दी वर्ष के दौरान संघ की गतिविधियों को व्यापक बनाने की रणनीति के पीछे भागवत की इस चिंता को पढ़ा जा सकता है कि तमाम दबावों के बावजूद मोदी अगर नेतृत्व का हस्तांतरण नहीं करते हैं तो संगठन का यथासंभव विस्तार अगले चुनावों (2029) के पहले तक पूरा कर लिया जाना चाहिए। देश की समस्त महत्वपूर्ण संस्थाओंध्संस्थानों में संघ के स्वयंसेवकों के प्रवेश और उन पर उनके नियंत्रण को लेकर राहुल गांधी कई बार चिंताएं व्यक्त करे चुके हैं। जाहिर है भागवत राहुल गांधी की चिंताओं से भी वाकिफ हैं और स्वयं के इस खौफ से भी कि केंद्र की सत्ता अगर बीजेपी के हाथ से खिसक गई तो उसका संघ के अस्तित्व पर क्या प्रभाव पड़ सकता है ? अपने शताब्दी वर्ष में संघ की योजना है कि संगठन की शाखाओं की संख्या को साठ हजार से बढ़ाकर एक लाख तक पहुंच दिया जाए।

आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि अपनी रणनीति के क्रियान्वयन में भागवत ने उन समर्पित और तपे-'तपाए गए' संघी-भाजपाइयों को जोड़ा है जो मोदी से नाराज हैं, जिन्हें लगभग निष्क्रिय 'मार्गदर्शक मण्डल' में खदेड़ दिया गया था। डॉ मुरली मनोहर जोशी को हाल में दिल्ली में आयोजित महत्वपूर्ण संगोष्ठी में भागवत द्वारा दिया गया सम्मान इसका ताजा उदाहरण है। भागवत जिस मूड में और मोदी जिस मुद्रा में हैं उसके अर्थ यह अर्थ भी निकाले जा सकते हैं कि उपराष्ट्रपति के पद पर संघ-समर्पित व्यक्तित्व की नियुक्ति से हुई शुरुआत अब थमने वाली नहीं है।

बीजेपी और संघ के क्षेत्रों में अवश्य ही गौर किया गया होगा कि भागवत के पचहत्तरवें जन्मदिन 11 सितंबर पर मोदी ने तो उनकी तारीफ में एक बड़ा आलेख लिखा जिसे देश भर के अखघ्बारों ने 'अनिवार्य' समझकर प्रकाशित भी किया।इसके पूर्व पंद्रह अगस्त को लाल कघ्लि से किए गए अपने संबा.ेधन में मोदी संघ के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा कर चुके थे। इसके विपरीत 17 सितंबर को जब मोदी ने पचहत्तर वर्ष पूरे किए तो देश पीएम के नाम भागवत के शुभकामना संदेश को तलाशता रह गया। जो नजर आ रहा है वह यह है कि मोदी की कमर संघ के सामने झुक रही है और भागवत का सीना छप्पन इंच का हो रहा है।

सही पूछा जाए तो देश को इस समय मोदी द्वारा सत्ता बचाने के लिए किए जा रहे असफल रक्षात्मक टोटकों से डरने के बजाय भागवत की सफल होतीं आक्रामक रणनीतियों से ज्यादा खौफ खाना चाहिए। भागवत और मोदी दोनों के बारे में जितना ज्ञान सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है उसमें एक बात उल्लेखनीय रूप से शामिल है कि दोनों ही नेता अपने प्रति व्यक्त किए गए सम्मान-असम्मान का चुकारा करना कभी नहीं भूलते। अत: दोनों नेताओं के बीच दिखाई पड़ रहे परस्पर अथवा एकतरफा सम्मान-प्रदर्शन को किसी आगामी शक्ति-प्रदर्शन के नतीजों तक के लिए 'सीजफायर' ही समझा जाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## अमेरिका में डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन के बीच टकराव बढ़ा

# साढ़े सात लाख कर्मचारी छुट्टी पर भेजे

### अमेरिकी सीनेट में शटडाउन खत्म करने का बिल दूसरी बार भी खारिज, कई सरकारी ऑफिस बंद हुए

**वाशिंगटन।** अमेरिका में करीब साढ़े 7 लाख सरकारी कर्मचारियों को छुट्टी (फरलो) पर भेज दिया गया है। इनमें से 3 लाख की छंटनी भी हो सकती है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार दूसरे दिन सरकार को फंड देने वाला बिल पास नहीं करा पाए हैं। इससे गैरजरूरी सरकारी कामकाज ठप हो गया है।

कृषि विभाग, श्रम विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, लायब्रेरी आफ कांग्रेस, सुप्रीम कोर्ट, फेडरल कोर्ट, अमेरिकी बाटनिकल गार्डन, पर्यावरण संरक्षण एजेंसी और राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान जैसी कई संस्थाओं और विभागों के आफिस बंद हो गए हैं। फंडिंग बिल पर दूसरी बार वोटिंग हुई। बिल के समर्थन में एक बार फिर से 55 और विरोध में 45 वोट पड़े।

इसे पास कराने के लिए 60 वोटों की जरूरत थी। इससे पहले मंगलवार को हुई वोटिंग में भी बिल पास नहीं हो पाया था, जिसके बाद अमेरिका में शटडाउन लागू हो गया। बुधवार देर रात पहले डेमोक्रेट्स के फंडिंग बिल पर वोट डाले गए, जिसमें वे स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी मांगें शामिल करना चाहते थे। इसके पक्ष में 46 और विरोध में 53 वोट पड़े। ये बिल भी पास



- फंडिंग बिल पर दूसरी बार वोटिंग हुई, बिल के समर्थन में एक बार फिर से 55 और विरोध में 45 वोट पड़े
- 100 सदस्यों वाली सीनेट में 53 रिपब्लिकन, 47 डेमोक्रेट और दो निर्दलीय सांसद हैं

नहीं हो पाया। सीनेट को अगले दो दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया है। अब शुक्रवार को बिल पर एक बार फिर वोटिंग होगी। 100 सदस्यों वाली सीनेट में 53 रिपब्लिकन, 47 डेमोक्रेट और 2 निर्दलीय सांसद हैं। दोनों निर्दलियों ने बिल के समर्थन में वोटिंग की। ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी को विपक्षी डेमोक्रेट्स सांसदों का समर्थन जरूरी था, लेकिन डेमोक्रेट्स ने बिल के खिलाफ वोट किया।

**मेजोरिटी लीडर जॉन थ्यून:**

डेमोक्रेट्स ने अपने कट्टर वामपंथी समर्थकों के सामने झुककर संघीय सरकार को बंद कर दिया। सेना, बार्डर पेट्रोल एजेंट और एयर ट्रैफिक कंट्रोलर बिना वेतन के काम कर रहे हैं। डेमोक्रेट्स ने अमेरिकी लोगों को बंधक बना लिया है। उन्हें लगता है कि इससे उन्हें राजनीतिक रूप से लाभ होगा।

**माइनॉरिटी लीडर चक शूमर:**

डोनाल्ड ट्रम्प और रिपब्लिकन ने हमें शटडाउन की ओर धकेल दिया है। वे अमेरिका के स्वास्थ्य देखभाल की रक्षा से इनकार करते हैं। रिपब्लिकन, डेमोक्रेट्स को उनकी स्वास्थ्य देखभाल मांगों से पीछे हटने के लिए धमका नहीं पाएंगे।

**स्पीकर माइक जॉनसन:**

यह सब पूरी तरह से टाला जा सकता था। डेमोक्रेट्स को वही साधारण फंडिंग बिल पास करना चाहिए जो हाउस में पास हुआ था। सरकार का खुला रहना या दोबारा खुलना पूरी तरह उनके हाथ में है। वाशिंगटन में सरकारी शटडाउन के बाद नेशनल आर्काइव्स के सामने ब्सवेम का बोर्ड लगा है। अमेरिका में सरकार को हर साल अपना बजट पास कराना पड़ता है। अगर संसद बजट पर सहमत नहीं होती, तो फंडिंग बिल पास नहीं होता और सरकार को मिलने वाला पैसा रुक जाता है। इस वजह से कुछ सरकारी विभागों और सेवाओं को पैसे नहीं मिलते। गैर-जरूरी सेवाओं को बंद कर दिया जाता है। इसे ही सरकारी शटडाउन कहा जाता है। रिपब्लिकन पार्टी सीनेट में आज देर रात एक बार फिर से फंडिंग बिल पर वोट कराने की तैयारी में है। रिपब्लिकन नेताओं ने कहा है कि जब तक डेमोक्रेट्स बिल को समर्थन नहीं देंगे, तब तक इस बिल को रोजाना पेश किया जाएगा। ट्रम्प ने इस शटडाउन के लिए डेमोक्रेट्स को जिम्मेदार ठहराया है। वे पहले ही सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की धमकी दे चुके है। अमेरिका में 2019 के बाद सरकारी शटडाउन लगा है। इससे पहले ट्रम्प के कार्यकाल में ही 35 दिन का शटडाउन लगा था।



चेन्नई। महात्मा गांधी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करतीं छात्राएं।

## इजरायल ने पूर्व पाक सांसद को किया गिरफ्तार

**तेल अवीव।** इजरायल ने पाकिस्तान के पूर्व सीनेटर मुश्ताक अहमद खान को बुधवार रात गिरफ्तार कर लिया है। वे पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग के साथ राहत सामग्री से लदे 13 जहाज लेकर गाजा जा रहे थे। इस छापेमारी में ग्रेट समेत 37 देशों के 150 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। ये सभी 47 जहाज वाले समुद्र फ्लोटिला (जहाजी बेड़े) का हिस्सा हैं।

इनका मकसद इजरायल की नाकाबंदी तोड़कर गाजा में मदद पहुंचाना है। इजरायल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि सभी जहाज सुरक्षित रोक लिए गए हैं और यात्री इजरायली बंदरगाह पर भेजे जा रहे हैं। मंत्रालय ने यह भी पुष्टि की कि ग्रेटा थनबर्ग और उनके साथी सुरक्षित और स्वस्थ हैं। फ्लोटिला

- पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग भी हिरासत में, राहत सामग्री से लदे जहाज लेकर गाजा जा रहे थे

के प्रवक्ताओं का कहना है कि यह अभियान गाजा तक मानवीय सहायता पहुंचाने और इजरायल की नाकाबंदी को तोड़ने के लिए शुरू किया गया था। प्रवक्ता सैफ अबुकेशेक ने बताया कि अब तक 13 जहाजों को रोका जा चुका है, लेकिन करीब 30 जहाज अभी भी समुद्र में हैं और गाजा पहुंचने के लिए रास्ते में हैं। उन्होंने बताया कि रात 8:30 बजे (गाजा के समय के मुताबिक) कुछ जहाजों को इजरायली फोर्स ने रोककर कब्जे में ले लिया। इसके बाद कई जहाजों से संपर्क भी टूट गया।

## संक्षिप्त समाचार

### दक्षिण अफ्रीका के राजदूत पेरिस होटल के नीचे मृत पाए गए

**पेरिस।** दक्षिण अफ्रीका के राजदूत नकोसिनथी इमैनुएल नाथी मथेथ्वा फ्रांस के पेरिस होटल के नीचे मृत पाए गए हैं। इस हादसे के बाद फ्रांस के वकील उनकी मौत की कड़ियों को जोड़ने के लिए सबूत जुटाने में लगे हुए हैं। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, शुरुआती जांच में अधिकारियों ने कहा कि सोमवार को मथेथ्वा पेरिस के ऊंचे होटल से नीचे गिर गए थे।

### डबलिन में भारतीय दूतावास ने गांधी जयंती मनाई

**डबलिन।** आयरलैंड की राजधानी डबलिन में कार्यरत भारतीय दूतावास में महात्मा गांधी की जयंती पर गुरुवार को उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर राजदूत अखिलेश मिश्र ने वहां उपस्थित लोगों को बापू के विचारों के बारे में बताया और कहा कि भारतीय समाज में फैलती बहुआयामी असहिष्णुता और बढ़ते विद्वेषपूर्ण राजनीतिक ध्रुव. ीकरण को शांत करने के लिए गांधी जी के तीन अराजनीतिक विचार अत्यन्त प्रासंगिक हैं।

### पिछले तीन दशकों में वृद्धजनों की संख्या दोगुनी हुई

**न्यूयार्क।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस प्रत्येक वर्ष 1 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि पिछले तीन दशकों में 60 वर्ष या उससे अधिक की आयु के लोगों की संख्या दोगुनी से भी ज्यादा बढ़कर 1.2 अरब हो गई है और 2050 तक इसके 2.1 अरब तक पहुंचने का अनुमान है।

## कट्टरपंथी को बढ़ावा दे रहा पाक

**जिनेवा।** पाकिस्तान का यूरोपीय देशों में मिला व्यापार प्राथमिकता वाले देश का दर्जा छिन सकता है। दरअसल यूरोप के कई सांसदों ने पाकिस्तान में मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन, कट्टरपंथ को बढ़ावा देने जैसे आरोप लगाए। यूरोपीय सांसदों ने कहा कि पाकिस्तान के व्यापार प्राथमिकता वाले जीएसपी प्लस दर्जे को अस्थाई तौर पर वापस ले लेना चाहिए और पाकिस्तान द्वारा कट्टरपंथ पर रोक लगाने के बाद ही इसे बहाल किया जाना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 60वें सत्र से इतर एक कार्यक्रम में यूरोपीय संसद की सदस्य बारबरा बोन्टे ने यूरोपीय संघ को चेताया कि यूरोप द्वारा पाकिस्तान को शिक्षा के लिए दी जा रही आर्थिक मदद वहां चरमपंथ और धार्मिक शिक्षा को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में बड़ी संख्या में

- यूरोपीय सांसदों ने की जीएसपी प्लस दर्जा खत्म करने की मांग

मदरसे खुल रहे हैं, जो धार्मिक कट्टरपंथ को बढ़ावा दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यूरोपीय संघ द्वारा विकासशील देशों को सतत विकास और सुशासन के लिए सामान्ईकृत वरीयता योजना प्लस (जीएसपी+) का दर्जा दिया जाता है। इसके तहत विकासशील देशों को मानवाधिकार, श्रम अधिकार, पर्यावरण, सुशासन आदि पर अंतर्राष्ट्रीय नियमों का पालन सुनिश्चित करना होता है। इसके बदले में यूरोपीय संघ के देश जीएसपी प्लस दर्जा प्राप्त देशों से होने वाले आयात पर आयात शुल्क घटाकर शून्य कर देते हैं। पाकिस्तान को जीएसपी प्लस दर्जे से काफी फायदा होता है और उसका सामान बिना किसी शुल्क के यूरोपीय संघ के देशों के बाजार में पहुंचता है।

# कतर पर हमला अब अमेरिका पर माना जाएगा

### इजरायली हमले के बाद ट्रम्प ने सुरक्षा गारंटी दी, नेतन्याहू से माफी भी मंगवाई थी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें कहा गया है कि अगर कतर पर किसी भी तरह का हमला होता है तो अमेरिका उसकी रक्षा करेगा। आदेश में कहा गया है कि कतर पर हमला अमेरिका की शांति और सुरक्षा के लिए खतरा माना जाएगा।

इसमें यह भी जोड़ा गया है कि हमले की स्थिति में अमेरिका सभी तरह के उपाय करने के लिए तैयार रहेगा, चाहे वो राजनयिक हों, आर्थिक हों या फिर जरूरत पड़ने पर सैन्य कार्रवाई ही क्यों न करनी पड़े। इजरायल ने 9 सितम्बर को दोहा में हमास आतंकियों को निशाना बनाकर हमला किया था, जिसमें 6 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद ट्रम्प पर कतर की सुरक्षा का दबाव बढ़ गया था। इसके बाद ट्रम्प ने 29 सितम्बर को इजरायली पीएम नेतन्याहू से कतर के पीएम शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी को फोन कराकर माफी भी मंगवाई थी। नेतन्याहू तब ट्रम्प ने मिलने व्हाइट हाउस पहुंचे थे। एक दिन बाद व्हाइट हाउस ने इससे जुड़ीं



**हमले की स्थिति में अमेरिका सभी तरह के उपाय करने के लिए तैयार रहेगा, चाहे वो राजनयिक हों, या आर्थिक हों**

तस्वीरें भी जारी की। ट्रम्प के कार्यकारी आदेश पर दस्तखत करने के फैसले के बाद कतर के विदेश मंत्रालय ने इसे दोनों देशों के रक्षा संबंधों को मजबूत करने वाला कदम बताया। कतर के मशहूर चैनल अल-जजीरा ने इसे इजरायली हमले के बाद सुरक्षा की अमेरिकी गारंटी करार दिया। इससे पहले ट्रम्प ने कतर के शासक शेख तमीम बिन हमद अल थानी से भी फोन पर बातचीत भी की। हालांकि व्हाइट हाउस ने बातचीत की डिटेल शेयर नहीं की, लेकिन कतर ने कहा कि दोनों नेताओं ने गाजा युद्ध में सीजफायर की कोशिशों पर चर्चा की ट्रम्प के कतर को सुरक्षा गारंटी देने की अहमियत को लेकर सवाल उठ रहे हैं। अमेरिका में आमतौर पर किसी भी रक्षा संधि को कानूनी रूप से मान्यता देने के लिए संसद की मंजूरी जरूरी होती है। हालांकि कई बार राष्ट्रपति खुद ही ऐसे समझौते कर लेते हैं, जैसे बराक ओबामा ने संसद की मंजूरी के बिना ही 2015 में ईरान के साथ परमाणु समझौता किया था। लेकिन आखिर में सैन्य कार्रवाई करना या न करना पूरी तरह राष्ट्रपति के हाथ में होता है। यही वजह है कि ट्रम्प के इस आदेश को लेकर संदेह बना हुआ है, क्योंकि पहले भी उनके कार्यकाल में नाटो जैसे पुराने समझौतों की विश्वसनीयता पर सवाल उठ चुके हैं। ट्रम्प के फैसले की अमेरिका में आलोचना भी हुई। ट्रम्प की करीबी और विवादित दक्षिणपंथी कार्यकर्ता लारा लूमर ने सोशल मीडिया पर लिखा कि 'मैं कतर के लिए मरना नहीं चाहती, क्या आप चाहते हैं?' वाल स्ट्रीट जर्नल के संपादकीय बोर्ड ने भी इसे बिना सार्वजनिक बहस के अचानक लिया गया फैसला बताया।

## 130 फलस्तीन एक्शन समर्थकों पर आतंकवाद का लगा आरोप

**लंदन।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन में प्रतिबंधित फिलीस्तीन समर्थक समूह 'फिलीस्तीन एक्शन' के 134 समर्थकों पर आतंकवादी संगठन को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है। लंदन पुलिस ने यह जानकारी दी है। इस समूह को ब्रिटेन में उस समय आतंकवादी संगठन घोषित किया गया था जब फलस्तीन एक्शन के समर्थन में विरोध प्रदर्शन जुलाई में शुरू किए गए थे। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कल एक बयान में कहा कि कुल 20 और लोगों के खिलाफ आरोप लगाये गए है। मेट के आतंकवाद निरोधी कमान के अधिकारियों ने इन लोगों को गिरफ्तार किया और प्रतिबंधित समूह फलस्तीन एक्शन को समर्थन देने की संलिप्तता की जांच की जा रही है।

# POK में 25 पाक सैनिकों को बंधक बनाया

### सब्सिडी कटौती का विरोध तय हुआ, सेना के रास्ते बंद किए, आंदोलन में 10 की मौत, 100 घायल

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओ.के) में बुनियादी जरूरतों पर सब्सिडी कटौती का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों के 25 सैनिकों को बंधक बना लिया है। इन जवानों को मानव ढाल की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे सुरक्षा बल कोई सीधी कार्रवाई नहीं कर पा रहे। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि खुफिया एजेंसियां आंदोलन को तोड़ने के लिए गुप्त हमले करा रही हैं। सादे कपड़ों में आए अज्ञात लोग नेताओं को निशाना बनाते हैं और भीड़ में अफरातफरी फैलाते हैं। चार दिन जारी इन प्रदर्शनों में अब तक 10 लोग मारे जा चुके हैं और 100 घायल हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कल बाघ जिले के धीरकोट में 4 लोग मारे गए, मुजफ्फराबाद में 2 और मीरपुर में



2 मौतें हुईं। ये प्रदर्शन जम्मू-कश्मीर जाइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेकेजेएएसी) की अपील पर हो रहे हैं। प्रदर्शनकारी सरकार पर मौलिक अधिकारों की अनदेखी और महंगाई कंट्रोल न कर पाने का आरोप लगा रहे हैं। लोगों का हुजूम आज पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद की तरफ मार्च कर रहा है। इन्होंने सरकार के सामने 38 मांगें रखी हैं, जिनमें पीओके विधानसभा की 12 रिजर्व सीटें खत्म करने की मांग शामिल है। सरकार के सामने 38 मांगें रखी हैं, जिनमें 3 प्रमुख हैं- पाकिस्तान में बसे कश्मीरी शरणार्थियों के लिए बनी 12 विधानसभा सीटें खत्म करने की मांग। बिजली परियोजनाओं में लोकल लोगों के फायदे को ध्यान रखा जाए। आटे और बिजली के बिलों पर छूट देने की मांग, क्योंकि महंगाई से लोग परेशान हैं। गुरुवार सुबह भी प्रदर्शन का पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद की तरफ मार्च जारी रहा। पीओके में सेना की गोलीबारी में मारे गए लोगों के लिए प्रार्थना की गई। ये सीटें भारत के हिस्से वाले जम्मू-कश्मीर के शरणार्थियों या प्रवासियों के लिए आरक्षित हैं। ये लोग 1947, 1965, 1971 युद्ध या बाद के संघर्षों की वजह से भारत से पीओके चले गए थे। आरक्षित सीटों के कारण स्थानीय आबादी का प्रतिनिधित्व कम हो जाता है। स्थानीय लोग चाहते हैं कि उनकी समस्याओं और जरूरतों के लिए अधिक विधायक चुने जाएं। जेकेजेएएसी का कहना है कि रिजर्व सीटें होने से कुछ ही परिवारों को फायदा मिल रहा है। जेकेजेएएसी नेता शौकत नवाज मीर ने कहा-यह सरकार राक्षस बन चुकी है। यह अपने ही लोगों को मार रही है, मीडिया को चुप कर रही है और हम पर गोलीबारी कर रही है।

# भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाक को किया बेनकाब

### मानवाधिकारों में सबसे खराब रिकॉर्ड वाला देश बताया

**जिनेवा।** भारत ने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 60वें सत्र में मानवाधिकारों के मुद्दे पर पाकिस्तान के पाखंड को बेनकाब किया। भारत ने पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न को उजागर करते हुए उसकी तीखी आलोचना की।

भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए, राजनयिक मोहम्मद हुसैन ने कहा कि यह विडंबना ही है कि मानवाधिकारों के मामले में सबसे खराब रिकॉर्ड वाला देश दूसरे देशों को उपदेश देने की कोशिश कर रहा है। भारतीय राजनयिक मोहम्मद हुसैन ने मानवाधिकार परिषद की 34वीं बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि वे (पाकिस्तान) भारत के खिलाफ मनगढ़ंत आरोप लगाकर इस मंच का दुरुपयोग करते हैं, जो उनके पाखंड को ही उजागर करता है।

- भारत ने पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न को उजागर किया

दुष्प्रचार का सहारा लेने के बजाय, पाकिस्तान को अपने ही देश में हो रहे धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों के खिलाफ 'राज्य प्रायोजित उत्पीड़न और व्यवस्थित भेदभाव' की तरफ देखना चाहिए। गौरतलब है कि मानवाधिकार परिषद का यह सत्र ऐसे समय आयोजित हो रहा है, जब पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में असंतोष के हालात हैं और बीते कई दिनों से वहां विरोध प्रदर्शन और हिंसा हो रही है, जिसमें कई लोगों की हत्या कर दी गई है। यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) के प्रवक्ता नासिर अजीज खान ने यूएनएचआरसी को संबोधित करते हुए, पीओके में पाकिस्तान के बढ़ते दमन के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय हस्तक्षेप की मांग की। खान ने पीओके में हालिया विरोध प्रदर्शनों पर बात की, जिसमें 29 सितम्बर को संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी के नेतृत्व में पूर्ण बंद और चक्का जाम हड़ताल की गई। उन्होंने इस्लामाबाद पर असहमति को दबाने के लिए सेना तैनात करने, इंटरनेट सेवाएं बंद करने और संचार व्यवस्था ठप करने का आरोप लगाया। खान ने कहा कि पीओजेके में 30 लाख से ज्यादा कश्मीरी घेरे में हैं, जबकि विदेशों में 20 लाख लोग अपने परिवारों से कटे हुए हैं। पीओके में बिजली की दरों में कमी, सब्सिडी वाले गेहूं के आटे और बेहतर स्वास्थ्य सेवा जैसी मांगों को लेकर कई दिनों से विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं।

# 500 अरब डॉलर का आंकड़ा छूने वाले पहले शख्स बने मस्क



**वाशिंगटन।** टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क दुनिया के पहले ऐसे व्यक्ति बन गए हैं, जिनकी कुल संपत्ति 500 अरब डॉलर तक पहुंच गई। यह उपलब्धि उन्हें टेस्ला के शेयरों में तेजी और उनकी दूसरी टेक कंपनियों के तेजी से बढ़ते मूल्यांकन की वजह से मिली। फोर्ब्स के अरबपतियों की सूची के अनुसार, बुधवार शाम सवा चार बजे (पश्चिमी समयानुसार) तक मस्क की संपत्ति 500.1 अरब डॉलर थी। मस्क की संपत्ति का बड़ा हिस्सा टेस्ला से जुड़ा है। 15 सितम्बर तक मस्क के पास टेस्ला में 12.4 फीसदी से ज्यादा हिस्सेदारी थी।

टेस्ला के शेयर इस साल अब तक 14 फीसदी से ज्यादा बढ़े हैं और इसमें 3.3 फीसदी की और तेजी आई, जिससे मस्क की संपत्ति में एक दिन में छह अरब डॉलर से ज्यादा का इजाफा हुआ। साल की शुरुआत में टेस्ला के शेयरों में गिरावट देखी गई थी। लेकिन अब उनमें फिर से मजबूती आई है। निवेशकों का भरोसा तब और बढ़ा, जब मस्क ने फिर से अपने कारोबार की ओर ध्यान देना शुरू किया है। टेस्ला के निदेशक मंडल की अध्यक्ष राबिन डेनहोल्म ने पिछले महीने कहा था कि मस्क अब कंपनी में फिर से पूरी तरह से सक्रिय हो चुके हैं। इससे पहले वह कुछ महीनों तक व्हाइट हाउस से जुड़े कामों में व्यस्त थे। इसके कुछ ही दिन बाद मस्क ने करीब एक अरब डॉलर के टेस्ला शेयर खरीदने की जानकारी दी, जो टेस्ला के भविष्य को लेकर उनके मजबूत भरोसे को दिखाता है। कंपनी अब पारंपरिक कार निर्माता से आगे बढ़कर एआई और रोबोटिक्स की दुनिया में बड़ी ताकत बनने की दिशा में काम कर रही है। हालांकि, कारों की घटती बिक्री और लगातार मुनाफे पर दबाव की वजह से टेस्ला के शेयरों को नुकसान हुआ है। इसी कारण श्मैग्निफिसेंट सेवनश कहे जाने वाले बड़ी टेक कंपनियों के समूह में इसके शेयर सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाले शेयरों में से एक रहे हैं। टेस्ला के निदेशक मंडल ने पिछले महीने एलन मस्क के लिए एक ट्रिलियन डॉलर (लगभग 83 लाख करोड़ रुपये) की मुआवजा योजना प्रस्तावित किया था

**फोर्ब्स के अरबपतियों की सूची के अनुसार एक ही दिन में छह अरब डॉलर से ज्यादा का इजाफा**

## पीओके में गोलीबारी में आठ प्रदर्शनकारियों की मौत

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर के कई शहरों और कस्बों में गरीबी और बदइंतजामी से नाराज होकर सड़क पर प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पाक सुरक्षा बलों की गोलीबारी की अलग-अलग घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार जम्मू और कश्मीर अवामी एक्शन कमेटी (जेकेएएसी) के प्रमुख नेता शौकत नवाज मीर के आह्वान पर इन नाराज लोगों ने कई इलाकों से मुजफ्फराबाद की ओर एक लंबा मार्च शुरू किया था। अपुष्ट सूत्रों के अनुसार कोटली इलाके में रावलकोट और बाग से मुजफ्फराबाद की ओर कूच कर रहा करीब दो हजार लोगों का काफिला जब धीरकोट इलाके में पहुंचा तो पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी करनी शुरू कर दी। इस घटना में चार नागरिक मारे गए और लगभग सोलह घायल हो गए। धीरकोट में हुई हिंसा के विरोध में जब मुजफ्फराबाद के लाल चौक पर लोगों ने धरना दिया तो पुलिस ने धरना दे रहे इन लोगों पर गोलीबारी की और आंसू गैस के गोले दागे।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108